बुधवार, 6 अगस्त 2025

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, श्रावण शुक्लपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 34 |
| आर्द्रता | 82% |
| सूर्योदय: 5:09 | सूर्यास्त: 18:15 |



भारत और फिलीपीन ने रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : जीवन वहां से शुरू होता है जहां से आपके मन का भय समाप्त होता है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# उत्तरकाशी में कुदरत का कहर

## सैलाब में बहे होटल-घर, 4 की मौत, 70 लापता





**उत्तरकाशी :** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में धराली गांव में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। ऊंचाई वाले इलाके में बादल फटा, जिससे खीरगंगा नदी में सैलाब आ गया। पहाड़ से तेजी के साथ नीचे उतरा पानी अपने साथ 20-25 होटल, घर और होम स्टे को बहा ले गया। धराली का मुख्य बाजार पूरी तरह तबाह हो गया है। प्रसिद्ध कल्प मंदिर भी मलबे में बह गया है। चार लोगों की मौत हुई है और 70 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इसके कुछ देर बाद सुखी टॉप पर भी बादल फटने की घटना सामने आई, लेकिन उसमें किसी तरह के नुकसान की अभी जानकारी नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात कर स्थिति की जानकारी ली है और हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 1:50 बजे गांव के ऊपर बादल फटा। इसके बाद महज 20 सेकंड के भीतर खीरगंगा नदी का पानी और मलबा मुख्य बाजार की ओर मुड़ गया। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर दौड़ रहे थे, लेकिन इससे पहले कि वे सुरक्षित जगह पर पहुंच पाते, सैलाब ने सब कुछ तबाह कर दिया। वहां मौजूद कई होटल, रिसॉर्ट, दुकानें, घर और सेब के बगीचे जमींदोज हो गए। वहां चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते पूरा बाजार मलबे के ढेर में तब्दील हो गया। सेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पुलिस-प्रशासन की टीमें युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तरकाशी के धराली में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह उत्तरकाशी के धराली में अचानक आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की कुशलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने प्रभावित लोगों को पूरी मदद का आश्वासन दिया है। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ''मैं उत्तरकाशी के धराली में हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही, मैं सभी प्रभावित लोगों की कुशलता की कामना करता हूं। मैंने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जी से बात की है और स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''लोगों को सहायता पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

### जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन

**नयी दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। मलिक के निजी स्टाफ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहने के अलावा गोवा, बिहार, मेघालय और ओडिशा के राज्यपाल के पदों पर रहे मलिक का अपराह्न एक बजकर 12 मिनट पर यहां राम मनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। स्टाफ ने बताया कि वह लंबे समय से अस्पताल के आईसीयू में थे और उनका विभिन्न बीमारियों का इलाज किया जा रहा था।

# बंगाल को बिहार समझने की कोशिश मत करना : ममता

## एसआईआर पर मुख्यमंत्री का केन्द्र पर तीखा हमला

**पश्चिम मेदिनीपुर :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। बाढ़ प्रभावित पश्चिम मेदिनीपुर के घाटाल के दौरे पर उन्होंने बिहार में चल रहे 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) को एक साजिश करार दिया और दावा किया कि इसे बंगाल में लागू करने की कोशिश एनआरसी जैसी प्रक्रिया थोपने का प्रयास है। ममता ने दो टूक कहा कि वह इसे अपने राज्य में किसी कीमत पर लागू नहीं होने देंगी, क्योंकि इससे सभी धर्मों के लोग प्रभावित होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाली भाषा बोलने वाले लोगों को 'बांग्लादेशी' बताकर निशाना बनाया जा रहा है। ममता ने चुनाव आयोग पर भी सवाल खड़े किए कि वह केंद्र की इस रणनीति में साझेदार बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जब वह इस अन्याय के खिलाफ बोलती हैं तो उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाने की मांग तक उठाई जाती है। ममता बनर्जी ने बिहार में चल रहे एसआईआर यानी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को एनआरसी का नया रूप बताया और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इसे बंगाल में भी लागू करने की योजना बना रही है। उनका कहना था कि यह एक सुनियोजित प्रयास है, जिससे आम लोगों को दस्तावेज़ों के नाम पर परेशान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर किसी के पास अपने माता-पिता के जन्म प्रमाणपत्र नहीं होते। इससे सभी वर्गों के लोग खासकर गरीब तबका मुश्किल में आ जाएगा। ममता बनर्जी के द्वारा इस मामले में बिहार का जिक्र करते हुए कहा अपने यहां किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देंगी।

### मेदिनीपुर में बाढ़ के लिए ममता ने फिर ठहराया डीवीसी को जिम्मेदार



पश्चिम मेदिनीपुर के बाढ़ग्रस्त घाटाल का दौरा करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को केंद्र सरकार और दामोदर वैली कॉरप-रेशन (डीवीसी) पर बाढ़ की स्थिति के लिए सीधा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस इलाके में बाढ़ का असली कारण डीवीसी की ओर से बिना बताए छोड़ा गया पानी है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अब और सहन नहीं किया जाएगा, 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। ममता ने आरोप लगाया कि यदि डीवीसी ने समय पर ड्रेजिंग कराई होती, तो जलधारण क्षमता कम से कम 10 हजार क्यूसेक मीट्रिक टन और बढ़ाई जा सकती थी। उन्होंने कहा कि डीवीसी ने पिछले 20 वर्षों से ड्रेजिंग नहीं कराई है और हर बरसात में पानी छोड़ देता है, जिससे घाटाल सहित कई क्षेत्रों में तबाही मचती है। अब यह अत्याचार सहन नहीं होगा। चुनाव के बाद योजना बनाकर आवश्यकतानुसार बांध बनाए जाएंगे ताकि छोड़ा गया पानी रोका जा सके।

## ब्रह्मोस से लेकर बराक मिसाइल और ड्रोन तक, सशस्त्र बलों के लिए 67000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को लंबी दूरी तक उड़ान भरने वाले ड्रोन और मिसाइल प्रणालियों की खरीद समेत प्रमुख सैन्य परियोजनाओं को मंजूरी दे दी, जिनपर लगभग 67,000 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने इन परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनका लक्ष्य भारत की सैन्य क्षमता को बढ़ाना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डीएसी ने लगभग 67,000 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नौसेना के लिए 'कॉम्पैक्ट ऑटोनॉमस सरफेस क्राफ्ट', 'ब्रह्मोस फायर कंट्रोल सिस्टम' और 'लांचर' की खरीद और 'बराक-1 प्वाइंट डिफेंस मिसाइल सिस्टम' के उन्नयन को मंजूरी दी गई। इसने कहा कि 'कॉम्पैक्ट ऑटोनॉमस सरफेस क्राफ्ट' की खरीद से भारतीय नौसेना को पनडुब्बी-रोधी युद्ध अभियानों में खतरों का पता लगाने, उनका वर्गीकरण करने और उन्हें बेअसर करने की क्षमता मिलेगी। इसने कहा कि भारतीय वायुसेना के लिए, पर्वतीय रडार की खरीद और सक्षम/स्पाइडर हथियार प्रणाली के उन्नयन को मंजूरी दी गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पर्वतीय रडार की खरीद से पर्वतीय क्षेत्र में सीमाओं पर नजर रखने के साथ-साथ हवाई निगरानी क्षमता में वृद्धि होगी।

## अगले 24 घंटे में भारत पर शुल्क में भारी बढ़ोतरी करेंगे: राष्ट्रपति ट्रंप



**न्यूयॉर्क :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि भारत एक अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं रहा है और वह अगले 24 घंटों में इस दक्षिण एशियाई देश पर शुल्क को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएंगे। ट्रंप ने 'सीएनबीसी स्क्वॉक बॉक्स' को दिए साक्षात्कार में कहा, ''भारत के बारे में लोग जो कहना पसंद नहीं करते, वह यह है कि वह सबसे ज्यादा शुल्क लगाने वाला देश है। उसका शुल्क किसी भी देश से ज्यादा है। हम भारत के साथ बहुत कम व्यापार करते हैं क्योंकि उसके शुल्क बहुत ज्यादा हैं।'' उन्होंने कहा, ''भारत एक अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं रहा है। वह हमारे साथ काफी व्यापार करता है, लेकिन हम उसके साथ व्यापार नहीं करते। इसलिए हमने 25 प्रतिशत शुल्क पर समझौता किया, लेकिन मुझे लगता है कि मैं अगले 24 घंटों में इसे काफी बढ़ा दूंगा, क्योंकि वे रूस से कच्चा तेल खरीद रहे हैं। वे जंगी मशीन को ईंधन मुहैया करा रहे हैं। और अगर वे ऐसा करने जा रहे हैं, तो मुझे खुशी नहीं होगी।'' भारत के साथ व्यापार समझौते के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ 'अड़चन' यह है कि उसके शुल्क बहुत ज्यादा हैं। उन्होंने कहा, ''अब मैं यह कहूंगा कि भारत अबतक के सबसे ऊंचे शुल्क से आगे बढ़कर, हम पर शून्य शुल्क लगाएगा... लेकिन वे जो तेल के साथ कर रहे हैं, उसको देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है।''

### भारत जैसे मजबूत सहयोगी से रिश्ते न बिगाड़ें : निक्की हेली

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस प्रस्ताव की तीखी आलोचना की है, जिसमें उन्होंने भारतीय सामानों पर भारी टैरिफ (शुल्क) लगाने की बात कही थी। हेली ने चेताया कि इस कदम से भारत-अमेरिका के रिश्तों में खटास आ सकती है, जो इस समय बेहद महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। उन्होंने ट्रंप को चेताया कि वे चीन जैसे दुश्मन देश को छूट ना दें और भारत जैसे सहयोगी से रिश्ते ना बिगाड़ें।

### रूस ने व्यापार भागीदार चुनने के भारत के अधिकार का किया समर्थन

**मास्को :** रूस ने मंगलवार को कहा कि संप्रभु देशों को अपने हितों के आधार पर व्यापार और आर्थिक सहयोग में अपने साझेदार चुनने का अधिकार है। रूस ने यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी के एक दिन बाद कही है। ट्रंप ने सोमवार को चेतावनी देते हुए कहा था कि वह रूस से कच्चा तेल खरीदने की वजह से भारत पर अमेरिकी शुल्क में खासी बढ़ोतरी करने जा रहे हैं। रूस सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने भारत के संबंध में अमेरिका की चेतावनियों पर टिप्पणी करते हुए संवाददाताओं से कहा, हमारा मानना है कि संप्रभु देशों को अपने हितों के आधार पर व्यापार साझेदार, व्यापार और आर्थिक सहयोग में साझेदार स्वयं चुनने और स्वतंत्र रूप से व्यापार और आर्थिक सहयोग के तरीकों को निर्धारित करने का अधिकार होना चाहिए।

## विपक्ष अपने पैर पर पत्थर मारने में माहिर', ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पीएम मोदी ने साधा निशाना



ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए पीएम मोदी को एनडीए सांसदों ने किया सम्मानित

**नयी दिल्ली :** भाजपा नीत राजग संसदीय दल की बैठक संसद भवन में शुरू हो गई है। इस बैठक का आयोजन संसद भवन के ऑडिटोरियम में हो रहा है। पीएम मोदी जब इस बैठक में शामिल होने पहुंचे तो एनडीए सांसदों ने 'हर हर महादेव' और 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ उनका स्वागत किया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए पीएम मोदी को एनडीए सांसदों द्वारा सम्मानित किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माला पहनाकर पीएम मोदी का स्वागत किया। एनडीए संसदीय दल की बैठक में ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता पर प्रस्ताव पारित हुआ। एनडीए की महिला सांसद अग्रिम पंक्ति में बैठीं। पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। नए सांसदों का प्रधानमंत्री से परिचय कराया गया।बीजेपी सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए संसदीय दल की बैठक में सांसदों को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करके बड़ी गलती कर दी, इसमें उनकी ही फजीहत हुई। ऐसा विपक्ष कहां मिलेगा जो खुद अपना पैर पत्थर पर मारता हो। विपक्ष ऐसे डिबेट रोज कराए। ये हमारा फील्ड है, ये मेरा फील्ड है और भगवान मेरे साथ है।

## ईडी ने बैंक ऋण ''धोखाधड़ी'' से जुड़े मामले में अनिल अंबानी से 10 घंटे तक पूछताछ की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी से उनके समूह की कंपनियों के खिलाफ करोड़ों रुपये की कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में करीब 10 घंटे तक पूछताछ की। अनिल अंबानी पूर्वाह्न करीब 10 बजकर 50 मिनट पर मध्य दिल्ली स्थित केंद्रीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे और रात 9 बजे से कुछ पहले बाहर निकले। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी अनिल अंबानी (66) का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज कर रहा है। उन्होंने बताया कि अंबानी से लगभग एक दर्जन सवाल पूछे गए। ऐसा माना जा रहा है कि अंबानी ने किसी भी गड़बड़ी से इनकार किया और कहा कि उनकी कंपनियों ने नियामकों के समक्ष अपनी वित्तीय स्थिति के बारे में समय पर खुलासा किया है। उन्होंने जांच अधिकारियों को यह भी बताया कि सभी वित्तीय निर्णय संबंधित कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लिए गए थे। हालांकि, ईडी के जांच अधिकारी इस बात से आश्वस्त नहीं हैं और उन्हें दोबारा तलब किये जाने की संभावना है।

## पाक सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया

**मेंढर/जम्मू :** मई में 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पहली बार संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार शाम को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारत की अग्रिम चौकियों पर अकारण गोलीबारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने भी इसका कड़ा जवाब दिया और मनकोट सेक्टर में दोनों पक्षों के बीच छोटे हथियारों से गोलीबारी करीब 15 मिनट तक जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि संघर्ष विराम उल्लंघन के मद्देनजर सीमा पर सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। यह उल्लंघन जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द करने और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों - लद्दाख और जम्मू-कश्मीर - में विभाजित करने के छह साल पूरे होने पर हुआ है। सूत्रों ने बताया कि सीमा पार से अग्रिम चौकियों पर शाम 7.40 बजे गोलीबारी शुरू हुई और भारतीय सैनिकों ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया।

## कूचबिहार में शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला, तृणमूल कार्यकर्ताओं ने दिखाया काला झंडा



### नेता प्रतिपक्ष का दावा, अगर में बुलेटप्रूफ कार में न होता तो मुर्दाघर में पड़ा मिलता

**कूचबिहार :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हमले की घटना को लेकर राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल सरकार सवालों के घेरे में है। कूचबिहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने खड़े होकर अपनी बुलेटप्रूफ कार का टूटा हुआ शीशा दिखाते हुए शुभेंदु ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने सुनियोजित तरीके से हमला किया है। अगर मैं बुलेटप्रूफ कार में न होता, तो इस पूरे समय मुर्दाघर में पड़ा रहता। यह हमला पुलिस के सामने हुआ। इतना ही नहीं, शुभेंदु ने दावा किया कि इस हमले के पीछे उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा का हाथ है। रोहिंग्याओं को बांग्लादेश से लाकर उन पर हमला किया गया। मोटे डंडे, पत्थर - हर चीज का इस्तेमाल किया गया। उन्हें मारने के लिए काफिले पर हमला किया गया।

पता चला है कि कूचबिहार में पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय के बाहर भाजपा की एक रैली और प्रदर्शन का नेतृत्व करने तथा एसपी को ज्ञापन सौंपने के लिए शुभेंदु अधिकारी उत्तर बंगाल जिले की यात्रा पर आए थे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले में पार्टी विधायकों पर हाल में हुए हमलों के विरोध में कूचबिहार एसपी कार्यालय का घेराव करने की योजना बनाई थी। दूसरी तरफ, तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कथित रूप से भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों के उत्पीड़न और बंगाल में पिछले दरव-ाजे से राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआ-रसी) को लागू करने के प्रयास का विरोध करने के लिए 19 स्थानों पर एक साथ धरना प्रदर्शन किया। इनमें से अधिकतर स्थान उस मार्ग पर स्थित थे जहां से अधिकारी का काफिला गुजरने वाला था। शुभेंदु अधिकारी को घोक्साडांगा क्षेत्र के पास 'वापस जाओ' और 'चोर' जैसे नारों का सामना करना पड़ा, और रास्ते में काले झंडे दिखाए गए। भाजपा नेताओं के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस पार्टी के झंडे और काले झंडे लिए तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ दोपहर करीब 12.35 बजे खगराबाड़ी चौराहे पर जमा हो गई। उसी वक्त अधिकारी का काफिला इलाके से गुजर रहा था।

## भारत में आतंकवाद, धर्मांतरण के लिये होता है 'विदेशी हाथों' में जाने वाले मुनाफे का इस्तेमाल : योगी



**अलीगढ़ (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने का आह्वान करते हुए मंगलवार को दावा किया कि दूसरे देशों में निर्मित सामान खरीदने पर 'विदेशी हाथों' में जाने वाले मुनाफे का इस्तेमाल भारत में आतंकवाद, नक्सलवाद, धर्मांतरण और लव जिहाद फैलाने के लिये किया जाता है। अलीगढ़ में 958 करोड़ रुपये की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का पुरजोर आह्वान किया और कहा, 'हमारा पैसा अगर हमारे ही कारीगरों और हस्तशिल्पियों के पास जाएगा तो यह विकास और समृद्धि का आधार बनेगा लेकिन अगर हमारा ही पैसा विदेशी हाथों में जाएगा तो वह मुनाफा आतंकवाद के रूप में, धर्मांतरण के रूप में, विस्फोट के रूप में भारत को अस्थिर करने के लिए देश के खिलाफ ही इस्तेमाल किया जाएगा। इसीलिए स्वदेशी आज की आवश्यकता है।' अमेरिका द्वारा भारत पर भारी शुल्क लगाने के ऐलान के मद्देनजर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पिछली दो अगस्त को वाराणसी में स्वदेशी अपनाने के आह्वान के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बयान दिया है। आदित्यनाथ ने कहा, 'याद रखना, वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में जब कोई पर्व और त्योहार आता था तो उससे पहले प्रदेश में चीन के सामान छा जाया करते थे लेकिन 2018 के बाद जब 'एक जिला एक उत्पाद' योजना को हम लोगों ने लागू किया तो हमारे कारीगरों ने बाजार की मांग के अनुसार उत्पाद बनाने शुरू किये।' उन्होंने किसी देश का नाम लिये बगैर कहा, 'मुनाफा विदेशी हाथों में चला जाएगा तो आतंकवाद को, नक्सल-वाद को, धर्मांतरण को, लव जिहाद को यह पैसा उपलब्ध करवा कर हमारा ही पैसा हमारे खिलाफ कैसे इस्तेमाल होता है, इसका नजारा हम लोगों ने आजादी के पहले भी देखा है और उसके बाद भी लगातार देख रहे हैं।




इंडियन जेम एंड ज्वेलरी क्रियेशन

टोल फ्री नंबर 1800 8891704

9B, वुड स्ट्रीट : ग्राउंड फ्लोर, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89018 साउथ सिटी मॉल : ग्राउंड फ्लोर, 375, प्रिंस अनवर शाह रोड, कोलकाता 700 068 M +91 89810 89029 सिटी सेंटर II, राजारहाट : ब्लॉक - B', दूसरी मंजिल, शॉप नंबर 201, न्यू टाउन, कोलकाता 700 157 M +91 89810 89066 हावड़ा : जेपी'स एसी मार्केट (श्री विंध्याचल बिल्डिंग), 35, डॉ. अबनी दत्ता रोड (हावड़ा एसी मार्केट के पास) M +91 89810 89027 वरदान मार्केट : 106, वरदान मार्केट, पहली मंजिल, 25A, कैमक स्ट्रीट, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89003 बागनान : ग्लोरियस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सीटीसी बस स्टैंड के पास, शॉप नंबर 4, पहली मंजिल, बागनान, हावड़ा 711 303 M +91 89810 89024 दुर्गापुर : शॉप नंबर 205, ड्रीमप्लेक्स मॉल, पहली मंजिल, सिटी सेंटर, दुर्गापुर 713 216 M +91 89810 89017 श्रीरामपुर : अग्निशा - II, ग्राउंड फ्लोर, 30, के एम शाह स्ट्रीट, श्रीरामपुर, हुगली 712 201 M +91 89810 89014

हीरे के आभूषण, सॉलिटेयर, हॉलमार्क वाले सोने के आभूषण, पोल्की, कुंदन जड़ाऊ और सार्टिफाइड रत्न, बाय-बैंक सुविधा के साथ

www.indiangem.com

अधिकृत रिटेलर : प्लैटिनम, एमएमटीसी गोल्ड और सिल्वर बार्स

## यशस्वी क्रिकेटरों ने इंग्लैंड में रचे इतिहास

सही मायनों में, दिग्गज क्रिकेटरों की अनुपस्थिति में युवा भारतीय क्रिकेटरों ने इंग्लैंड की धरती पर नया इतिहास रचा है। ओवल टेस्ट में उन्होंने इंग्लैंड के मुंह से जीत छीन ली। जो मैच इंग्लैंड के पाले में जाता दिख रहा था, उसे अपनी जीत में बदल दिया। लगातार रोमांचक होते मैच को जीतकर टीम ने न केवल मैच जीता बल्कि शृंखला को भी दो-दो से बराबरी पर ला खड़ा किया। युवा तुर्कों ने उन तमाम क्रिकेट पंडितों की भविष्यवाणियों को बेकार साबित किया, जो इंग्लैंड टीम द्वारा शृंखला जीतने के दावे कर रहे थे। ओवल टेस्ट के अंतिम क्षणों में मोहम्मद सिराज ने तो मैच का पासा ही पलट दिया। मैच के रोमांच ने बताया कि क्यों क्रिकेट पंडित टेस्ट क्रिकेट को असली क्रिकेट की संज्ञा देते हैं। भारत के धुरंधर क्रिकेटरों के बिना इंग्लैंड के खिलाफ उतरी इस टीम ने कई इतिहास रचे, कई रिकॉर्ड तोड़े और नये रिकॉर्ड बनाए। भारतीय क्रिकेट के पिछले 93 साल के इतिहास में यह पहली बार हुआ कि किसी शृंखला में पांच भारतीय बल्लेबाजों ने चार सौ से अधिक रन बनाए हों। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि भारतीय खिलाड़ियों ने ये रन तेज गति व उछाल लेती पिचों के बीच बनाये। उन्होंने पूरे दमखम के साथ तेज ब्रिटिश गेंदबाजों का मुकाबला किया। दरअसल, लीड्स व लॉर्ड्स के मैच भारतीय टीम को करीबी मुकाबले में खोने पड़े अन्यथा टीम शृंखला भी जीत सकती थी। कप्तान शुभमन गिल की इसलिए भी तारीफ करनी होगी कि उन्होंने विदेशी पिच पर कप्तानी के दबाव के बीच भरपूर व सर्वाधिक रन बनाये। कई रिकॉर्ड्स उनकी सफल कप्तानी के गवाह हैं। मोहम्मद सिराज ने निर्णायक भूमिका निभाते हुए न केवल अंतिम कीमती विकट लिए बल्कि पूरे मैच में नौ विकेट लेने के कारण 'मैन ऑफ द मैच' भी बने। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा ने भी दोनों पारियों में चार-चार विकेट लेकर अपने नाम के अनुरूप प्रसिद्धि हासिल की। ओवल मैच में यशस्वी जायसवाल,आकाशदीप, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन के बल्लों से निकले रन भी इस जीत में खूब काम आए।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय टीम ने यह भी साबित किया कि वह विदेशी धरती में, विषम परिस्थितियों में व नामचीन खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में जीत की इबारत लिख सकती है। लगता है जूझते हुए आसन्न हार को जीत में बदलने का हुनर भी टीम ने सीख लिया। जीत के जुनून को हर समय महसूस किया गया। संयुक्त रूप से मैन ऑफ द सीरीज बने शुभमन गिल के बल्ले से खूब रन बरसे। वे इस शृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। यदि वे बीस रन और बना पाते तो एक शृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने के सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे। वहीं शृंखला में मोहम्मद सिराज नये सितारे बनकर उभरे और उन्होंने सिरीज में सबसे ज्यादा 23 विकेट लिए। निस्संदेह, यह रोमाचक शृंखला टेस्ट क्रिकेट के 148 साल के इतिहास में एक बेहतरीन शृंखला रही। पांचों टेस्ट मैचों में भारतीय टीम जीत के लिये जूझती नजर आई। शुभमन गिल कहीं से नहीं लगे कि वे एक नये कप्तान हैं। वे विराट कोहली और रोहित शर्मा के शानदार विकल्प के रूप में सामने आए हैं। भले ही भारत ने छह रन से ओवल टेस्ट जीता हो मगर यह इतिहास में एक बड़ी जीत के रूप में दर्ज की जाएगी। जिसने हाथ से निकलती सीरीज को बराबरी के स्तर पर ला खड़ा किया। वहीं गिल और सिराज के अलावा इस शृंखला में यशस्वी जायसवाल, के.एल. राहुल, ऋषभ पंत,जसप्रीत बुमराह व आकाश दीप जैसे सितारे भी चमके। निस्संदेह, रवींद्र जडेजा पुराने योद्धा हैं। गिल के पास बहुत समय है और उनसे लंबी पारी और विजयी शृंखलाएं खेलने की उम्मीद की जा सकती है। निस्संदेह, उनकी प्रतिभा भारतीय टीम में जीत का जुनून भरेगी। बहरहाल, शानदार उतार-चढ़ाव भरे पांच मैचों के मुकाबलों ने दर्शाया कि धमाकेदार टी-20 क्रिकेट के दौर में टेस्ट क्रिकेट का क्यों महत्व है। ये उन क्रिकेट पंडितों के लिये जवाब है जो टेस्ट क्रिकेट को बीते दिनों की बात कहने लगे थे।

# भारत ने नहीं झुकाया सिर ट्रंप की धमकी को दिया आंकड़ों से करारा जवाब



अजय कुमार

डोनाल्ड ट्रंप की भारत के प्रति बढ़ती चिढ़ और अमेरिका की दो-हरी नीति ने वैश्विक मंच पर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत को बार-बार टैरिफ और जुर्माने की धमकियां दे रहे हैं, खासकर रूस से तेल और हथियारों के व्यापार को लेकर। लेकिन भारत ने न केवल इन धमकियों को नजरअंदाज किया, बल्कि अमेरिका और यूरोपीय संघ की दोहरी नीतियों को उजागर कर जवाबी रुख अपनाया है। भारत का स्पष्ट कहना है कि जब अमेरिका और यूरोप स्वयं रूस से भारी मात्रा में सामान आयात कर रहे हैं, तो भारत पर रूस के साथ व्यापार को लेकर उंगली उठाना अनुचित और अतार्किक है। यह स्थिति वैश्विक भूराजनीति में दोहरे मानदंडों को उजागर करती है, जहां अमेरिका भारत को दबाव में लाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन खुद अपनी जरूरतों के लिए रूस से व्यापार जारी रखे हुए है।

ट्रंप की बयानबाजी में एक साफ विरोधाभास नजर आता है। एक तरफ वह भारत को महान मित्र और महान देश कहते हैं, दूसरी तरफ 25% रेसिप्रोकल टैरिफ और रूस से व्यापार के लिए जुर्माने की धमकी देते हैं। उनकी हताशा का कारण यह है कि भारत उनके दबाव में झुकने को तैयार नहीं है। ट्रंप को लगता है कि जिस भारत को कभी अमेरिका सड़ा हुआ गेहूं भेजता था, वह आज उनकी धमकियों का जवाब देना भी जरूरी नहीं समझता। उनकी चिढ़ का अंदाजा उनके बयानों से लगाया जा सकता है। कभी वह भारत की अर्थव्यवस्था को मृतप्राय कहते हैं, तो कभी पाकिस्तान के साथ तेल सौदों की बात कर भारत को अपमानित करने की कोशिश करते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि पाकिस्तान के पास तेल है ही नहीं, और ट्रंप का यह बयान उनकी हताशा का प्रतीक है। वह भारत को डराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन भारत की रणनीतिक और आर्थिक ताकत के सामने उनकी एक नहीं चल रही।

भारत ने ट्रंप की धमकियों का जवाब न केवल कूटनीतिक रूप से दिया, बल्कि तथ्यों के साथ अमेरिका को आइना भी दिखाया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ कहा कि भारत पर रूस से तेल आयात को लेकर की जा रही आलोचना बेबुनियाद है। भारत ने बताया कि अमेरिका स्वयं रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, पैलेडियम, खाद, और रसायन जैसे सामान आयात करता है, जो उसकी परमाणु, इलेक्ट्रॉनिक वाहन, और कृषि उद्योगों के लिए जरूरी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से मई 2025 तक अमेरिका ने रूस से 2.1 बिलियन डॉलर का आयात किया, जो पिछले साल की तुलना में 23% अधिक है। इसमें पैलेडियम (37%), यूरेनियम (28%), और उर्वरक (21%) का आयात प्रमुख है। यह आंकड़े साफ बताते हैं कि अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के बावजूद रूस के साथ व्यापार जारी रखा है। 2021 में अमेरिका ने रूस से 17 अरब डॉलर का कच्चा तेल आयात किया था, और 2024 में भी उसने उर्वरक (1.1 बिलियन डॉलर), पैलेडियम (878 मिलियन डॉलर), और यूरेनियम (624 मिलियन डॉलर) जैसे सामानों का आयात किया।

यूरोपीय संघ भी इस मामले में पीछे नहीं है। वह भारत को रूस से तेल आयात न करने की सलाह देता है, लेकिन स्वयं रूस से ईंधन, लोहा, स्टील, रसायन, और उर्वरक जैसे सामान आयात करता है। 2024 में यूरोपीय संघ ने रूस से 35.9 अरब यूरो का आयात किया, जिसमें 22.3 अरब यूरो का ईंधन प्रमुख था। यह राशि भारतीय रुपये में 3617 करोड़ से अधिक है। भारत का तर्क है कि जब अमेरिका और यूरोप अपनी जरूरतों के लिए रूस से व्यापार कर रहे हैं, तो भारत पर दबाव डालना दोहरा मापदंड है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए रूस से 35-40% तेल आयात करता है, जो आर्थिक रूप से फायदेमंद है।

भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और आर्थिक ताकत ट्रंप की चिढ़ का प्रमुख कारण है। भारत ने न केवल रूस के साथ व्यापार जारी रखा, बल्कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (इढ-) पर जोर दिया, जो दोनों देशों के हितों को संतुलित करे। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत जवाबी टैरिफ के बजाय बातचीत से समाधान चाहता है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी स्पष्ट किया कि भारत ट्रंप के दबाव के बावजूद अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखेगा। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (ऋखएज) के डीजी अजय सहाय के अनुसार, 25% टैरिफ से भारत की जीडीपी पर 0.2-0.5% का असर हो सकता है, लेकिन 6% से अधिक की विकास दर इसे संभाल सकती है। भारत वैकल्पिक बाजारों जैसे यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया, और चीन की ओर भी रुख कर रहा है। चीनी राजदूत शू फेइहोंग ने भारत से आयात बढ़ाने और व्यापार घाटा कम करने की बात कही, जो भारत के लिए एक बड़ा अवसर है।

ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट और मेक इन अमेरिका नीतियां भारत के बिना पूरी तरह सफल नहीं हो सकतीं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार और विनिर्माण केंद्र है। अमेरिकी कंपनियां जैसे एपल, टेस्ला, और बोइंग भारत में निवेश और उत्पादन बढ़ा रही हैं। ट्रंप के प्रस्तावित 25% टैरिफ से भारत में बने उत्पाद महंगे होंगे, जिससे अमेरिकी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ेगा। साथ ही, मेक इन अमेरिका की लागत बढ़ने से अमेरिकी उत्पाद वैश्विक बाजार में चीन से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे। अमेरिका को यह भी डर है कि भारत यूरोप, चीन, और दक्षिण-पूर्व एशिया जैसे वैकल्पिक बाजारों की ओर रुख कर सकता है, जिससे उसका वैश्विक व्यापार में प्रभाव कम हो सकता है।

अमेरिकी विशेषज्ञ भी भारत के साथ टैरिफ युद्ध को गलत मानते हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने कहा कि भारत के साथ व्यापारिक तनाव वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और आर्थिक स्थिरता को नुकसान पहुंचा सकता है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने भारत के साथ संतुलित और पारस्परिक लाभकारी व्यापार वार्ताओं की वकालत की। राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ लिसा कर्टिस ने चेतावनी दी कि भारत पर उच्च टैरिफ लगाना अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति को कमजोर करेगा और चीन को क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाने का मौका देगा। अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स भी मानता है कि उच्च टैरिफ से अमेरिकी कंपनियां और उपभोक्ता प्रभावित होंगे।

ट्रंप की धमकियों के बीच रैपिडान एनर्जी ग्रुप के चेयरमैन बॉब मैकनेली का बयान चर्चा में है। उन्होंने कहा कि ट्रंप भारत पर रूस से तेल आयात के लिए 25% से लेकर 100% तक टैरिफ लगा सकते हैं। लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत से रूसी तेल खरीदने की गुहार लगाई थी ताकि वैश्विक तेल की कीमतें नियंत्रित रहें। पूर्व अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी का एक वायरल वीडियो भी यही बात दोहराता है। गार्सेटी ने कहा कि भारत ने रूसी तेल इसलिए खरीदा क्योंकि अमेरिका चाहता था कि वह एक निश्चित मूल्य सीमा पर तेल खरीदे, जिससे वैश्विक बाजार में स्थिरता बनी रहे।

भारत ने इस दोहरे रवैये को उजागर करते हुए साफ कर दिया है कि वह अपनी ऊर्जा जरूरतों और रणनीतिक हितों से समझौता नहीं करेगा। भारत क्वाड का प्रमुख स्तंभ है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की रणनीति को मजबूती देता है। भारत-अमेरिका ळउएढ पहल के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, और रक्षा प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ रहा है। भारत की तकनीकी क्षमता और मानव संसाधन अमेरिका के लिए अपरिहार्य हैं। भारत ने अमेरिका के लिए कृषि और डेयरी बाजार पूरी तरह खोलने से भी इनकार किया है, क्योंकि यह 70 करोड़ किसानों के हितों से जुड़ा है।

ट्रंप की बयानबाजी और धमकियां उनकी हताशा का प्रतीक हैं। वह भारत को नाराज नहीं करना चाहते, लेकिन साथ ही अपनी सामंती मानसिकता के कारण झुकना भी नहीं चाहते। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह दबाव में नहीं आएगा और अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखेगा। आज की तारीख में भारत अमेरिका के लिए पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। ट्रंप की नीतियां और बयानबाजी अमेरिका के लिए ही नुकसानदेह साबित हो सकती हैं। भारत ने न केवल अपनी आर्थिक और रणनीतिक ताकत का परिचय दिया, बल्कि वैश्विक मंच पर दोहरे मानदंडों को बेनकाब कर एक नया संदेश भी दिया है।

-वरिष्ठ पत्रकार

# अपराधियों के हौसले बढ़ाती डिजिटल तकनीक



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

राजस्थान के जोधपुर जिले के मीडिया इन्फ्लुएंसर को अपराधियों ने अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए 20 लाख रु. की मांग पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर दो कथित अपराधियों को पकड़ा है। मीडिया इन्फ्लुएंसर और उसकी कामेडियन पत्नी को उनके अश्लील वीडिया वायरल करने की धमकी दी गई। खैर यह तो इन्होंने हिम्मत दिखाकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी अन्यथा देश दुनिया में इस तरह की धमकियां देकर डरा-धमकाकर वसूली करने के अपराधों की बाढ़ से आ गई है। दरअसल डिजिटल तकनीक का अपराधियों द्वारा अपराध में उपयोग आम होता जा रहा है। डिजिटल तकनीक के कारण अपराधियों के बढ़ते हौसले की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि पिछले दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अजय भनोट ने एक महिला की निजी तस्वीरों को वाट्सएप पर सार्वजनिक करने के मामलें में जमानत देने से इंकार करते हुए सख्त टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति भनोट ने 2023 में भी सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो अपालोड के प्रकरण में गंभीर टिप्पणी की थी। दरअसल डिजिटल क्रांति ने अपराध की दुनिया में भी बड़ी सेंध लगा ली है। अपराधी विभिन्न माध्यमों से डिजिटल तकनीक का उपयोग कर गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। कम्प्यूटर, कम्प्यूटर नेटवर्क, डेटाबेस, डिजिटल डिवाइस, इंटरनेट आदि के माध्यम से नित नए अपराध की तरीके अपना रहे हैं। सोशल मीडिया और स्मार्टफोन का खासतौर से इस्तेमाल करते हुए लोगों की निजी जिंदगी को प्रभावित करने के साथ ही डिजिटल अरेस्ट, साइबर ठगी जैसे गंभीर अपराध बेखौफ कर रहे रहे हैं। मजे की बात यह है कि डिजिटल अरेस्ट या बैंक अकाउंट ठगी के शिकार होने वाले अधिकतर लोग अच्छे पढ़े-लिखे, समाज में अच्छे पदों से सेवानिवृत या यों कहे कि समझदार लोग ही अधिक शिकार हो रहे है। अभी कुछ दिनों पहले ही एक माननीय न्यायमूर्ति ने कहा कि वे साइबर ठगी के शिकार होते होते बचे हैं। डिजिटल तकनीक से अपराध करने वालों के हौसलों को देखिये कि कुछ घंटों नहीं अपितु कई दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रख कर हजारों नही बल्कि लाखों रुपए अपने खातों में ड़लवा रहे हैं। यह सब तो तब है जब कि सरकार मोबाइल टोन के समय ही ओपनिंग मैसेज के माध्यम से आगाह कर रहे हैं पर इस सबके बाजवूद इस तरह की घटनाओं में साल दर साल मल्टीपल बढ़ोतरी हो रही है।

1970 से 1990 के दो दशकों में केविन मिटनिक और उनके साथियों ने मोटोरोला, नोकिया आदि के नेटवर्क में सेंध मारना शुरु कर दिया था। बॉब थामस ने क्रीपर वायरस के माध्यम से कम्प्यूटर सिस्टम को बड़ा नुकसान पहुंचाया। इसके बाद तो समय समय पर वायरसों द्वारा कम्प्यूटर सिस्टम को हैंक या प्रभावित करने का सिलसिला ही चल निकला। कम्प्यूटर आधारित अपराधों का केवल अमेरिका का 2015 का आंकड़ा ही चौकाने वाला है जिसमें एफबीआई के अनुसार 2 लाख 88 हजार से भी अधिक शिकायतों के साथ ही केवल एक वर्ष में 445 अरब डॉलर के नुकसान का दावा किया गया। साइबर ठगी के मामलों में रशिया पहले पायदान पर तो यूक्रेन दूसरे पायदान पर है। चीन, अमेरिका, नाइजेरिया और रोमानिया का नंबर आता है। इससे एक बात तो साफ हो जाती है साइबर ठगों के सारी दुनिया में हौसले बुलंद है।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन साल में ही ठगी के नए अवतार से ठगी की राशि 20 गुणा बढ़ गई है। 2025 के शुरुआती दो महीनों में ही 17 हजार 718 से अधिक मामलों में 210 करोड़ 21 लाख रु. से अधिक की ठगी हो चुकी है। साल 2022 में साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट या इस तरह की ब्लेक मेलिंग, ऑनलाइन ठगी आदि के 39925 मामलों में 91 करोड़ 14 लाख की ठगी हुई थी जो एक साल बाद ही 2023 में बढ़कर 60676 हो गई और इसमें 339 करोड़ रु. की राशि की ठगी हो गई। लाख प्रयासों के बावजूद 2024 में एक लाख 23 हजार 672 मामलों में 1935 करोड़ 51 लाख रु. की ठगी हो गई। यह तो वे मामलें हैं जो पुलिस में दर्ज हुए हैं जबकि हजारों मामलें ऐसे भी होंगे जिनमें मामलें दर्ज कराए ही नहीं गए होंगे। खास बात यह है कि ठगी के केन्द्र व ठगी के तरीके से वाकिफ होने के बावजूद यह होता जा रहा है। हांलाकि झारखण्ड के जमातड़ा से ठगों के तंत्र को तोड़ दिया गया पर देश में एक दो नहीं अपितु 74 जिलों में इस तरह की ठगी करने वालों के हॉटस्पॉट विकसित हो गए। झारखण्ड, राजस्थान, हरियाणा और बिहार के केन्द्र पहले पांच प्रमुख सेंटर विकसित हो गए।

हैंकिंग, रेनसमवेयर, साइबर बुलिंग, ऑनलाईन धोखाधड़ी, ब्लेक मेलिंग अपराधियों के प्रमुख हथियार है। व्यक्ति को इस तरह से सम्मोहित व भयग्रस्त कर देते हैं कि समझदार और पढ़े लिखे होने के बावजूद पैसा गंवा बैठते हैं। ठगी, जबरन वसूली, पोर्नोग्राफी, बाल पोर्नोग्राफी, धनशोधन, औद्योगिक जानकारी चुराने, ड्रग, ब्लेक मेलिंग, ड़राने-धमकाने सहित विभिन्न तरह के अपराध को अंजाम देने में इन्होंने विश-ेषज्ञता हासिल कर ली है। लोगों की गाढ़ी कमाई को हजम करने में इन्हें विशेषज्ञता हासिल है। लोगों की कमजोरी को यह समझते हैं और उसी कमजोरी के चलते पढ़े लिखे और हौशियार लोगों को भी आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। जाल ऐसा कि यह समझते हुए कि ऐसा आसानी से होता नहीं है फिर भी चक्कर में फंस ही जाते हैं और ठगों के आगे सरेण्डर होकर लुट जाते हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं कि डिजिटल तकनीक ने बहुत कुछ बदल कर रख दिया हैं। तकनीक ने समझ और संवाद को आसान बनाया है। जानकारी का पिटारा खोला है। पर इसके साइड इफेक्ट के रुप में अपराधियों के जाल भी तेजी से फैल रहा है। ऐसे में तकनीक का सकारात्मक उपयोग हो इसके लिए अभी भी बहुत कुछ करना शेष है। साइबर कानून और साइबर थाने बना देने मात्र से समस्या का समाधान होने वाला नहीं हैं। अवेयरनेस प्रोग्राम के बावजूद जिस तरह से हजारों लोग प्रतिदिन साइबर अपराधियों के आसानी से शिकार कार बन रहे हैं। देखा जाए तो डिजिटल ठगी करने वाले पूरी तकनीक और सिस्टम पर भारी पड़ रहे हैं। ऐसे में डिजिटल अपराध और अपराधियों से लोगों को बचाने की कोई ना कोई फूलप्रुफ तकनीक व व्यवस्था बनानी ही होगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 6 अगस्त, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण शुक्लपक्ष द्वादशी, 14:04 तक, नक्षत्र : मूल, 12:49 तक, योग : वैधृति, 07:06 तक, सूर्योदय: 5:09, सूर्यास्त: 18:15, चन्द्रोदय : 16:08, चन्द्रास्त: 01:53, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 11:42 से 13:19

## राशिफल

**मेष :** दिन अच्छा रहने वाला है। कारोबार में आप छोटे-छोटे पार्ट टाइम कार्यों के लिए समय निकाल पाएंगे और आपके महत्वाकांक्षाओं की भी पूर्ति हो सकती है।

**वृष :** आपका दिन मिलाजुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कामकाज की स्थिति सामान्य रहेगा। लेकिन आर्थिक मामलों में आपको विशेष ध्यान देना होगा। अनावश्यक चीजों पर खर्च करने से बचना होगा।

**मिथुन :** आपका दिन कारोबार और नौकरी के मामले में तेजी से आगे बढ़ने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अचानक उन्नति मिलेगी, जिसे देखकर सभी लोग हैरान रह सकते हैं।

**कर्क :** आपका दिन सामान्य से थोड़ा कम अच्छा रहेगा। ऐसे में कोई भी काम सोच-समझकर करना बेहतर होगा अन्यथा परेशानी हो सकती है। भावुकता में निर्णय लेने से बचें।

**सिंह :** आपको कारोबार की चिंता परेशान कर सकती है। इसके पीछे की वजह यह भी हो सकती है कि आप कार्यक्षेत्र में कुछ बाधाओं और समस्याओं का सामना कर रहे हों।

**कन्या :** आपको व्यापार में किसी कामकाज के सिलसिले में ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ सकती है। लेकिन यह आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगी और सकारात्मक परिणाम देने वाली रहेगी।

**तुला :** सामाजिक और व्यवसाय के क्षेत्र में आपको विरोधियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में आपको सावधान रहने की जरूरत है और किसी भी प्रकार के वाद-विवाद से भी दूरी बनाए रखें।

**वृश्चिक :** व्यापार के मामले में आपको अचानक से कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। लेकिन आपको कार्यक्षेत्र में अपने ऊपर किसी भी प्रकार के तनाव को हावी होने से बचाना होगा।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में नए संपर्क बनाने से आपको अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है। व्यापार में पहले के किए गए प्रयास भी बड़ा फायदा दिला सकते हैं। व्यवसाय में उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मकर :** सामाजिक और धार्मिक कार्यों में हिस्सा लेने से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। साथ ही, आपको भाग्य का भी धीरे-धीरे साथ मिलने लगेगा। कई शुभ समाचार भी सुनने को मिल सकते हैं।

**कुम्भ :** कार्यस्थल पर आपको उच्च अधिकारियों के सहयोग और समर्थन से लाभ प्राप्त करने के कई अवसर मिल सकते हैं। अध्यात्म और धर्म में की ओर आपकी रुचि बढ़ सकती है।

**मीन :** व्यापार के मामले में आपको उन्नति मिलेगी और सफलता के कई रास्ते खुलेंगे। अगर कार्यक्षेत्र में किसी प्रकार का विवाद या समस्या चल रही थी, तो अब वह भी दूर हो सकती है।

## विदेश की खबरें

### बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में संसदीय चुनाव होंगे: मुख्य सलाहकार यूनुस

**ढाका :** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने मंगलवार को कहा कि अगला संसदीय चुनाव अगले वर्ष फरवरी में होगा। यूनुस ने यह टिप्पणी पिछले वर्ष के छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध आंदोलन की पहली वर्षगांठ पर राष्ट्र के नाम एक टेलीविजन संबोधन के दौरान की।

इस आंदोलन को जुलाई विद्रोह का नाम दिया गया है। इसकी वजह से लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहीं शेख हसीना को सत्ता से हटना पड़ा था। यूनुस ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, अंतरिम सरकार की ओर से मैं मुख्य चुनाव आयुक्त को एक पत्र भेजूंगा जिसमें चुनाव आयोग से अनुरोध किया जाएगा कि वह आगामी रमजान से पहले फरवरी 2026 में राष्ट्रीय चुनाव कराए।

### कुछ विदेशी पर्यटकों को अमेरिका में प्रवेश के लिए 15,000 डॉलर तक का बांड देना होगा

**न्यूयॉर्क :** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन एक प्रायोगिक कार्यक्रम लागू कर रहा है जिसके तहत पर्यटक या व्यावसायिक वीजा पर अमेरिका आने वाले विदेशी आगंतुकों को 15,000 अमेरिकी डॉलर तक का 'बांड' भरना पड़ेगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अपनी वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी देश में न रुकें। इस कार्यक्रम के दायरे में आने वाले देशों की घोषणा अभी नहीं की गई है। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक 'अस्थायी अंतिम नियम' जारी किया है जिसके तहत 12 महीने का वीजा बांड प्रायोगिक कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस प्रायोगिक कार्यक्रम के तहत व्यवसाय या पर्यटन के वास्ते अमेरिका आने के लिए बी-1/बी-2 वीजा का आवेदन करने वाले विदेशियों को 15,000 अमेरिकी डॉलर तक का बांड भरना पड़ सकता है। मंत्रालय ने कहा कि इस नियम को 'वीजा अवधि से अधिक समय तक रुकने और अपर्याप्त जांच-पड़ताल से उत्पन्न स्पष्ट राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे से अमेरिका की रक्षा के लिए ट्रंप प्रशासन की विदेश नीति का एक प्रमुख स्तंभ' बताया गया है।

### अवैध जुआ खेलने पर 11 भारतीय किये गये गिरफ्तार

**कोलंबो :** श्रीलंका में तीन महिलाओं समेत 11 भारतीय नागरिकों को वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी वहां ठहरने और अवैध रूप से जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किये गये लोगों में 22 से 43 वर्ष की आयु के आठ पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3175



➲ **बायें से दायें:-** 1) नज़र टीका; काजल का गोल चिन्ह, 3) इनाम, 6) किलकिलाना *(खुशी में बच्चों का)*, 8) बड़बड़ाना, 10) सजा-सँवरा, 12) लक्ष्मी, 13) कमल, 14) तर्कहीन ; कमज़ोर, 15) झूलना, 18) प्रेमिकों जैसा, 20) हैरान, 22) कीचड़, 23) रीति; पथ, 24) रत्ती भर; तनिक-सा, 25) बहुत बड़ा धनवान, 26) पियक्कड़.

➲ **ऊपर से नीचे:-** 1) नग्न, 2) झूमना; थिरकना, 3) मिलना; प्राप्त होना, 4) टुकड़े करना, 5) खींचकर बाँधना, 7) कमी; न्यूनता, 9) कारनामा, 10) मुकरना, 11) पीड़ा; नख़रा, 13) इच्छा, 16) असफलता, 17) जुर्म, 19) अफ़ग़ानिस्तान की राजधानी, 21) गिरवी, 22) घड़ा, 24) मद्यकक्ष.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ■ | झे | ल | ना | ■ | प्र | ■ | प | री |
| द | ■ | ल | ■ | मी | ■ | वा | ■ | ल | ता |
| त | मा | म | ■ | गि | र | ह | क | ट | ■ |
| ■ | यू | ■ | छो | रा | ■ | ■ | ■ | ना | श |
| आ | स | रा | ■ | मी | न | मे | खा | ■ | क |
| दि | ■ | ज़ी | न | ■ | त | ■ | ब | ग़ | ल |
| ■ | त | ■ | ग | र | म | ■ | र | म | ■ |
| ब | र | बा | दी | ■ | स्त | ■ | दा | ■ | गौ |
| ला | ल | ■ | ■ | त | क | दी | र | व | र |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3132

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | 4 | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | | 1 | | | | 9 |
| 7 | 2 | 4 | | | | 3 | | |
| | | | | | | | | |
| | | | 9 | | 5 | 8 | | |
| | 8 | | | | | 1 | 4 | |
| | 5 | | | | 8 | | | |
| 9 | 3 | 6 | | | | | 8 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3131 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 | 7 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 |
| 9 | 5 | 4 | 7 | 8 | 3 | 1 | 2 | 6 |
| 7 | 1 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 8 | 3 |
| 8 | 4 | 9 | 5 | 3 | 7 | 2 | 6 | 1 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 9 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 4 | 2 | 7 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 4 | 5 | 3 | 2 |
| 5 | 9 | 3 | 8 | 2 | 1 | 6 | 7 | 4 |

# किसी को भी बांग्ला भाषा से खिलवाड़ करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए : ममता

❑ **ममता ने पूछा... 'क्या बंगाल के बिना भारत की कल्पना की जा सकती है?'**

❑ **मुख्यमंत्री ने रामकृष्ण मठ एवं मिशन के अतिथि गृह की आधारशिला रखी**

**हुगली, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी बांग्ला भाषा के साथ खिलवाड़ या उसका अपमान करने की कोशिश न करे। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि क्या बंगाल के बिना भारत की कल्पना की जा सकती है? बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा शुरू करने से पहले हुगली जिले के कामारपुकुर में रामकृष्ण मठ और मिशन के एक कार्यक्रम में ममता ने कहा कि वे रामकृष्ण परमहंस व स्वामी विवेकानंद की उस शिक्षा में विश्वास



करती हैं जिसमें सभी धर्मों की एकता की बात की गई है। ममता ने कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर का भी उल्लेख किया, जिन्होंने राष्ट्रगान लिखा और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का जिक्र किया, जिन्होंने वंदे मातरम् जैसे राष्ट्रीय गीत की रचना की। आजादी की लड़ाई से लेकर पुर्नजागरण तक बंगाल के योगदान का उल्लेख करते हुए ममता ने जोर देकर कहा कि कोई भी हमारी भाषा के साथ खिलवाड़ न करे या उसका अपमान न करे। कामारपुकुर में रामकृष्ण मठ एवं मिशन के अतिथि गृह की आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस ने हमें सिखाया कि सबके साथ मिल-जुलकर रहना चाहिए। हमारे बीच कोई भेद नहीं है, हम सब एक हैं। स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए ममता ने कहा कि उनकी मातृभाषा बंगाली है, ठीक वैसे ही जैसे नेताजी सुभाष चंद्र बोस या राजा राममोहन राय की थी। उन्होंने कहा कि धर्म का अर्थ है दूसरे धर्मों के साथ प्रेम और सम्मान से पेश आना। ममता ने सभी से रामकृष्ण परमहंस की कथामृत पढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि लोग पानी को अलग-अलग नामों से पुकारते हैं, लेकिन वह एक ही है। इसी तरह मां को अलग-अलग नामों से पुकारा जाता है, लेकिन वह एक ही हैं। ममता ने इस दौरान जयरामबाटी-कामारपुकुर विकास बोर्ड के गठन की भी घोषणा की, जिसके अध्यक्ष कामारपुकुर स्थित रामकृष्ण मठ के सचिव स्वामी लोकोत्तरानंद होंगे।

❑ **बाढ़ प्रभावित इलाकों का मुख्यमंत्री ने किया दौरा, राहत शिविर में पीड़ितों को खुद परोसी खिचड़ी**

इस कार्यक्रम के बाद ममता बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए हुगली के आरामबाग पहुंचीं। ममता ने वहां बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना और एक राहत शिविर में शरण लिए लोगों को खुद खिचड़ी भी परोसी। ममता ने जिला प्रशासन को बाढ़ पीड़ितों की हरसंभव मदद का निर्देश दिया। इसके बाद ममता ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के बाढ़ प्रभावित घाटाल का भी दौरा किया।

# पश्चिम बंगाल में जीएसटी संग्रह जुलाई में 12 प्रतिशत बढ़ा : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र द्वारा जारी अस्थायी आंकड़ों का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि राज्य में जुलाई में लिए सकल जीएसटी संग्रह में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी कि राज्य ने पिछले महीने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 5,895 करोड़ रहा जो जुलाई 2024 के 5,257 करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पश्चिम बंगाल ने जुलाई 2025 के लिए सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। भारत सरकार द्वारा हाल ही में जारी अस्थायी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में 5,895 करोड़ रुपये एकत्रित किए गए जबकि पिछले साल इसी महीने 5,257 करोड़ रुपये का संग्रह हुआ था। ममता ने कहा कि जुलाई महीने तक हमारे राज्य के जीएसटी राजस्व में संचयी वृद्धि दर 7.71 प्रतिशत रही। यह पश्चिम बंगाल में व्यापार और उपभोग में लगातार सुधार को दर्शाता है जो बेहतर आर्थिक स्वास्थ्य का संकेत है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरसन**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ-711204 द्वारा पूर्व प्रकाशित (i) ई-निविदा सं. एईएनशॉप-पीयू-आरसीसी-25-26-एलएलएच, दिनांक 02.08.2025, (ii) ई-निविदा सं. एईएनशॉप-पीयूफ्लोर-25-26-एलएलएच, दिनांक 02.08.2025, जिसकी बंद होने की तारीख 14.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे है, एतद्द्वारा प्रशासनिक कारणवश निरस्त कर दी गई है। (MISC-155/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**नाम परिवर्तन**

मैं, असरफ अली, स्क अल्ताब हुसैन और हसीना बीबी का पुत्र, ने अपना नाम असरफ अली से बदलकर स्क असरफ अली कर लिया है, अपने पिता का नाम अल्ताब अली से बदलकर स्क अल्ताब हुसैन कर लिया है, और अपनी माता का नाम हसीना बेगम से बदलकर हसीना बीबी कर लिया है। यह परिवर्तन हलफनामा संख्या 3191/ एसीजेएम/ उलुबेरिया के तहत किया गया है, जो 29 जुलाई 2025 को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, उलुबेरिया के समक्ष निष्पादित किया गया।



**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ डीईई/जी/सांतरागाछी, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर मंडल नीचे उल्लिखित विवरण के अनुसार वेबसाइट www.ireps.gov.in में ई-निविदा के जरिये सम्बन्धित पात्र ठेकेदारों से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। सम्बन्धित ठेकेदारों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट www.ireps.gov.in में सिर्फ ऑनलाइन के जरिये उक्त हेतु आवेदन करें। इस निविदा हेतु कोई ऑफ़लाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। विवरण के लिए दस्तावेज खंड में अपलोड किये गए निविदा दस्तावेज कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें। **निविदा सूचना संख्या: इलेक्ट-सीएचजी-25-26-आरवाई750-16, दिनांक: 04.08.2025। कार्य का नाम:** सांतरागाछी कोचिंग डिपो में रिसेप्शन यार्ड लाइन में ईओजी कोचों के लिए 750 वो आपूर्ति का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,29,97,015.72। **बयाना राशि/ बोली प्रतिभूति:** ₹ 3,15,000। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.08.2025। निविदा सूचना, निविदा दस्तावेज तथा अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिया गया है। (PR-484)



**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या 30/2025**

निविदा सं. 81255343A जिसके खुलने की तिथि 04/08/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/84/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है– **Tender No. & short Description:** 81255343A **Description:** मनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ प्रे टेन्सिओनेड प्रे स्ट्रेस्ड कांक्रीट (PSC) स्लीपर सेट, **Tender Opening Date: From:** 04/08/2025, **To:** 18/08/2025, अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेवसाईट http://www.ireps.gov.in. देखें

(हस्ता)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# बंगाल में इस साल 10 जनसभा कर सकते हैं पीएम मोदी

## अलीपुरद्वार व दुर्गापुर के बाद इसी महीने दमदम में होगी मोदी की तीसरी सभा



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बंगाली अस्मिता विमर्श के धार को कुंद करने के लिए भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे के सहारे राजनीतिक लड़ाई की तैयारी में है। इसी क्रम में, भाजपा इस साल दिसंबर तक पीएम मोदी की अलग-अलग जगहों पर कुल 10 जनभाओं के आयोजन की योजना बना रही है। प्रदेश भाजपा के सूत्रों के अनुसार, पीएम इस साल बंगाल में कुल 10 प्रशासनिक व राजनीतिक सभाओं में शामिल हो सकते हैं। इसमें उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में 29 मई को और पश्चिम बर्दवान जिले के दुर्गापुर में हाल में 18 जुलाई को पीएम मोदी दो जनसभा कर चुके हैं। दोनों जगहों पर पीएम ने प्रशासनिक कार्यक्रम के बाद राजनीतिक सभाएं की। प्रशासनिक कार्यक्रम में उन्होंने दोनों जगहों पर कई हजार करोड़ रुपये की सरकारी परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया था। भाजपा नेताओं के अनुसार, इसी तरह इस साल बंगाल में पीएम की आठ और सभा होगी। प्रदेश भाजपा के सूत्रों ने बताया कि अलीपुरद्वार व दुर्गापुर के बाद मोदी की तीसरी सभा जल्द ही कोलकाता से सटे दमदम में होगी। पीएम अगस्त के तीसरे हफ्ते में दमदम आ सकते हैं, जहां वह कई सरकारी परियोजनाओं का उद्घाटन के साथ जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है। पीएम इस दौरे में कोलकाता मेट्रो की एक परियोजना का भी उद्घाटन कर सकते हैं। प्रदेश भाजपा अगले साल की शुरुआत में बंगाल में पीएम की एक बड़ी रैली आयोजित करने की भी योजना बना रही है।

# 'बाढ़ मानव जनित नहीं, वैज्ञानिक तरीके से छोड़ा गया पानी'

❑ **केंद्र ने ममता के आरोप को किया खारिज**

**नई दिल्ली/कोलकाता :** केंद्र सरकार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस आरोप को सिरे से खारिज किया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि राज्य में दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) की ओर से जानबूझकर बाढ़ लाई गई है। जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा कि मैथन और पंचेत जलाशयों से पानी पूरी तरह से वैज्ञानिक तरीके से छोड़ा गया और इसके लिए सभी संबंधित पक्षों के साथ समन्वय किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया था कि डीवीसी बंगाल विरोधी है और राज्य में मानव जनित आपदा के लिए जिम्मेदार है। इसके जवाब में मंत्री पाटिल ने कहा कि पानी छोड़ने का फैसला दामोदर घाटी जलाशय विनियमन समिति (डीवीआरआरसी) लेती है, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय जल आयोग करता है और इसमें डीवीसी, पश्चिम बंगाल और झारखंड के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। पाटिल ने बताया कि मई से जुलाई 2025 के बीच दामोदर जलग्रहण (बेसिन) क्षेत्र में 815 मिलीमीटर बारिश हुई, जो बीते वर्षों की तुलना में काफी अधिक थी। इसके कारण जून-जुलाई 2025 में जलाशयों में पानी की आमद 2024 की तुलना में 16 गुना और 2023 की तुलना में 43 गुना अधिक रही। उन्होंने कहा कि इतनी भारी मात्रा में पानी आने के बावजूद डीवीआरआरसी ने पानी की निकासी को वैज्ञानिक तरीके से नियंत्रित किया गया और निचले क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा कम करने के लिए अधिकतम 70,000 क्यूसेक तक सीमित रखा गया।


**PWD (GOVT OF WB) TENDER NOTICE**

**Notice Inviting Tender No - 46/City(M) of 2025-26** of The E.E.-I, City Dvn., P.W.D. from bonafied and resourceful decorators having credential in similar urgent nature of works and as per Govt. rule. Last date & time of application for obtaining permission will be on **06.08.2025 up to 12.00 hrs.** Others details may be seen from the web site: **www.wbpwd.in**

**Sd/-**
**Executive Engineer-I, City Division, P.W.D.**



**पश्चिम मध्य रेल**

**सिविल इंजीनियरिंग, संख्या–डब्ल्यू/623/15, दिनांक–01.08.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यो के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है। **टेंडर संख्यॉं:** 149/2025, **कार्य का विवरण:** कोटा डिवीजनः प्रोविजन ऑफ स्टेण्डर्ड हाइट गेज इन लियू ऑफ नान–स्टेण्डर्ड हाइट गेज एट वेरियस आरओबी/आरयूबी/ब्रिज इन कोटा–मथुरा,कोटा–चितौड़ एण्ड कोटा–रुठियाई सेक्शन अण्डर द जूरिसडिक्शन ऑफ डीईएन (सेन्ट्रल),कोटा एण्ड सिनीयर डीईएन (ईस्ट) कोटा (टोटल = 25 नं.), **अनुमानित लागत :** 33840448.41, **बयाना राशि :** 319200.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय:**18.08.2025 को 15.30 घंटे पर, **टेंडर संख्यॉं:** 150/2025, **कार्य का विवरण :** कोटा–चितौड़ सेक्शनः कंन्स्ट्रेक्शन ऑफ एस एण्ड टी बिल्डिंग इन कनेक्शन विद इंटरलोकिंग ऑफ एलसी नं. 13, 43, 45 (कोटा–चितौड़) अण्डर द जूरिसडिक्शन ऑफ एडीईएन/सी/कोटा, **अनुमानित लागत :** 8156552.10, **बयाना राशि :** 163100.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय:**18.08.2025 को 15.30 घंटे पर, **टेंडर संख्यॉं:** 151/2025 आर, **कार्य का विवरण :** कोटा–रुठियाई सेक्शनः– रीहेबिलीटेशन ऑफ ब्रिज नं.:134 अण्डर दि जूरिस्डिक्शन ऑफ एडीईएन/बांरा, **अनुमानित लागत :** 28169480.27, **बयाना राशि :** 290900.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय:**18.08.2025 को 15.30 घंटे पर, **टेंडर संख्यॉं:** 152/2025, **कार्य का विवरण :** सालपुरा डिपो–सप्लाई ऑफ 70000 क्युबिक मीटर 65 एम.एम. साइज मशीन क्रस्ड स्टोन बैलास्ट ऑफ अप्रूव्ड क्वालिटी एण्ड लोडिंग इनटु होपरस/वैंगन एट, **अनुमानित लागत :** 44844788.52, **बयाना राशि :** 374200.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय:**25.08.2025 को 15.30 घंटे पर, **टेंडर संख्यॉं:** 153/2025, **कार्य का विवरण :** कोटा–मथुरा सेक्शन– बेंलिग आउट ऑफ वाटर/मड़ फॉम एलएचएस इन लियू ऑफ एल सी नं. 167, 168, 171, 174, 176, 177, 178, 181, 182, 183, 183X, 184 एण्ड 185 इन्क्लूडिंग क्लीजिंग ऑफ सम्प/ड्रेन अण्डर द एसएसई/वर्कस/ गंगापुरसिटी (इक्कीस महीनें के लिए), **अनुमानित लागत :** 1079209.70, **बयाना राशि :** 21600.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय:**18.08.2025 को 15.30 घंटे पर, पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई–निविदा में तथा वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

(हस्ता)

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


### कल्याण बनर्जी का इस्तीफा मंजूर

# काकोली दस्तीदार लोकसभा में चीफ व्हिप और शताब्दी रॉय को उपनेता का जिम्मा

**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को लोकसभा में काकोली घोष दस्तीदार को अपना चीफ व्हिप नियुक्त किया है। ममता बनर्जी की पार्टी ने शताब्दी रॉय को निचले सदन में अपना उप नेता बनाया है। बता दें कि कल्याण बनर्जी ने सोमवार को लोकसभा में पार्टी के चीफ व्हिप के पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने पार्टी के भीतर मतभेद और सांसदों के बीच समन्वय की कमी को इसका कारण बताया था। मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट किया कि कल्याण बनर्जी ने सोमवार को लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस संसदीय दल के चीफ व्हिप पद से अपना इस्तीफा अध्यक्ष को सौंप दिया। अध्यक्ष ने डॉ काकोली घोष दस्तीदार को लोकसभा में पार्टी का नया चीफ व्हिप और शताब्दी रॉय को तत्काल प्रभाव से लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस का नया उपनेता नियुक्त किया है।

यह निर्णय तृणमूल कांग्रेस सांसदों (लोकसभा और राज्यसभा दोनों) की एक वर्चुअल मीटिंग के बाद आया। इस मीटिंग की अध्यक्षता पार्टी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने की। दरअसल, वरिष्ठ अधिवक्ता और श्रीरामपुर से चार बार सांसद रह चुके कल्याण बनर्जी का इस्तीफा टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के साथ कई चर्चित विवादों और क्रिकेटर से नेता बने कीर्ति आजाद के साथ सार्वजनिक बहस के बाद आया है।

# 'हमारा पाड़ा, हमारा समाधान' को लेकर जिलाधिकारियों को दिए गए तीन निर्देश

### मुख्य सचिव ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ की बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** ममता सरकार का 'हमारा पाड़ा, हमारा समाधान' योजना दो अगस्त से शुरू हुई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के सभी शीर्ष अधिकारियों को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। इस कार्यक्रम के महत्व को समझाने के लिए मुख्य सचिव मनोज पंत ने मंगलवार की सुबह राज्य के सभी जिलाधिकारियों(डीएम) के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने 'हमारा पाड़ा, हमारा समाधान' योजना को और प्रभावी बनाने के लिए कई निर्देश दिए हैं। नवान्न सूत्रों के अनुसार, मुख्य सचिव ने शिविर को सफल बनाने के लिए तीन निर्देशों का अक्षरशः पालन



करने को कहा है। उन्होंने जिलाधिकारियों को यह भी सूचित किया है कि वे हर मामले पर कड़ी नजर रखेंगे। नवान्न सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए तीन निर्देशों में से पहला यह है कि इन शिविरों का प्रचार-प्रसार और अधिक मजबूत किया जाए, ताकि आम लोगों को पता चले कि शिविर कहां और कब आयोजित किए जा रहे हैं। दूसरे निर्देश में कहा गया है कि संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों का शिविर के दौरान पूरे समय मौजूद रहना अनिवार्य है। तीसरा, यह कहा गया है कि शिविर ऐसे स्थानों पर आयोजित किए जाने चाहिए जहां आम लोग आसानी से पहुंच सकें। बता दें कि मुख्य सचिव ने सोमवार शाम संवाददाता सम्मेलन ने बताया था कि तीन दिनों में लाखों लोगों को पहुंचने का दावा किया था। इसके बाद, मंगलवार की सुबह उन्होंने जिलाधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें अपनी सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए।


**Balarampur Development Block**
**P.O.-Rangadih, Dist.-Purulia, Pin-723143**

**NOTICE INVITING 04 NOS. E-TENDER WB/BDO/BLR/NIeT-10/2025-26 Date -04.08.2025**

E-Tender are invited by the undersigned from the bonafied contractor for **04 nos. Construction work under Balarampur Development Block.**

Period for downloading of bid documents **05.08.2025 from 10.00 A.M. up to 11.08.2025 to 6.00 P.M.** and the time & date of opening of technical bid on **14.08.2025 at 11. 00 A.M.** The Financial bid to be notified.

For details intending participant may contact to the office of the undersigned or visit website **www.wbtenders.gov.in** in any working day before the last date for submission of bid documents.

**Sd/-**
**Block Development Officer**
**Balarampur Development Block**


### भाषा विवाद में दिल्ली पुलिस के समर्थन में उतरे दिलीप घोष

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाली और बांग्लादेशी भाषा को लेकर उठे विवाद में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष खुलकर दिल्ली पुलिस के समर्थन में आ गए हैं। मंगलवार की सुबह पत्रकारों से बातचीत में घोष ने कहा कि इस विवाद से स्पष्ट हो जाएगा कि बंगाल की भाषा और बांग्लादेश की भाषा में फर्क क्या है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह दोनों भाषाओं को जानबूझकर मिलाने की कोशिश कर रही है। घोष ने कहा कि विदेशी रेडियो चैनलों पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों में अक्सर बांग्लादेश की भाषा को ही 'बांग्ला' कहा जाता है। लेकिन पश्चिम बंगाल के लोग जिस भाषा में बात करते हैं, वह अलग है। हम 'खाइतासी' या 'जाइतासी' जैसे शब्द इस्तेमाल नहीं करते। दिल्ली पुलिस ने जिस भाषा को बांग्लादेशी कहा, उसमें कुछ भी गलत नहीं है। इससे साफ हो जाएगा कि कौन-सी भाषा बंगाल की है और कौन-सी बांग्लादेश की।

# डाटा सुरक्षा नीति के उल्लंघन पर चुनाव आयोग ने राज्य के दो ईआरओ-दो एईआरओ को किया निलंबित

### एक डाटा एंट्री ऑपरेटर के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** डाटा सुरक्षा नीति का उल्लंघन करने पर चुनाव आयोग ने बड़ी कार्रवाई की है। चुनाव आयोग ने ईआर डाटाबेस के लॉगिन क्रेडेंशियल साझा करने पर राज्य के दो ईआरओ (निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी) और दो एईआरओ (सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी) को निलंबित कर दिया है। आयोग ने दोनों अफसरों को गंभीर चूक करने, अपने कर्तव्यों का पालन करने में विफल रहने और अनाधिकृत व्यक्तियों के साथ ईआर डाटाबेस के अपने लॉगिन क्रेडेंशियल साझा करने का दोषी माना है। चुनाव आयोग के सचिव सुजीत कुमार मिश्रा ने राज्य के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी मतदाता सूची की तैयारी और पुनरीक्षण का काम करता है। साथ ही, मतदाता सूची की तैयारी, पुनरीक्षण, संशोधन और चुनाव संचालन के वक्त इन अधिकारियों को चुनाव आयोग के अधीन माना जाता है। सचिव ने कहा कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिनांक 29.07.2025 को एक वीडियो भेजी है। इसमें विधानसभा संख्या 137 – बारुईपुर पूर्व के ईआरओ और एईआरओ के मतदाता सूची में गलत प्रविष्टियां करने की जानकारी दी गई है। साथ ही, अधिकारी आवेदन निपटाने के अपने कर्तव्य का पालन करने में विफल रहे। इसके अलावा, उन्होंने ईआर डेटाबेस के अपने लॉगिन क्रेडेंशियल्स अनधिकृत व्यक्तियों के साथ साझा किए। आयोग ने कहा कि बारुईपुर पूर्व के ईआरओ देबोताम दत्ता चौधुरी, एईआरओ तथागत मोंडल, ईआरओ मोयला बिप्लब सरकार और एईआरओ मोयना सुदीप्त दास को निलंबित किया जाता है। आयोग ने निर्देश दिए हैं कि ईआरओ-एईआरओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। साथ ही, डाटा एंट्री ऑपरेटर सुरोजित हाल्दर के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज कराई जाए।

# बांग्लादेशी मॉडल शांता पाल को फर्जी दस्तावेज दिलाने के आरोप में नैहाटी से एक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेशी मॉडल शांता पाल के मामले में कोलकाता पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। फर्जी भारतीय दस्तावेज तैयार कराने में उनकी मदद करने के आरोप में पुलिस ने नैहाटी के एक युवक सौमिक दत्ता (35) को गिरफ्तार किया गया है। उसे कोलकाता पुलिस की एंटी-गुंडा स्क्वाड ने हिरासत में लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शांता पाल बांग्लादेश के बारीशाल की निवासी हैं और वह पेशे से एक मॉडल रही हैं। बांग्लादेश में मॉडलिंग के साथ-साथ फिल्मों में भी उन्होंने काम किया था और 2019 की एक सौंदर्य प्रतियोगिता में भी हिस्सा



लिया था। भारत आने के बाद शांता ने तेलुगु फिल्मों में भी अभिनय किया और कोलकाता में कार रेंटल व पर्यटन व्यवसाय की शुरुआत की। 2023 से वह दक्षिण कोलकाता के जादवपुर के पास विक्रमगढ़ में किराए के मकान में रह रही थीं।

हाल ही में उन्होंने पर्यटन से जुड़े एक नए व्यवसाय के लिए संपर्क साधा था, जिसके दौरान उनकी पहचान पार्क स्ट्रीट निवासी एक व्यक्ति से हुई। इसी व्यक्ति ने बाद में शिकायत की कि शांता पाल बांग्लादेशी पासपोर्ट पर भारत आईं और यहां फर्जी भारतीय पहचान पत्र बनवाकर अवैध रूप से रह रही हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि शांता का वीज़ा जुलाई 2025 में ही समाप्त हो चुका है, बावजूद इसके वह राज्य में रह रही थीं। पूछताछ के दौरान शांता ने खुद को विवाहित बताया और कहा कि पश्चिम बंगाल का शांतिपूर्ण वातावरण उन्हें पसंद है, इसलिए वह यहीं रहना चाहती थीं।


**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 30/ईटी/2025–26 दिनांक: 31.07.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 13251335 | सेट ऑफ हाई टेंसिल हार्डवायर फॉर फीएट बोगी सेट | 2194 सेट | 28/08/2025 |
| 02 | 12241399 | सेंट आफ सब असेम्बली फॉर इयर स्प्रिंग टाइप बोगी फ्रेम आफ नान एसी कोचेज | 612 सेट | 28/08/2025 |
| 03 | 07251644 | अकसेलरेट विद 06 प्रसेन्ट कोबाल्ट | 3575 किग्रा | 26/08/2025 |
| | | पोलिस्टर रेसिन थिक क्रीम | 76100 किग्रा | |
| | | कैटलिस्ट | 2615 किग्रा | |
| 04 | 11251140 | रूफ फ्लैज फॉर एलडब्लूएस कोचेज (सीआरएफ) | 1140 नग | 23/09/2025 |
| 05 | 11251159 | रूफ कम्पलीट फॉर एलडब्लूएलआरआरएम एलएचबी कोच (विदाउट पराईमर) | 80 नग | 16/09/2025 |

शुद्धि पत्र

| | | | | मौजूदा मूल्य | संशोधित मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 26/ईटी/2025–26 दिनांक 18.07.2025 | टैन्डर न. 03251415 | निविदा खुलने की तिथि 01/08/2025 के स्थान पर तिथि 08/08/2025 पढ़े। | 1126 नग | 4412 नग |
| | | | | 1306 नग | 4160 नग |
| 02 | 28/ईटी/2025–26 दिनांक 26.07.2025 | टैन्डर न. 03251547 | निविदा खुलने की तिथि 01/08/2025 के स्थान पर तिथि 08/08/2025 पढ़े। | | |
| 03 | 20/ईटी/2025–26 दिनांक 28.06.2025 | टैन्डर न. 05251065 | निविदा खुलने की तिथि 06/08/2025 के स्थान पर तिथि 13/08/2025 पढ़े। | | |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम & पी

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या– MCF-ELECT-PR-02-2025 दिनांक: 31.07.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप. मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस, आधुनिक कोच फैक्ट्री, रायबरेली द्वारा भारतीय रेलवे के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से सक्षम एवं अनुभवी निविदाकारों से एकल पैकेट सिस्टम पर आधारित ओपन ई–निविदा निम्न कार्य के लिए आमंत्रित की जा रही है।

**विवरण:–**

**1. कार्य का नाम** भंडार डिपो के बुनियादी ढांचे में सुधार हेतु शेल शॉप का प्रावधान, मौजूदा सब स्टेशन का विस्तार एवं अन्य विद्युतीय कार्य। **2. कार्य का स्थान** आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली। **3. लागत (लगभग)** ₹ 43530475.63 **4. अग्रिम राशि** ₹ 367700.00 **5. निविदा बंद करने की तिथि व समय** 25/08/2025 (15.30 बजे) **6. कार्य समाप्ति की अवधि** बारह महीने। **7. नियम और शर्तें** अन्य विवरण, नियम और शर्तें www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज में उपलब्ध हैं

उप. मुख्य विद्युत् अभियंता/पीएस एवं प्रोजेक्ट

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप. मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नीशिंग, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये (ई–निविदा सं. एम–200/एमसीएफ/आरबीएल/ फर. एक्टिवटी /एलडब्ल्यूएसडीडीजी/एस एंड ए/एफ–80, दिनांकः– 30.07.2025) खुली एकल पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है– **कार्य का नाम** कार्य के दायरे के अनुसार पूर्ण मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल "फर्निशिंग और फिटिंग्स सहित आंतरिक और बाहरी प्लंबिंग फिटिंग्स/गतिविधियों के लिए एलडब्ल्यूएस /डीडीजी एलएचबी प्रकार के कोचों में कोच लोअरिंग के साथ–साथ एफआरपी सीलिंग पैनल, साइड वॉल पैनल और एलडब्ल्यूएस/ डीडीजी कोचों के लिए दरवाजा पैनलों के लिए कवरिंग की आपूर्ति के साथ (सेट सूची संख्या MCFFRPCSPLWS Ver. –4 के अनुसार) "फर्निशिंग और फिटिंग" के लिए निविदा का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपया में)** रु 51927459.59 **अमानत राशि (रुपया में)** रु. 4,09,600.00 **कार्य की मात्रा–** 127 एलडब्ल्यूएस/डीडीजी कोच। **कार्य समापन की अवधि–** 09 माह। ● **ई–निविदा** दिनांक– 21.08.2025 को 15:00 बजे तक ऑन–लाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। ● **ई–निविदा** दिनांक– 21.08.2025 को 15.00 बजे के बाद ऑन–लाइन http://www.ireps.gov.in के द्वारा खोली जाएगी। ● ई–निविदा सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेब साइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नीशिंग

**शुद्धि पत्र संख्या–1. दिनांक–31/07/2025**

| शुद्धि पत्र | टेंडर नं. RE-CAMC-SBFM -25-26-120 | निविदा खुलने की तिथि 01/08/2025 के स्थान पर 07/08/2025 पढ़ा जाये |
|---|---|---|

Website: www.ireps.gov.in

कार्य प्रबंधक/सयंत्र

निविदा संख्याः– SIG-504-CAMC-CCTV-2025-RE, नियत तिथिः 22.08.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/आईटी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लियेः निविदा सूचना संख्या SIG-504-CAMC-CCTV-2025-RE, नियत तिथिः– 22.08.2025 के माध्यम से खुली ई. निविदा आमंत्रित की जाती है–

**कार्य का नाम**– मॉडर्न कोच फैक्ट्री रायबरेली (उत्तर प्रदेश) में स्थापित सीसीटीवी कैमरों सहित सभी सहायक उपकरणों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में** ₹ 1,02,51,027.37 (रु. एक करोड़ दो लाख इक्यावन हजार सत्ताईस और सैंतीस पैसे मात्र) **धरोहर राशि सबसे पास 100 के गुणक. ₹**2,01,300.00 (रु. दो लाख एक हजार तीन सौ मात्र) **निविदा प्रपत्र का मूल्य ₹**5000/–कार्य समापन की अवधि 24 माह ● **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय 22.08.2025 को 15.30 बजे।** ● विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उप मुख्य यांत्रिक अभियंता / आईटी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/48, दिनांक 04.08.2025; प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं निविदा सं., विवरण,** ईएमडी क्रमशः निम्नलिखित हैं: **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 19.08.2025 को अपराह्न 1.30 बजे:** (1) 01251433; डेंसिफाइड थर्मल बांडेड पॉलिस्टर ब्लॉकों इत्यादि की खरीददारी; रु. 1,34,290/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 21.08.2025 को अपराह्न 1.30 बजे:** (2) 01251431; डेंसिफाइड थर्मल बांडेड पॉलिस्टर ब्लॉकों इत्यादि की खरीददारी; रु. 2,54,210/-। (3) 21251026; कैसनब 22डब्ल्यू एवं बीएलसी टाइप कंटेनर वैगन इत्यादि में सीटीआरबी क्लास 'ई' (6" x 11") के लिए फीटेड चौड़े जों का अडाप्टर; रु. 1,77,140/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 25.08.2025 को अपराह्न 1.30 बजे:** (4) 08251012; केबल सिंगल कोर 10 वर्ग मिमी 750 वोल्ट्स; रु. 1,09,000/-। (5) 08251693; 9केवीए, 750वी/415वी/190वी, 3-फेज ड्राई टाइप डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफॉर्मर इत्यादि की खरीददारी; रु. 1,03,880/-। (6) 10242428ए; पी7 लोको टी के लिए सम्पूर्ण गीयर केस; रु. 1,16,540/-। (7) 11251069; फूट प्लेट अरेंजमेंट; रु. 1,07,050/-। (8) 11251803; एलएचबी कोचों इत्यादि के लिए अर्थिंग रेसिस्टर की खरीददारी; रु. 1,89,500/-। (9) 11251824ए; हाई टेंसाइल टाइट लॉक सेंटर बफर; रु. 11,78,080/-। (10) 11251825ए; एसएस बोल्टों का किट; रु. 1,17,910/-। (11) 12255278ए; 1. संलग्न परिशिष्ट-ई के अनुसार बीसीएम-709 मशीन आईओएच के लिए विभिन्न पुर्जों (42 अदद) का सम्पूर्ण सेट, निर्माताः प्लाजर, 2. संलग्न परिशिष्ट-डी के अनुसार बीसीएम-728 मशीन आईओएच के लिए विभिन्न पुर्जों (42 अदद) का सम्पूर्ण सेट, निर्माताः प्लाजर; रु. 1,67,790/-। (12) 12255634; डिस्ट्रिब्यूटर गीयर बॉक्स; रु. 1,19,080/-। (13) 15255080; 850-900 केडब्ल्यू रेडियेटर कूल्ड डीजल इंजन युक्त डीजल जेनेरेटिंग सेट की आपूर्ति, स्थापना के साथ नींव तैयार करना, कनेक्शन, जांच एवं चालू करना; रु. 2,43,000/-। (14) 20253045; 3 फेज एसी ईएमयू के लिए संलग्न परिशिष्ट के अनुसार 51 मदें युक्त वीवी120 कम्प्रेशर के लिए आवश्यक बदलाव वाली ओवरहॉलिंग किट; रु. 1,08,770/-। (15) 21251002; कार्ट्रिज बीयरिंग असेम्बली (6" x11") क्लास 'ई' इत्यादि के लिए एक्सल इंड स्टील हाई टेंसाइल कैप स्क्रू (1" व्यास 8 यूएनसी 2ए x 2-1/4" थ्रेड लंबाई); रु. 1,62,800/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 27.08.2025 को अपराह्न 1.30 बजे:** (16) 10255041ए; आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली; रु. 20,00,000/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 29.08.2025 को अपराह्न 1.30 बजे:** (17) 10245029ए; डब्ल्यूएजी-7 इलेक्ट्रिक लोको के लिए को-को बोगी फ्रेम; रु. 2,17,120/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 01.09.2025 को अपराह्न 1.30 बजे:** (18) 11251413; कूड़ेदान की व्यवस्था इत्यादि की खरीददारी; रु. 1,01,140/-। (19) 20251085; ईएमयू कोचों के शाकू कपलर के लिए फोर्क आई (सब-असेम्बली); रु. 1,96,320/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 08.09.2025 को अपराह्न 1.30 बजे:** (20) 11251736; एलएचबी कोचों इत्यादि के लिए दरवाजे आर.एच. एवं एल.एच व्यवस्था की खरीददारी; रु. 6,81,060/-। (21) 20251135; एसी ईएमयू के लिए पिनियन 20 टीथ; रु. 1,50,380/-। (22) 21251118; सम्पूर्ण डिस्ट्रिब्यूटर वॉल्व इत्यादि; रु. 10,44,970/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 09.09.2025 को अपराह्न 1.30 बजे:** (23) 05251283; सर्वोप्लेक्स एसएचसी-120 की खरीददारी; रु. 8,11,860/-। (24) 11251813; कोचिंग स्टॉक (कॉस्टिंग) इत्यादि के लिए संशोधित आईआरएस साइड बफर केसिंग की खरीददारी; रु. 2,24,980/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 10.09.2025 को अपराह्न 1.30 बजे:** (25) 11252617; स्फेरोइलास्टिक रबड़ बीयरिंग; रु. 2,51,220/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 15.09.2025 को अपराह्न 1.30 बजे:** (26) 11251014; कोचिंग स्टॉक इत्यादि के लिए वर्द्धित क्षमता के साइड बफर की खरीददारी; रु. 4,99,580/-। (27) 21251022; कैसनब बोगी इत्यादि के लिए बोगी सेंटर पाइवोट टॉप; रु. 3,42,180/-। (28) 21251392; सम्पूर्ण प्रेशर ट्रांसफॉर्मर इत्यादि; रु. 3,74,790/-। (29) 21251417; कैसनब बोगी इत्यादि के लिए बोगी सेंटर पाइवोट बॉटम; रु. 4,51,100/-। (30) 21251420बी; सीटीआरबी क्लास 'ई' 6"x11" इत्यादि के लिए फिटेड नैरो जों अडाप्टर; रु. 20,00,000/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 16.09.2025 को अपराह्न 1.30 बजे:** (31) 05251189; ट्रैक्शन मोटर इत्यादि के लिए रोलर बीयरिंग एनयू2236 एवं एनएजे 320 के सेट की खरीददारी; रु. 17,38,280/-। (32) 11251704; नॉन-एसी कोचों इत्यादि के लिए शौचालय दरवाजे की खरीददारी; रु. 2,04,370/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 17.09.2025 को अपराह्न 1.30 बजे:** (33) 11251810; बोगी बोलस्टर सस्पेंशन इत्यादि के लिए हैंगर की खरीददारी; रु. 4,10,660/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 22.09.2025 को अपराह्न 1.30 बजे:** (34) 11251812; स्क्रू कपलिंग असेम्बली (वर्द्धित क्षमता) इत्यादि की खरीददारी; रु. 2,97,490/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 06.10.2025 को अपराह्न 1.30 बजे:** (35) 21251133; केई डिजाइन डिस्ट्रिब्यूटर वॉल्व इत्यादि के लिए ओवरहॉलिंग किट; 0। (36) 21251134; ओवरहॉलिंग रबड़ किट इत्यादि; 0। **निविदा लागत :** रु. 0 (सभी के लिए)। **शुद्धिपत्रः** नीचे उल्लेखित निविदा के लिए जारी की गई संशोधनी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** देखें: 05251176 नियत तारीख 18.08.2025। **टिप्पणीः** उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिए ऑन-लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। उपरोक्त उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में और अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। (STORES-26/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# खेजुरी में दोहरी मौत के मामले में दुबारा पोस्टमॉर्टम कराने का निर्देश

**कोलकाता :** पूर्व मेदिनीपुर के खेजुरी में हुई दो मौतों के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने बड़ा निर्देश जारी किया है। मृतकों के परिजनों ने सिंगल बेंच के आदेश को चुनौती देते हुए डिवीजन बेंच में अपील की थी। इस अपील को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने एसएसकेएम अस्पताल में दुबारा पोस्टमॉर्टम कराने का आदेश दिया है। मंगलवार को कोर्ट ने निर्देश दिया कि एसएसकेएम अस्पताल के अधीक्षक को एक मेडिकल बोर्ड गठित करना होगा, और यह पोस्टमॉर्टम न्यायिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में होना चाहिए। पोस्टमॉर्टम की वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य रूप से करनी होगी और रिपोर्ट को सील बंद लिफाफे में अदालत में जमा करना होगा। अदालत ने कहा कि मृतकों के शव वर्तमान में सुरक्षित रखे गए हैं और परिजन पहले किए गए पोस्टमॉर्टम पर भरोसा नहीं कर रहे हैं, इसलिए पुनः पोस्टमॉर्टम आवश्यक है। हालांकि, डिवीजन बेंच ने यह नहीं कहा कि पहले पोस्टमॉर्टम में कोई गड़बड़ी थी।



न्यायाधीशों ने स्पष्ट किया कि वे यह नहीं कह रहे कि डॉक्टरों ने जानबूझकर गलत रिपोर्ट दी है, लेकिन चूंकि मृतकों के परिवार को शक है, इसलिए सच्चाई सामने आना ज़रूरी है। गौरतलब है कि 12 जुलाई को खेजुरी में एक कार्यक्रम देखने गए सुजीत दास और सुधीर पाइक नामक दो व्यक्तियों की मौत हो गई थी। मृतकों के परिजनों का आरोप है कि उन्हें पीट-पीटकर मारा गया क्योंकि शवों पर चोट के निशान पाए गए। इस मुद्दे को लेकर भाजपा ने भी सवाल उठाए थे। हालांकि, पहले पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पुलिस ने दावा किया कि दोनों की मौत करंट लगने से हुई थी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान मृतकों के परिवारों ने अदालत में कहा कि वे केंद्र सरकार के अधीन किसी अस्पताल में दोबारा पोस्टमॉर्टम कराना चाहते हैं। इसके जवाब में राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि पहला पोस्टमॉर्टम वीडियोग्राफी के साथ परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में किया गया था और विशेषज्ञों ने दोबारा जांच की सिफारिश नहीं की थी। इसके बावजूद, डिवीजन बेंच ने परिजनों की मांग को स्वीकार करते हुए दोबारा पोस्टमॉर्टम कराने का आदेश दिया।

## 'वह दस्तावेज तो है ही नहीं...'

❏ **आर.जी. कर घोटाला मामले में सीबीआई को कोर्ट की फटकार**
❏ **आवश्यक दस्तावेज न पेश करने पर जज ने जताई कड़ी नाराजगी**

**कोलकाता :** आर.जी. कर अस्पताल से जुड़ी कथित भ्रष्टाचार के मामले में गवाही के तीसरे दिन विशेष सीबीआई अदालत में कड़ी नाराज़गी व्यक्त की न्यायाधीश ने। जज ने साफ शब्दों में सवाल किया कि निर्देश देने के बावजूद आवश्यक दस्तावेज पेश क्यों नहीं किए गए?

मामले की सुनवाई अलीपुर स्थित विशेष सीबीआई अदालत में हो रही है। आज गवाही देने पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, जिन्होंने टाला थाने में मूल शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी संदीप घोष के वकील संजय दाशगुप्ता द्वारा पूछे गए कई सवालों को उन्होंने यह कहकर टाल दिया कि मुझे याद नहीं या मुझे जानकारी नहीं है।

गवाही के दौरान संदीप घोष के वकील ने सीबीआई से एक विशेष दस्तावेज प्रस्तुत करने की मांग की। इस पर सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को सूचित किया कि वह दस्तावेज़ फिलहाल मौजूद नहीं है।

इस जवाब से नाराज जज ने कहा, कोर्ट ने पहले ही आदेश दिया था कि सभी आवश्यक दस्तावेज़ के साथ पेश हों। जब गवाही चल रही है, तब दस्तावेज़ उपलब्ध न होना गंभीर लापरवाही है। न्याय प्रक्रिया में यह स्वीकार्य नहीं है।

सीबीआई की ओर से जवाब आया कि मामले में दस्तावेज़ों की संख्या बहुत अधिक है और सभी को एक साथ अदालत में लाना संभव नहीं। इस पर न्यायाधीश ने दो टूक कहा, गवाही की प्रक्रिया में संबंधित दस्तावेज़ अनिवार्य हैं। इन्हें कल अदालत में लाना होगा। उन्होंने आगे आदेश दिया कि गवाही की प्रक्रिया कल फिर से जारी रहेगी।

### चुनाव बाद हिंसा : भाजपा कार्यकर्ता की हत्याकांड में हाई कोर्ट ने दो पुलिस कर्मियों को दी जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा में भाजपा कार्यकर्ता अभिजीत सरकार की हत्या के मामले में आरोपित तत्कालीन कोलकाता पुलिस की उपनिरीक्षक रत्ना सरकार और होमगार्ड दीपांकर देबनाथ को जमानत दे दी। मंगलवार को न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की पीठ ने जेल में बंद दोनों पुलिस कर्मियों की जमानत याचिका सशर्त मंजूर कर ली। उल्लेखनीय है कि 18 जुलाई को, विशेष सीबीआइ अदालत ने लगभग साढ़े चार साल पुराने इस मामले में रत्ना और दीपांकर को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। इसके अलावा, न्यायाधीश ने कोलकाता पुलिस के सेवानिवृत्त सहायक उपनिरीक्षक (तत्कालीन नारकेलडांगा थाने के प्रभारी) शुभजीत सेन और 'सहयोगी' सुजाता दे की जमानत याचिका भी खारिज कर दी थी और उन्हें जेल भेज दिया था।

### नंदकुमार में महिला डांसर से दुष्कर्म के आरोप में ऑर्केस्ट्रा मालिक गिरफ्तार

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के नंदकुमार थाने ने महिला डांसर से दुष्कर्म के आरोप में ऑर्केस्ट्रा टीम के मालिक को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को तमलुक कोर्ट के जज ने आरोपी को 14 दिनों के लिए जेल में भेजने का आदेश दिया। सूत्रों के मुताबिक, 10 जुलाई को नंदकुमार में एक महिला डांसर के साथ उसकी डांस टीम के मालिक ने दुष्कर्म किया था। उसे धमकी भी दी गई ताकि वह घटना के बारे में किसी को न बताए। युवती डर के कारण लगभग एक महीने तक किसी को नहीं बता सकी। हालांकि, बाद में, उसने अपने डर पर काबू पा लिया और पुलिस से संपर्क किया। एक अगस्त को पीड़ित लड़की ने अपने मालिक के खिलाफ नंदकुमार थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। उसकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। गत सोमवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## बागदा में स्कूल शिक्षक पर नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप, गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बागदा में एक स्कूल शिक्षक पर तीसरी कक्षा की एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने आरोपी को शिक्षक हिरासत में लेकर बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी का नाम शिमुल बिस्वास है। यह घटना बागदा थाना अंतर्गत हुड्डा गांव के हुड्डा प्राथमिक विद्यालय में हुई। नाबालिग लड़की के परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी सोमवार को स्कूल नहीं जाना चाहती थी। कारण पूछने पर उसने कुछ नहीं बताया। फिर, दबाव बनाने के लिए, उसने बताया कि शुक्रवार को जब वह स्कूल गई थी, तो आरोपी शिक्षक ने सभी को छुट्टी दे दी और उसे बैठने के लिए कहा। कथित तौर पर, आरोपी शिक्षक शिमुल बिस्वास ने



उसके शरीर के विभिन्न अंगों को छुआ। फिर, मंगलवार को परिवार के सदस्य स्कूल गए और शिक्षक से इस बारे में पूछा। खबर सामने आने पर अन्य अभिभावक और स्थानीय लोग वहां पहुंचे और शिक्षक को हिरासत में ले लिया। फिर, बागदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी शिक्षक को थाने ले जाया गया। नाबालिग के परिजनों ने थाने में आरोपी शिक्षक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। बाद में, बागदा थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## एगरा विस्फोट मामला: रिपोर्ट नहीं दी तो मुख्य सचिव को बुलाया जाएगा, राज्य सरकार को हाई कोर्ट की सख्त चेतावनी

**कोलकाता :** एगरा विस्फोट कांड में कोलकाता हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को अंतिम चेतावनी दी है। कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अगर अगले 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश नहीं की गई, तो राज्य के मुख्य सचिव को अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा। यह निर्देश न्यायमूर्ति सुजॉय पाल और न्यायमूर्ति स्मिता दास की डिवीजन बेंच ने दिया। गौरतलब है कि 16 मई 2023 को पूर्व मेदिनीपुर के एगरा इलाके में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हुआ था, जिसमें 10 से 12 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हुए थे। इस घटना की जांच राज्य



की सीआईडी कर रही है, लेकिन मामला करने वालों ने आरोप लगाया है कि अब तक विस्फोटक अधिनियम के तहत कोई धारा नहीं जोड़ी गई, और ना ही प्राथमिक दस्तावेज एनआईए को सौंपे गए। इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने की मांग को लेकर हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने और समय मांगा, लेकिन कोर्ट इस पर असंतुष्ट रहा। एनआईए के वकील ने अदालत में कहा कि यदि हाई कोर्ट या केंद्र सरकार उन्हें जांच की जिम्मेदारी देती है तो वे जांच को स्वीकार करेंगे। कोर्ट ने राज्य की ढीली जांच प्रक्रिया पर नाराज़गी जताई और कहा कि अभी भी जांच में गंभीर खामियाँ हैं। इस संदर्भ में कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि यदि सात दिनों में रिपोर्ट पेश नहीं होती है, तो मुख्य सचिव को कोर्ट में उपस्थित होना पड़ेगा। मामले की अगली सुनवाई 18 अगस्त को होगी।

### साधु के वेश में लूटपाट, महिला का मंगलसूत्र छीनकर भाग रहे चार ठगों को पुलिस ने दबोचा

**आसनसोल :** कुल्टी थाना अंतर्गत चौरंगी फाड़ी पुलिस ने साधु के भेष में लूटपाट करने वाले चार ठगों को धर दबोचा। आरोपियों ने सोमवार को झारखंड निवासी कृष्णा बाउरी की पत्नी का सोने का मंगलसूत्र छीनकर फरार होने की कोशिश की थी। सभी आरोपी उत्तराखंड



और हरियाणा के रहने वाले हैं। घटना तब हुई, जब कृष्णा बाउरी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ पुराना कल्याणेश्वरी मंदिर में पूजा करने के बाद लौट रहे थे। 19 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग के पास दमागड़िया रेल ब्रिज के समीप चार लोग साधु के वेश में खड़े थे। उन्होंने आशीर्वाद देने के बहाने महिला को रोका और गले से मंगलसूत्र झपट लिया। इसके बाद, आरोपी चार पहिया वाहन से कोलकाता की ओर फरार हो गए। सूचना मिलते ही चौरंगी फाड़ी पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए जांच शुरू की। पता चला कि आरोपी जिस वाहन से भागे थे, वह झारखंड की ओर लौट रहा है। पुलिस ने मेलाकोला इलाके में नाका चेकिंग कर संदिग्ध गाड़ी को रोका और चारों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूट का मंगलसूत्र और वाहन बरामद हुआ। मंगलवार को आरोपियों को आसनसोल अदालत में पेश किया गया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि क्या यह गिरोह किसी बड़े आपराधिक नेटवर्क का हिस्सा है। घटना ने स्थानीय लोगों में दहशत फैला दी है।

## दमदम-कवि सुभाष मेट्रो कॉरिडोर के स्टेशनों का किया गया सुरक्षा ऑडिट

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेल मंत्रालय के उपक्रम 'राइट्स' द्वारा कोलकाता मेट्रो की ब्लू लाइन के दमदम-कवि सुभाष खंड का सुरक्षा ऑडिट किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बता दें कि ब्लू लाइन खंड के कवि सुभाष मेट्रो स्टेशन की अवसंरचना में दरारें आने के बाद 28 जुलाई को इसे बंद कर दिया गया था। इसके बाद, घोषणा की गई कि शहर के दक्षिणी छोर पर स्थित 15 साल पुराने न्यू गड़िया मेट्रो स्टेशन के अप लाइन के प्लेटफॉर्म को तोड़कर दोबारा बनाया जाएगा जिसके परिणामस्वरूप स्टेशन को बंद कर शहीद खुदीराम स्टेशन पर अप और डाउन दोनों दिशाओं की ट्रेन सेवाएं रोकी जाएंगी। इस दिन, अधिकारी ने बताया कि ऑडिट में देश की पहली मेट्रो सेवा के 'एलिवेटेड' और भूमिगत हिस्सों में बने स्टेशनों की स्थिति और सुरंगों की हालत को ध्यान में रखा गया है। यह रिपोर्ट अब रेल मंत्रालय को जांच और आगे की जरूरी कार्रवाई के लिए सौंप दी गई है। हालांकि, ऑडिट में ऐसी कोई गंभीर बात सामने नहीं आई है जिसमें चिंता की बात हो। स्टेशन और सुरंगें संरचनात्मक रूप से सुरक्षित और ठीक पाई गई हैं। अधिकारी ने बताया कि रिपोर्ट में दमदम से महानायक उत्तम कुमार तक 16.45 किलोमीटर लंबी भूमिगत मेट्रो लाइन के 17 स्टेशनों की संरचनात्मक स्थिति पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सुरंग की हालत, महानायक उत्तम कुमार से कवि सुभाष तक के ऊपरी हिस्से में आदि गंगा नहर पर बने पिलर और उस खंड के छह स्टेशनों की नींव की भी जांच की गई। उन्होंने कहा कि राइट्स ने निरंतर रखरखाव अभियान के तहत इस साल की शुरुआत में एक सर्वेक्षण किया था और रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। उन्होंने कहा कि पिलर संरचनात्मक रूप से सुरक्षित और मजबूत पाए गए हैं, लेकिन अगर जन सुरक्षा के लिए कोई बदलाव या समायोजन करने की आवश्यकता होती है तो यह निर्णय रेलवे बोर्ड द्वारा लिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि हाल ही में भारी बारिश के बाद 'ब्लू लाइन' के भूमिगत हिस्से में पानी का रिसाव और पटरियों पर जलभराव के कुछ मामले सामने आए, जिससे सुरंगों की स्थिति पर निगरानी रखना और भी जरूरी हो गया है। उन्होंने बताया कि मेट्रो प्रशासन अपने स्टेशनों की संरचनात्मक स्थिति का मूल्यांकन करने में पूरी सावधानी बरत रहा है। उन्होंने कहा कि शहीद खुदीराम-दक्षिणेश्वर खंड के सभी स्टेशन अच्छी स्थिति में पाए गए हैं।

## बांकुड़ा में वृद्धा से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**बांकुड़ा :** जिले के छातना थाना इलाके में 57 वर्षीय एक महिला से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम सुजीत बाउरी उर्फ सन्नी (24) है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गत रविवार की दोपहर पीड़ित महिला गांव के पास एक खेत में बकरियां चराने गई थी। आरोप है कि उसी समय सुजीत बाउरी उर्फ सन्नी नाम का स्थानीय युवक महिला को खेत के किनारे ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद महिला गंभीर रूप से बीमार पड़ गई। जब परिवार वालों को मामले की जानकारी हुई तो बीमार महिला को पहले इलाज के लिए स्थानीय छातना सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले जाया गया।

बाद में, उसे बांकुड़ा सम्मिलानी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। गत सोमवार की शाम बुज़ुर्ग महिला के परिवार की ओर से सुजीत बाउरी उर्फ सन्नी नामक युवक के ख़िलाफ छातना थाने में दुष्कर्म की लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत मिलने पर छातना थाने ने जांच शुरू की और युवक को गांव से ही गिरफ़्तार कर लिया। मंगलवार को गिरफ़्तार व्यक्ति को बांकुड़ा ज़िला न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ़्तार व्यक्ति के ख़िलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 64(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी युवक ने शिकायत की सच्चाई स्वीकार कर ली है।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का नया डिजिटल प्लेटफॉर्म रेमिटफर्स्ट2इंडिया लॉन्च

**कोलकाता :** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने रेमिटफर्स्ट2इंडिया नाम से एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है, जो एनआरआई ग्राहकों को भारत में रहने वाले अपने परिवार को पैसे भेजने की सुविधा देता है, वह भी तेज़, सुरक्षित तरीके से और बिना किसी ट्रांसफर शुल्क के। बैंक के एनआरआई ग्राहक अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप के जरिए आसानी से लॉग-इन कर सकते हैं और ट्रांज़ेक्शन कर सकते हैं। वहीं, जो लोग फिलहाल आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के ग्राहक नहीं हैं, वे भी एक समर्पित वेब पोर्टल के जरिए पेपरलेस और आसान तरीके से रजिस्ट्रेशन कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस लॉन्च के बारे में बात करते हुए, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के हेड रिटेल लायबिलिटीज़, आशीष सिंह ने कहा, रेमिटफर्स्ट2इंडिया सिर्फ एक रेमिटेंस समाधान नहीं है, बल्कि हमारी कस्टमर-फर्स्ट सोच का उदाहरण है। हमने इसे आसान, पारदर्शी और पूरी तरह डिजिटल अनुभव बनाने के लिए तैयार किया है।

### एक्सिस बैंक ने टर्म डिपाज़िट की डिजिटल धोखाधड़ी से सुरक्षा के लिए शुरू की 'लॉक एफडी' सुविधा

**कोलकाता :** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने आज उद्योग में पहली बार एक सुविधा - 'लॉक एफडी' शुरू करने की घोषणा की, जिसे ग्राहकों की टर्म डिपॉज़िट को बढ़ती डिजिटल धोखाधड़ी से बचाने के लिए तैयार किया गया है। यह नए किस्म का फीचर, बैंक के मोबाइल ऐप 'ओपन' साथ-साथ उसकी सभी शाखाओं में उपलब्ध है। यह ग्राहकों को मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग जैसे डिजिटल माध्यमों से सावधि जमा (एफडी) को समय से पहले बंद होने से रोकने में मदद करता है, और साइबर खतरों से अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है। एक्सिस बैंक के डिजिटल बिज़नेस, ट्रांसफॉर्मेशन और स्ट्रैटेजिक प्रोग्राम्स के ग्रुप एग्ज़ेक्यूटिव, समीर शेट्टी ने कहा, एक्सिस बैंक में, हम लगातार डिजिटल प्रक्रिया को प्राथमिकता देने वाले प्रावधानों में निवेश कर रहे हैं ताकि सुरक्षित और निर्बाध बैंकिंग सुनिश्चित हो। इसी प्रक्रिया के तहत, हमें 'लॉक एफडी' शुरू करते हुए खुशी हो रही है, जो डिजिटल धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं से बचने के लिए हमारी सक्रिय पहल को रेखांकित करता है।

### रक्षाबंधन पर कैलिफोर्निया बादाम के साथ दें सेहत की सौगात

**कोलकाता, समाज्ञा :** रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह और रक्षा के पवित्र बंधन का त्योहार है, जिसे मिठाइयों और पकवानों के साथ मनाना एक परंपरा बन गया है। हालांकि, इस वर्ष त्योहार को स्वास्थ्य की दिशा में सकारात्मक कदम बनाते हुए मनाएं। विशेषज्ञों के अनुसार कैलिफोर्निया बादाम को अपने रोजमर्रा के खानपान में शामिल कर त्योहार की शुरुआत एक हेल्दी आदत से की जा सकती है। पोषण से भरपूर बादाम ब्लड शुगर और खराब कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित कर दिल की सेहत सुधारने में सहायक होते हैं। मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली की रीजनल हेड-डायटीटिक्स रितिका समद्दार का कहना है, त्योहारों में लोग अक्सर जंक फूड की ओर आकर्षित होते हैं, जिससे वजन और सेहत पर बुरा असर पड़ता है। बादाम जैसे पौष्टिक विकल्प न केवल स्वादिष्ट हैं बल्कि ताजे आईसीएमआर दिशानिर्देशों के अनुसार रोजाना सेवन के लिए भी अत्यंत लाभकारी हैं। इस रक्षाबंधन, सेहतमंद त्योहार की शुरुआत एक मुट्ठी बादाम से करें।

## आरपीएफ ने ऑपरेशन आहट के तहत मानव तस्करी से 18 नाबालिग बच्चों को बचाया



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा दक्षिण पोस्ट के रेल सुरक्षा बल ने 4 अगस्त को हावड़ा स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 22 पर मानव तस्करी के एक बड़े कोशिश को विफल किया और 18 नाबालिग बच्चों को बचाया। जिनमें 7 लड़कियां और 11 लड़के शामिल हैं। यह कार्रवाई देशभर में चलाए जा रहे ऑपरेशन आहट अभियान के तहत की गई। आरपीएफ कर्मियों ने सतर्कता और बेहतर समन्वय का परिचय देते हुए एक तस्कर को मौके पर ही गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह इन बच्चों को तमिलनाडु के कन्याकुमारी ले जाकर बाल श्रम में लगाना चाहता था। बचाए गए बच्चों और आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए तुरंत हावड़ा जीआरपी को सौंप दिया गया। पूर्व रेलवे की आरपीएफ टीम की यह कार्रवाई मानव तस्करी के खिलाफ उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## वार्षिक विद्यालय प्रदर्शनी में रंग, नवाचार और बौद्धिक चमक से जीवंत हो उठा एम सी केजरीवाल विद्यापीठ

**हावड़ा :** शहर के स्वनामधन्य शिक्षण संस्थान एम. सी. केजरीवाल विद्यापीठ में वार्षिक अकादमिक प्रदर्शनी-2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन चेयरमेन किशन कुमार



केजरीवाल ने किया जिनके साथ निदेशक नीलकंठ गुप्ता, प्रधानाचार्य बिश्वजीत मजूमदार, शैक्षणिक समन्वयक, समर्पित शिक्षकगण और कक्षा 3 से 12 तक के उत्साही अभिभावक उपस्थित थे। अपने भाषण में अध्यक्ष केजरीवाल ने छात्रों की नवाचार भावना और टीमवर्क की सराहना की। एमसीकेवी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग से विशेषज्ञ जजों की एक पैनल रचिता घोष हाजरा (कंप्यूटर साइंस), सौरव घोरई, (विज्ञान) ने प्रदर्शनी का मूल्यांकन किया और प्रत्येक स्ट्रीम से एक एक विभाग को मौलिकता, विषय की गहराई, छात्र सहभागिता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत किया। अंग्रेजी विभाग ने आगंतुकों को हैरी पॉटर की जादुई दुनिया में पहुंचाया। हिंदी विभाग ने भारत की छः ऋतुओं को रंग बिरंगे मॉडलस के साथ जीवंत किया। बांग्ला विभाग ने ग्राम बांग्ला संस्कृति को जीवंत किया। भूगोल विभाग ने पर्यावरण चेतना को बढ़ावा दिया। इतिहास विभाग ने ऐतिहासिक स्थलों एवं स्मारकों को लघु मॉडलों के माध्यम से पुनः निर्मित किया। भौतिकी विभाग ने विज्ञान के वास्तविक जीवन में उपयोग को प्रस्तुत किया। रसायन विभाग ने हरित रसायन की थीम के अंतर्गत टिकाऊ समाधानों को प्रस्तुत किया। जीव विज्ञान विभाग ने कई रोचक विषयों का अन्वेषण किया। कंप्यूटर विभाग ने स्वचालित रोबोटिक उपकरणों की नवीनतम तकनीक को प्रस्तुत किया। वाणिज्य विभाग ने जटिल आर्थिक सिद्धांतों को सरल और आकर्षक मॉडलों के माध्यम से समझाया। गणित विभाग ने विचारोत्तेजक पहेलियां और अवधारणा मॉडल प्रस्तुत किए। मनोविज्ञान विभाग मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक सशक्त आवाज बनकर उभरा। शारीरिक शिक्षा विभाग ने समग्र स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया। हस्तशिल्प विभाग ने विद्यालय के एट्रियम को एक सुंदर गैलरी में बदल दिया। शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन में प्रदर्शनी ने सभी पर स्थाई प्रभाव छोड़ा।

## हावड़ा मंडल में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत स्कूली छात्रों ने बनाई राखी और रंगोली

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान के पहले चरण में कई रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया। मंडल रेल प्रबंधक के दिशा-निर्देशन में आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य स्कूली छात्रों को राष्ट्रप्रेम से जोड़ना और उनमें राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और प्रगाढ़ करना था। इस अवसर पर 'तिरंगा राखी निर्माण' तथा 'तिरंगा रंगोली निर्माण' प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें केन्द्रीय विद्यालय बामनगाछी, केन्द्रीय विद्यालय बंडेल, शिशु विहार प्राइमरी स्कूल और ज्ञानदीप मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं ने छात्रों को भारतीय तिरंगे के रंगों के माध्यम से अपने देश के प्रति प्रेम और श्रद्धा को




रचनात्मक रूप से अभिव्यक्त करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। इन गतिविधियों का उद्देश्य न केवल देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना था, बल्कि छात्रों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व और उसकी एकजुटता के प्रतीकात्मक पहलुओं से अवगत कराना भी था।

## कोलकाता मेट्रो के सिटी सेंटर स्टेशन पर लिफ्ट का उद्घाटन

❏ **नोआपाड़ा क्रू लॉबी में मोटरमैन के लिए नई सुविधा शुरू**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो के ग्रीन लाइन-2 के सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों के उपयोग के लिए मंगलवार को एक नई लिफ्ट का उद्घाटन किया गया। इस लिफ्ट का उद्घाटन धर्मेंद्र प्रसाद सिंह, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्यक्षेत्र) द्वारा किया गया। इस अवसर पर मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। यह लिफ्ट स्टेशन के विभिन्न स्तरों पर यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाएगी, जिससे उनकी यात्रा अधिक आरामदायक होगी। श्री रेड्डी ने आशा व्यक्त की कि यह पहल मेट्रो यात्रियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। इसी दिन नोआपाड़ा क्रू लॉबी में मोटरमैन के लिए एक फुल बॉडी मसाज चेयर का उद्घाटन किया गया।




इसका उद्घाटन सुबोध राम, मोटरमैन द्वारा महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। यह मसाज चेयर ड्यूटी के दौरान या ब्रेक के समय मोटरमैन को विश्राम और तनावमुक्ति प्रदान करेगी। मेट्रो रेलवे द्वारा मोटरमैन के लिए ऐसी पांच मसाज चेयरें कवि सुभाष, जोका, नोआपाड़ा और सियालदह क्रू लॉबी में लगाई जाएंगी।

इसके अलावा, नोआपाड़ा में एक आइसोलेटर हट का भी उद्घाटन गौरा मोहन हेंब्रम, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता द्वारा महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

### टाइटन इंटेक ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 42.6% लाभ वृद्धि और निवेश विस्तार किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** सॉफ्टवेयर विकास में अग्रणी टाइटन इंटेक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 42.6% की शुद्ध लाभ वृद्धि के साथ 0.64 करोड़ का पीएटी दर्ज किया। कंपनी ने 4.97 करोड़ की नेट सेल्स और 1.62 करोड़ का ईबीआईटीडीए हासिल किया, जो ऑपरेशनल एफिशिएंसी को दर्शाता है। कंपनी ने 4.5 करोड़ रुपये का आर एंड डी पूंजीकरण एआई-एकीकृत 3डी एजुकेशनल प्लेटफॉर्म्स पर किया है, जो अगली पीढ़ी के इमर्सिव लर्निंग सोल्यूशंस के विकास पर केंद्रित है। टाइटन इंटेक इस परियोजना में 10-15 करोड़ और निवेश करेगी। बोर्ड ने शेयर कैपिटल को 55 करोड़ से बढ़ाकर 100 करोड़ करने और 1:10 के अनुपात में स्टॉक विभाजन को मंजूरी दी।

## पूर्व भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कोलकाता में होगा 'सीआईआई लॉजिक ईस्ट 2025'

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व भारत के लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग क्षेत्र में निवेश और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) पूर्वी क्षेत्र द्वारा 'सीआईआई लॉजिक ईस्ट 2025' का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय आयोजन 12 और 13 अगस्त 2025 को विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर, न्यू टाउन, कोलकाता में आयोजित होगा।

इस कार्यक्रम के तहत पूर्व भारत में पहली बार एक विशेष लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें फ्रेट फॉरवर्डिंग, मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट, वेयरहाउसिंग, लास्ट माइल डिलीवरी, डिजिटल लॉजिस्टिक्स और इन्फ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस पर विशेष फोकस रहेगा। यह प्रदर्शनी




एनएसीएफएस, एफएफएफएआई और सीसीएचएए जैसे प्रमुख संगठनों के सहयोग से आयोजित की जा रही है और सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आम लोगों के लिए खुली रहेगी।

प्रेस वार्ता में देबाशीष दत्ता, चेयरमैन, सीआईआई पश्चिम बंगाल राज्य परिषद एवं निदेशक, बीजीएस ग्रुप ने कहा, सीआईआई लॉजिक ईस्ट 2025 केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि ऐसा मंच है जो पश्चिम बंगाल को लॉजिस्टिक्स व वेयरहाउसिंग के क्लस्टर हब के रूप में स्थापित करेगा और भारत की समग्र विकास यात्रा में इसकी भागीदारी को सुदृढ़ बनाएगा।

आशुतोष जायसवाल, चेयरमैन, सीआईआई ईआर लॉजिस्टिक्स सब-कमेटी एवं सीईओ व निदेशक, सेंचुरी इंफ्रा लिमिटेड व सेंचुरी पोर्ट्स लिमिटेड ने कहा, कार्यक्रम की केंद्रीय थीम 'पूर्वी भारत में लॉजिस्टिक्स का रूपांतरण: अंतर भरना और भविष्य गढ़ना' को सीआईआई लॉजिस्टिक्स कोलोक्वियम के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा, जहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे।

वहीं, सुशील दुगड़, को-चेयरमैन, सीआईआई ईआर लॉजिस्टिक्स सब-कमेटी एवं सीओओ, बाल्मर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड ने कहा, यह प्रदर्शनी सहयोग और नवाचार को गति देगी, जिससे क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स का भविष्य और अधिक सशक्त हो सकेगा।

# विधानसभा चुनाव से पहले अभिषेक बनर्जी ने पार्टी नेताओं को 'एकजुट होकर लड़ने' की दी नसीहत

❑ **तृणमूल महासचिव ने पार्टी सांसदों, विधायकों, जिला नेताओं के साथ की वर्चुअल बैठक**



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव बस आने ही वाले हैं। उससे पहले, तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पूरे बंगाल के पार्टी नेतृत्व के साथ एक बेहद अहम बैठक की। मंगलवार को हुई इस वर्चुअल मीटिंग से अभिषेक ने एकजुट होकर लड़ने का संदेश दिया। उन्होंने हिदायत दी कि बात में या तुम की नहीं, हमें मिलकर लड़ना है। तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव (अभिषेक बनर्जी) के अनुसार, पार्टी में हर कोई ममता बनर्जी का सिपाही है। मुझमें और आपमें कोई अंतर नहीं है। हमें एकजुट होकर लड़ना होगा। अभिषेक ने चेतावनी दी कि झगड़े के नतीजे बुरे होंगे।

इसके बाद, अभिषेक ने संगठनात्मक पहलू पर कहा, जहां तृणमूल 100 से ज़्यादा वोटों से हारी है, वहां हार का कारण ढूंढना होगा। जिन बूथों या ब्लॉकों में बार-बार हार हुई है, वहां अध्यक्ष बदले जाएंगे। पार्टी के अखिल भारतीय महासचिव के अनुसार, तृणमूल में जवाबदेही बनी रहनी चाहिए। पार्टी में प्रदर्शन ही अंतिम शब्द है। प्रगति उसी पर आधारित है। प्रगति काम पर आधारित है। किसी का पैर पकड़कर आप पद पर नहीं बने रह सकते यह तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव का एक कड़ा संदेश है। पंचायत प्रधान का महत्व तो है ही। लेकिन क्षेत्रीय अध्यक्ष को क्षेत्र की जानकारी होती है। उसकी बात सुनी जानी चाहिए अभिषेक ने निर्देश दिया। ब्लॉक अध्यक्ष विधायकों से बात करके काम करेंगे। उन्होंने सभी से बात करके जनसंपर्क पर जोर दिया। तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव का संदेश दिया कि भाजपा को ज़मानत जब्त करनी पड़ेगी।

# रामराजातल्ला में जमे हुए पानी में करंट लगने से युवक की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा के चटर्जीहाट थाना अंतर्गत रामराजातल्ला इलाके में मंगलवार को जमे हुए पानी में करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान बिजय दास (40) उर्फ नानकी के रूप में की गई है। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों की बारिश के कारण रामराजातल्ला में रामचरण सेठ रोड जलमग्न है। गत सोमवार की रात हुई बारिश के कारण जमा पानी और बढ़ गया। उस इलाके में एक पांच मंजिला इमारत की तीसरी मंजिल के फ्लैट में रहने वाले स्वपन कुमार रॉय ने उस फ्लैट से अपना सामान लेकर खानाकुल के घर जाने का फैसला किया। इसी कारण मंगलवार की सुबह एक मालगाड़ी सामान लेने आई थी। तीन-चार मजदूर तीसरी मंजिल के फ्लैट से सामान नीचे उतारने गए। बिजय दास उस समूह में थे। सामान गाड़ी में लगभग लद ही गया था। तभी, विजय ने अपना हाथ घर की ग्रिल पर रख दिया। उसे बिजली का झटका लगा। देखा गया कि घर के मीटर बॉक्स से एक बिजली का तार निकला था और ग्रिल को छू गया था। उस तार से घर की ग्रिल तक की बिजली जमे हुए पानी से जुड़ी हुई थी। जैसे ही उसने ग्रिल पर हाथ रखा, यह दुखद घटना घटी। युवक को किसी तरह बचाया गया और स्थानीय निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। बिजली वितरण कंपनी सीईएससी के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। आवास का बिजली कनेक्शन काट दिया गया। पता चला है कि बिजय दास का घर बिहार में है। वह हावड़ा के रामराजातल्ला इलाके में एक कारखाने में रहता है। वैन चालक होने के अलावा, वह कई बार मजदूरी भी करता है। इस घटना से इलाके के निवासियों में दहशत फैल गई है। पुलिस ने घटना में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है।

## बालिटिकुड़ी में बहुमंजिली इमारत से गिरकर तीन वर्षीय बच्चे की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बालिटिकुड़ी नस्कर पाड़ा में मंगलवार को खेलते समय एक ऊंची इमारत से गिरकर बच्चे की मौत हो गई। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मृतक तीन साल का था। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अभय अपने माता-पिता के साथ ऊंची इमारत के चौथी मंजिल पर रहता था। इस दिन, दोपहर में खिड़की खुली थी। वह वहां खेलने लगा। और खेलते-खेलते अचानक नीचे गिर गया। जब उसे बचाया गया और अस्पताल ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि घर के मालिक ने नियमों का पालन किए बिना छत पर अवैध रूप से एक अस्थायी टिन का घर बनाया था। खिड़की पर कोई ग्रिल नहीं लगाई गई थी। स्थानीय लोगों की मांग है कि पुलिस इस घटना में मालिक के खिलाफ कार्रवाई करे।

## छह अफसरों को मिलेगा मुख्यमंत्री पदक, रेड रोड पर ममता से लेंगे यह सम्मान

**कोलकाता, समाज्ञा**

स्वतंत्रता दिवस में बस अब कुछ ही दिन बचे है। उससे पहले, पश्चिम बंगाल पुलिस के 6 अधिकारियों को मुख्यमंत्री पुलिस पदक के लिए चुना गया है। इनमें से चार को उत्कृष्ट सेवा के लिए मुख्यमंत्री पुलिस पदक और दो को सराहनीय सेवा के लिए मुख्यमंत्री पुलिस पदक मिला है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रेड रोड पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस के पूर्वाभ्यास और मुख्य कार्यक्रम में ये पदक प्रदान करेंगी। राज्य पुलिस मुख्यालय द्वारा मंगलवार को जारी एक अधिसूचना में इन नामों की घोषणा की गई। यह सूची अधिकारियों की वर्तमान पदस्थापना के अनुसार तैयार की गई है। उत्कृष्ट सेवा के लिए मुख्यमंत्री पुलिस पदक प्राप्त करने वाले अधिकारियों में दीप नारायण गोस्वामी, आईपीएस–आईजीपी मालदा रेंज, गौरव शर्मा, आईपीएस – आईजीपी, यातायात, पश्चिम बंगाल, मीराज खालिद, आईपीएस – संयुक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय), कोलकाता, देवस्मिता दास, आईपीएस – डीआईजी, एसटीएफ, पश्चिम बंगाल है। वहीं, जिन अधिकारियों को सराहनीय सेवा के लिए मुख्यमंत्री पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है, उनमें अरिजीत सिन्हा, आईपीएस – पुलिस अधीक्षक, झारग्राम (डीआईजी रैंक) और ईश्वर सोरेन, उपनिरीक्षक (एबी) – बांकुड़ा जिला शामिल है।

# 'एक छप्पर वाली दुकान तोड़कर कह रहे हैं अवैध निर्माण गिराया गया?'

## राज्य के जवाब पर भड़कीं न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा

**कोलकाता :** कोलकाता में जलजमीन (वेटलैंड) को फिर से उसकी पूर्व स्थिति में कब लौटाया जाएगा? कोलकाता के लोग फिर से जलजमीन कब देख पाएंगे? राज्य सरकार से ऐसा सवाल किया है कोलकाता हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने।

कोलकाता में जलजमीन पाटकर निर्माण करने के आरोप कोई नई बात नहीं है। इस विषय पर पहले भी कई मामले अदालत में आए हैं। मुकुंदपुर क्षेत्र में एक जलजमीन से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सिन्हा ने विशेष टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जो लोग इस तरह के मामले अदालत में ला रहे हैं, राज्य सरकार का दायित्व है कि वह ऐसे याचिकाकर्ताओं के साथ खड़ी हो, जो जलजमीन को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

जहां 550 अवैध निर्माणों की शिकायत है, वहां राज्य सरकार ने केवल दो निर्माणों को चिन्हित किया है। यह कैसे संभव है? इस पर भी कोर्ट ने सवाल उठाया। न्यायमूर्ति ने स्पष्ट रूप से पूछा कि अब तक कितने निर्माणों को तोड़ने का आदेश दिया गया है और वास्तव में कितने तोड़े गए हैं।

राज्य सरकार के वकीलों ने जवाब दिया कि कुछ दुकानें पाई गई थीं। इस उत्तर से नाराज होकर न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने टिप्पणी की: एक छप्पर वाली दुकान तोड़कर कह रहे हैं कि अवैध निर्माण गिराया गया? उन्होंने कहा कि अदालत और कोलकाता के लोग वेटलैंड वापस चाहते हैं। बार-बार ऐसा नहीं चल सकता कि अदालत समय देती रहे और सरकार प्रगति न दिखा पाए। अगर ऐसा चलता रहा तो अदालत को सख्त रुख अपनाना पड़ेगा।

वेटलैंड्स मैनेजमेंट अथॉरिटी के चीफ टेक्निकल ऑफिसर ने इस मुद्दे पर एक रिपोर्ट सौंपी, जिसे देखकर अदालत ने गहरी नाराजगी जाहिर की। रिपोर्ट के अनुसार, अवैध निर्माण पहले ही चिन्हित किए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं।

अब अदालत ने आदेश दिया है कि संबंधित जलजमीन को उसकी पूर्व स्थिति में लौटाने के लिए 10 सितंबर तक के लिए स्थगन दिया जा रहा है।

## महुआ मोइत्रा का किया था बचाव, इसके लिए देश से माफी मांगता हूं : कल्याण बनर्जी

❑ **तृणमूल सांसद ने लोकसभा की कार्यवाही का वीडियो शेयर कर बोला हमला**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस में आंतरिक लड़ाई थमता नहीं दिख रहा है। तृणमूल के वरिष्ठ सांसद व नेता कल्याण बनर्जी ने फिर से पार्टी की ही लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा पर मंगलवार को हमला बोला है। उन्होंने संसद में उनका बचाव करने के लिए देश से माफी मांगी है। बता दें कि महुआ मोइत्रा पर जब पिछले कार्यकाल में उद्योगपति से रुपये लेकर सदन में प्रश्न पूछने के मामले में उनकी संसद सदस्यता खत्म की गई थी तो कल्याण ने उनका जोर-शोर से बचाव किया था। अब उसी को लेकर कल्याण का कहना है कि मैं देश से माफी मांगता हूं कि मैंने महुआ मोइत्रा का बचाव किया था। मंगलवार को कल्याण बनर्जी ने लोकसभा की कार्यवाही का वह वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह मोइत्रा का बचाव करते दिख रहे हैं। आठ मिनट के अपने भाषण में उन्होंने ने साथी सांसद मोइत्रा का जमकर बचाव किया था और लोकसभा स्पीकर एवं सरकार पर गलत कार्रवाई का आरोप लगाया था। अब उन्होंने खुद कहा है कि वह मेरी गलती थी। दरअसल महुआ मोइत्रा ने कल्याण बनर्जी को स्त्री विरोधी करार दिया था। इसी से वह आहत हैं और उनका कहना है कि उनके अंदर कृतज्ञता भाव नहीं है। उन्होंने आगे बढ़कर महुआ का खूब बचाव किया था और उसके बाद भी उन्होंने ही स्त्री विरोधी करार दिया है, जो आहत करने वाला है। कल्याण बनर्जी ने लिखा है कि लोग उनके शब्दों को खुद देखें और तय करें कि कौन क्या है और कैसा है।

## दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की याचिका लेकर हाईकोर्ट पहुँचे मिथुन चक्रवर्ती

**कोलकाता :** अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी और वादाखिलाफी के आरोप में दर्ज एफआईआर को रद्द करने की याचिका को लेकर वह अब कलकत्ता हाईकोर्ट की शरण में पहुँचे हैं। इस याचिका पर इस सप्ताह के भीतर सुनवाई की संभावना है।

गौरतलब है कि मिथुन के पूर्व सचिव सुमन रॉयचौधुरी और उनकी पत्नी ने अभिनेता के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए उत्तर कोलकाता के चितपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एफआईआर में मिथुन के करीबी और पेशे से वकील बिमान सरकार का भी नाम शामिल है।

सुमन रॉयचौधुरी का आरोप है कि वह वर्षों तक मिथुन के साथ पेशेवर रूप से जुड़े रहे। मिथुन और बिमान ने उन्हें एक होटल के इंटीरियर डेकोरेशन का प्रोजेक्ट सौंपा था। पहले चरण का भुगतान मिलने के बाद, दूसरे चरण में उनसे अतिरिक्त कार्य करवाया गया। इसके लिए उन्होंने अपनी पत्नी के गहने गिरवी रखकर धन जुटाया और काम पूरा किया, लेकिन उस कार्य के संबंध में कोई लिखित अनुबंध नहीं था।

सुमन और उनकी पत्नी का दावा है कि उन्हें मिथुन चक्रवर्ती से करीब 35 लाख रुपये मिलने थे, जो अब तक नहीं मिले। जब पत्नी ने पैसे मांगने की कोशिश की तो उन्हें अस्वीकार्य व्यवहार का सामना करना पड़ा। इसके बाद दंपत्ति ने चितपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

सूत्रों के अनुसार, चूंकि मुख्य शिकायतकर्ता सुमन की पत्नी हैं, इसलिए सोमवार को उन्होंने शियालदह कोर्ट में एक मजिस्ट्रेट के समक्ष गुप्त बयान दर्ज कराया। अब देखना होगा कि हाईकोर्ट मिथुन चक्रवर्ती की एफआईआर रद्द करने की याचिका पर क्या रुख अपनाता है।

## भारत क्षत्रिय समाज एवं बैरकपुर क्षत्रिय समाज ने कांवड़ियों हेतु लगाया सेवा शिविर

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैरकपुर स्थित श्री श्री शंभुनाथ मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावणी जलाभिषेक महोत्सव के अवसर पर भव्य जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री श्री शंभुनाथ मंदिर परिचालना समिति और ज्वाइंट कमेटी के तत्व-ावधान में संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर भारत क्षत्रिय समाज, बैरकपुर क्षत्रिय समाज तथा शिवशक्ति कांवड़िया श्रीराम ज्योति संघ-बैरकपुर द्वारा संयुक्त रूप से श्रद्धालु कांवड़ियों की सेवा हेतु वृहद सेवा शिविर का आयोजन किया गया। सेवा शिविर में कांवड़ियों को नि:शुल्क बूंदिया, नमकीन, शरबत, ठंडा जल, चाय-कॉफी एवं दवाइयां वितरित की गईं। बैरकपुर क्षत्रिय समाज के संस्थापक अध्यक्ष और भारत क्षत्रिय समाज के कार्यकारिणी सदस्य मनोज सिंह 'आदर्श' ने बताया कि बीते 31 वर्षों से लाखों शिवभक्त दक्षिणेश्वर काली



घाट से गंगाजल लेकर टीटागढ़ के पातालेश्वर शिव मंदिर होते हुए श्री श्री शंभुनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते हैं।

इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष विवेक सिंह, रतनलाल घोष, रंजीत कोईरी, रत्नेश सिंह गुड्डू, राजेंद्र वर्णवाल, शिबू भट्टाचार्य, चंदन केशरी, दिनेश सिंह, डोला बरनवाल सहित कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई। भारत क्षत्रिय समाज के मुख्य संरक्षक अरविंद सिंह, पारसनाथ सिंह, राजा बाबू सिंह, रामबाबू सिंह, युवा अध्यक्ष संतोष सिंह, संजीत सिंह ,दिनेश सिंह, सत्येंद्र सिंह पार्षद, जयप्रकाश सिंह और बैरकपुर क्षत्रिय समाज के मनोज सिंह आदर्श, कृष्ण सिंह, संजीव सिंह दौलत, रूद्र प्रताप आदर्श, भानु प्रताप सिंह, मनोज सिंह खड़दह, रोहित राज सिंह, ललन सिंह, आदित्य प्रताप सिंह तथा शिवशक्ति कांवड़िया श्रीराम ज्योति संघ बैरकपुर के लोकनाथ पांडे, दीपक दास, राजकुमार वर्णवाल, राजेश शर्मा, मंतोष सिंह, अजीत सिंह, सुभाष सिंह ,शैलेंद्र सिंह चिंटू, धर्मेंद्र मिश्रा, सूरज प्रजापति, आकाश मिश्रा, श्रीप्रकाश उपाध्याय आदि लोगों ने इस सेवा शिविर में उपस्थित होकर अपनी महत्वपूर्ण सेवायें प्रदान की और पुण्य लाभ अर्जित किया। टीटागढ़ क्षत्रिय समाज एवं राष्ट्रीय बिहार समाज के अनुकूल सिंह, नंदजी सिंह,अनिल कुमार सिंह, शैलेष सिंह, नितीश सिंह और वीरेंद्र सिंह ने प्रसंशनीय भूमिका निभाई। इसके साथ-साथ सेवा शिविर में धौले मिंज, रिपु महतो, पूजा नारायण सिंह, माला लोहार, पूजा मिश्रा, सीमा पांडे,कंचन पांडेकमल दास, कपिल राय,जितेन जयसवारा, अशोक स्वर्णकार, नवनीत सिंह ,रोशन सिंह, अनुराग सिंह, बिट्टू दास, निरंजन घोष, श्याम शर्मा, सुकेश डे (बप्पा), संजय राजभर, आदित्य बरनवाल, राजेश शर्मा कारपेंटर और अभिजीत मजुमदार पार्षद (सोना दा) ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## 'हमारा पाड़ा, हमारा समाधान' अभियान को दो दिन में बड़ी सफलता, शामिल हुए साढ़े चार लाख लोग

**कोलकाता :** राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया जनसमस्या निवारण अभियान 'हमारा पाड़ा, हमारा समाधान' शुरू होते ही लोगों से भारी प्रतिक्रिया मिल रही है। 2 अगस्त से शुरू हुए इस कार्यक्रम के पहले दो दिनों में ही पूरे राज्य में 1200 से अधिक शिविर लगाए गए, जिनमें करीब 4.5 लाख लोग शामिल हुए। यह जानकारी मुख्य सचिव मनोज पंत ने दी। सिर्फ सोमवार को ही राज्यभर में 590 शिविर लगे, जिनमें 2.51 लाख नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। पहले दिन भी इसी तरह लोगों की बड़ी भागीदारी देखी गई। कोलकाता में विशेष रूप से हर दो बूथ पर एक शिविर लगाया गया है। नागरिक अपने-अपने इलाकों की समस्याएं लेकर सामने आ रहे हैं। कोई सड़क पर लैंपपोस्ट लगाने की मांग कर रहा है, तो कोई बाजार में शौचालय निर्माण की। स्थानीय स्कूलों की मरम्मत से लेकर नालों की सफाई, गलियों की सड़कों की मरम्मत और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति तक की मांगें भी आई हैं। कुछ लोग तो अपने क्षेत्र के सड़क मरम्मत की आवश्यकता को दर्शाने के लिए मैपिंग (मानचित्र) बनाकर भी लाए। कई जगहों पर स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने भी सहयोग किया। शिविरों में मौजूद सरकारी अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं और यह जानकारी दे रहे हैं कि किन-किन समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा सकता है। सरकार की इस पहल को आम जनता से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है, और इसे जनसंपर्क और प्रशासनिक पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

## जमालपुर में मिट्टी का घर धराशायी, नींद में बेखबर दम्पति की दबकर मौत

**पूर्व बर्दवान :** जिले के जमालपुर थना इलाके में सोते समय मिट्टी का घर गिरने से एक दंपत्ति की मौत हो गई। यह दुखद हादसा तब हुआ जब वे सो रहे थे। मृतक दंपत्ति की पहचान मोहम्मद यूनुस मलिक (57) और रिज़िया बेगम मलिक (53) के रूप में हुई है। पता चला है कि मंगलवार के तड़के करीब 4:30 बजे जमालपुर की बेरुग्राम पंचायत के मठ नसीपुर गांव के निवासी मोहम्मद यूनुस मल्लिक का कच्चा मकान गिर गया। यूनुस दंपत्ति सोते समय दब गए। मकान गिरने की आवाज सुनकर पड़ोसी दौड़े, लेकिन उन्हें बचा नहीं पाए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। जेसीबी मंगवाई गई और मलबा हटाकर दो शव निकाले। जब उन्हें जमालपुर प्रखंड अस्पताल ले जाया गया, तो ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

## 28 अगस्त को तृणमूल छात्र परिषद की छात्र रैली, हावड़ा ग्रामीण जिले में तैयारी बैठक आयोजित



**हावड़ा :** आगामी 28 अगस्त को तृणमूल छात्र परिषद की ओर से आयोजित होने वाली छात्र रैली को लेकर हावड़ा ग्रामीण जिला तृणमूल छात्र परिषद की ओर से एक तैयारी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में छात्र रैली को सफल बनाने के लिए संगठनात्मक रणनीति तय की गई और छात्रों को अधिक से अधिक संख्या में रैली में शामिल करने की दिशा में विचार-विमर्श हुआ। बैठक में अमता के विधायक सुकांत पाल, राज्य तृणमूल छात्र परिषद के अध्यक्ष तृणांकुर भट्टाचार्य, राज्य तृणमूल छात्र नेता एवं हावड़ा जिले के प्रभारी को-ऑर्डिनेटर अर्निक खंडकार, हावड़ा जिला तृणमूल छात्र परिषद के अध्यक्ष हसीबुर रहमान सहित अन्य नेता उपस्थित थे। नेताओं ने छात्रों से अपील की कि वे 28 अगस्त को कोलकाता में आयोजित छात्र रैली में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लें ताकि छात्र शक्ति का प्रदर्शन किया जा सके और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाया जा सके।

# रहड़ा में चिटफंड के नाम पर करोड़ों रुपये का घोटाला, एक आरोपी गिरफ्तार

## बाकी तीन आरोपी फरार, पुलिस तलाश में जुटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** चिटफंड के जाल में एक बार फिर सैकड़ों लोग अपना सब कुछ गंवा बैठे हैं। इस बार, रहड़ा थाना अंतर्गत पातुलिया इलाके में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक ही परिवार के चार भाइयों ने 'मातृ व्यवसायी फंड' के नाम पर कम से कम एक करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम हड़प ली है। पुलिस ने इनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी तीन फरार हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उत्तम पाल और सुजन पाल नाम के दो भाई पिछले 25 सालों से पातुलिया इलाके में यह चिटफंड चला रहे थे। पहले स्थानीय निवासी और बाद में इलाके के बाजार के व्यापारी भी इस फंड में निवेश करने लगे। कुछ लोग मासिक और कुछ लोग दैनिक किश्तों में पैसा जमा करने लगे। पता चला है कि कई लोगों ने धीरे-धीरे इस फंड में कई लाख रुपये जमा कर दिए। किसी ने पांच लाख तो किसी ने छह लाख जमा किए थे। उन्हें भविष्य में बड़ा रिटर्न मिलने की उम्मीद थी। हालांकि, शुरुआत में, जमाकर्ताओं का पैसा नियमित रूप से वापस आ रहा था, लेकिन हाल ही में अचानक पैसा आना बंद हो गया। सोमवार की शाम से दोनों भाइयों उत्तम और सुजन का कोई पता नहीं चल रहा। जब वे उनके घरों में गए, तो उन्हें ताला लगा मिला। स्वाभाविक रूप से, जमाकर्ताओं को चिंता हुई। रहड़ा थाने में शिकायत दर्ज होने पर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि उत्तम और सुजन के अलावा, इस धोखाधड़ी में दो और भाई शामिल थे। पुलिस ने शुरुआती अनुमान लगाया था कि चारों भाइयों ने करोड़ों रुपये की ठगी की योजना बनाई थी। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी तीन अभी भी फरार हैं। उनकी तलाश जारी है।

## स्वच्छता अभियान के तहत हावड़ा मंडल में सफाई प्रयासों को मिली नई रफ्तार




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत मंगलवार को कई अहम पहलें कर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। हावड़ा के डीआरएम के मार्गदर्शन में इस दिन विभिन्न कार्यशालाएं और सफाई अभियान आयोजित किए गए। हावड़ा ऑर्थोपेडिक अस्पताल, गुलमोहर रेलवे कॉलोनी, कटवा, आजिमगंज, रामपुरहाट, वर्दवान, बंडेल और कमारकुंडु में आयोजित कार्यशालाओं में रेलवे कर्मचारियों और हितधारकों ने भाग लिया। इन कार्यशालाओं में स्वच्छता बनाए रखने और टिकाऊ कचरा प्रबंधन की जानकारी दी गई। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हावड़ा, कमारकुंडु, कटवा, खगराघाट रोड, आजिमगंज, पाकुड़, बामनगाछी कॉलोनी, श्रीरामपुर समेत कई स्टेशनों और कॉलोनियों में एंटी-लिटरिंग नोटिस लगाए गए, जो यात्रियों को साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं, बंडेल, तारकेश्वर, कमारकुंडु, कटवा व रामपुरहाट समेत कई स्टेशनों पर विशेष सफाई अभियान भी चलाए गए। हावड़ा मंडल स्वच्छ, हरित और सुरक्षित रेलवे वातावरण के लिए स्वच्छता को सामूहिक ज़िम्मेदारी मानते हुए लगातार कार्य कर रहा है।

## खन्यान में आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा, तीन महीने का बच्चा समेत कई घायल



**हुगली :** हुगली जिले के खन्यान इटाचुना ग्राम पंचायत अंतर्गत हाटपुकुर गांव में मंगलवार तड़के हुई जोरदार बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। तेज गर्जना के साथ बिजली एक घर पर आ गिरी, जिससे मकान की छत का एक हिस्सा टूटकर गिर पड़ा। इस हादसे में घर में मौजूद तीन महीने का एक मासूम बच्चा समेत परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को खन्यान ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया, जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें चूंचूड़ा इमामबाड़ा सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया। बिजली गिरने के कारण पूरे इलाके में लगभग एक घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही, जिससे लोगों को और भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

## अवैध संबंध के कारण पति की हत्या और फिर अपहरण का ड्रामा, पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार

❑ **पुलिस ने दो महीने बाद जंगल से पति का कंकाल किया बरामद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के उस्ती थाना इलाके में अवैध संबंध के कारण पति की हत्या और अपहरण का ड्रामा के बाद आखिरकार पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने करीब दो महीने से लापता मोहसिन हलदर का शव उस्ती थाना अंतर्गत हरिहरपुर ग्राम पंचायत क्षेत्र के शिवपुर स्कूल के बगल के जंगल से बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मई महीन में मोहसिन की पत्नी तनुजा बीबी ने उस्ती थाने में अपने पति के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन जांच के दौरान तनुजा पुलिस का सहयोग नहीं कर रही थी। फिर, पुलिस ने मोहसिन के बेटे से पूछताछ की तो सनसनीखेज



जानकारी मिली। जांच में पता चला कि तनुजा बीबी ने अपने प्रेमी हबीबुल्लाह खान के साथ मिलकर मोहसिन हलदर की हत्या कर दी और उसका शव झाड़ियों में फेंक दिया। सोमवार को पुलिस ने घटनास्थल से शव का कंकाल बरामद किया। इस घटना में तनुजा और हबीबुल्लाह को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## इतिहासकार डॉ. काशी प्रसाद जायसवाल के 89वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** विख्यात इतिहासकार, स्वतंत्रता सेनानी, हिंदी साहित्य प्रेमी, शिक्षाविद् राष्ट्र गौरव डॉ काशी प्रसाद जायसवाल की 89वीं पुण्यतिथि पर मानिकतला के काशी चौक पर स्थापित उनकी मूर्ति पर लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन डॉ काशी प्रसाद जायसवाल स्मृति समिति ने किया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष काली प्रसाद दुबेला अभिनेता व निर्देशक शिव जायसवाल ने अपना वक्तव्य रखा। इस अवसर पर भास्कर चौधरी, मयूर जायसवाल, राजीव जायसवाल, सुरेश चंद गुप्ता, राज जायसवाल श्रवण जायसवाल, विकाश जायसवाल, अशोक जायसवाल, एन के जायसवाल, एम जायसवाल, श्रीप्रकाश जायसवाल, राज जायसवाल, गौतम जायसवाल, उपेंद्र यादव, कार्तिक प्रसाद शर्मा, बी पी जायसवाल, राजेश जायसवाल और जितेंद्र जायसवाल उपस्थित थे।

## सियालदह मंडल के स्टेशनों पर जागरूकता और सफाई अभियान हुए आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने स्वतंत्रता दिवस समारोह-2025 के अंतर्गत स्वच्छता अभियान को 5 अगस्त को और तेज किया। इस दिन मंडल के विभिन्न स्टेशनों व रेलवे परिसरों में स्वच्छता और जागरूकता से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कोलकाता टर्मिनल स्टेशन पर हाउसकीपिंग सहायकों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों को साफ-सफाई और जिम्मेदार नागरिकता का संदेश दिया गया। वहीं, सियालदह स्टेशन पर सीआईएनआई संस्था द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने पर्यावरणीय स्वच्छता व व्यक्तिगत सफाई के महत्व को रेखांकित किया, जिसे यात्रियों और स्टाफ ने सराहा। माझेरहाट स्टेशन पर टक्साल विद्यापीठ के छात्रों ने एक प्रभावी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेकर युवाओं को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। सियालदह मंडल के अन्य रेलवे कार्यालयों और स्टेशनों पर भी विशेष सफाई अभियान एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## पुलिस ने कानून तोड़ने के आरोप में कई जूनियर डॉक्टरों को किया तलब

**कोलकाता, समाज्ञा :** बउबाजार और हेयर स्ट्रीट थाने की पुलिस ने कई जूनियर डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों को आरजी कर अस्पताल की महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में भूख हड़ताल के दौरान कानून तोड़ने के आरोप में तलब किया है। डॉक्टर देबाशीष हलदर ने मीडिया को बताया कि पछले साल धर्मतला में भूख हड़ताल के सिलसिले में अलग-अलग समय पर कई धाराएं लगाई गई हैं। गैर-जमानती धारा दर्ज किए गए हैं। डॉक्टरों ने सवाल उठाया है कि अगर कानून तोड़ा गया है, तो इतने दिनों बाद नोटिस क्यों भेजा जा रहा है? यह बदले की भावना से की गई कार्रवाई है।

## प्रयागराज में गंगा नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के मानसैता गांव में गंगा नदी में नहाते समय बाढ़ के पानी में डूबने से तीन बच्चों की मृत्यु हो गई जबकि डूबने से बचाए गए दो बच्चों का इलाज किया जा रहा है और उनकी स्थिति सामान्य है। पुलिस ने मंगलवार शाम यह जानकारी दी। डीसीपी (गंगा नगर) कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि मंगलवार दोपहर सूचना मिली कि मनकामेश्वर मंदिर के पास गंगा नदी में नहा रहे पांच बच्चे डूब गए हैं। उन्होंने बताया कि इस सूचना पर एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची और तीन बच्चों अमन पाल (8), शिवम (15) और राजन पाल (17) को बाहर निकाला, जिसमें अमन पाल और शिवम की स्थिति सामान्य है, जबकि राजन को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## राजस्थान: रक्षाबंधन पर रोडवेज बसों में दो दिन निशुल्क यात्रा कर सकेंगी महिलाएं

**जयपुर :** राजस्थान में रक्षाबंधन के त्योहार पर महिलाएं पर रोडवेज बसों में दो दिन निशुल्क यात्रा कर सकेंगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम में यह घोषणा की। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने महिलाओं को रक्षाबंधन (9 अगस्त) और उसके अगले दिन (10 अगस्त) को राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा देने की घोषणा की। यह छूट राज्य की सीमा के अंदर राजस्थान रोडवेज की बसों में यात्रा के लिए मिलेगी।

## उत्तर प्रदेश की राज्यपाल ने बस्ती में 'ट्रांसजेंडर' स्कूल के लिए डिजिटल बोर्ड का उद्घाटन किया

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को बस्ती जिले में स्थित किन्नर पाठशाला (ट्रांसजेंडर स्कूल) में एक डिजिटल बोर्ड का उद्घाटन किया और संस्था द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। इस कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अपने दौरे के दौरान, राज्यपाल ने समुदाय के सदस्यों के साथ संवाद किया और उनकी चिंताओं और आकांक्षाओं को सुना। उन्होंने पांच गणमान्य व्यक्तियों को अपनी पुस्तक चुनौतियां मुझे पसंद हैं की हस्ताक्षरित प्रतियां भी भेंट कीं।

# झारखंड: शिबू सोरेन का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार, हजारों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**नेमरा (झारखंड) :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का मंगलवार को उनके पैतृक गांव नेमरा में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर हजारों लोगों ने 'दिशोम गुरु' को नम आखों से अंतिम विदाई दी जिनमें ग्रामीण, राजनीतिक हस्तियां और समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल थे। शिबू सोरेन को लोग प्यार से 'दिशोम गुरु' (भूमि के नेता) कहते थे। उनका सोमवार को 81 वर्ष की आयु में दिल्ली के एक निजी अस्पताल में गुर्दे संबंधी बीमारी के इलाज के दौरान निधन हो गया था। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सह संस्थापक और राज्य के आदिवासी आंदोलन का प्रमुख चेहरा रहे शिबू सोरेन को झारखंड सशस्त्र पुलिस (जेएपी) के जवानों ने सलामी दी।



उनका कड़ी सुरक्षा के बीच पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके बड़े पुत्र ने जब चिता को मुखाग्नि दी तब 'गुरुजी अमर रहें' के नारे गूंज उठे। रामगढ़ जिले के नेमरा में गमगीन माहौल था, जहां परिवार, समर्थक, राजनीतिक नेता और ग्रामीण सहित हजारों लोग नम आंखों से अंतिम विदाई देने के लिए एकत्र हुए थे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके, क्योंकि उनका हेलीकॉप्टर रांची से उड़ान नहीं भर सका, जहां वे दिल्ली से अपराह्न करीब 3.30 बजे उतरे। हालांकि, कांग्रेस के दोनों वरिष्ठ नेता सड़क मार्ग से नेमरा के लिए रवाना हुए और शाम करीब 6.45 बजे हेमंत सोरेन से मिलने पहुंचे और उन्हें सांत्वना दी।

### अन्याय के खिलाफ मेरे पिता का संघर्ष अधूरा नहीं रहेगा: हेमंत सोरेन

**रांची :** 'दिशोम गुरु' के नाम से जाने जाने वाले वरिष्ठ आदिवासी नेता शिबू सोरेन के निधन के एक दिन बाद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अन्याय के खिलाफ उनके पिता का संघर्ष अधूरा नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अपने पिता के निधन के बाद जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। हेमंत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'मैं अपने जीवन के सबसे कठिन दिनों से गुजर रहा हूं। मेरे सिर से सिर्फ पिता का साया नहीं गया बल्कि झारखंड की आत्मा का स्तंभ चला गया।' उन्होंने कहा कि उनके पिता के संघर्ष को किसी किताब में नहीं समेटा जा सकता।

## लालू के बेटे तेज प्रताप की बिहार विस चुनाव लड़ने के लिए पांच छोटे दलों का गठबंधन बनाने की घोषणा

**पटना :** बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पांच छोटे दलों का एक गठबंधन बनाने की मंगलवार को घोषणा की। तेज प्रताप ने यह घोषणा एक संवाददाता सम्मेलन में की, जिसमें पांचों दलों के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी शामिल हुए। तेज प्रताप को हाल ही में उनके पिता एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद ने पार्टी से निष्कासित कर दिया था। ये पांच दल विकास वंचित इंसान पार्टी (वी-वीआईपी), भोजपुरिया जन मोर्चा (बीजेएम), प्रगतिशील जनता पार्टी (पीजेपी), वाजिब अधिकार पार्टी (डब्ल्यूएपी) और संयुक्त किसान विकास पार्टी (एसकेवीपी) हैं। तेज प्रताप ने कहा कि वह इस साल के अंत में होने वाला विधानसभा चुनाव महुआ सीट से लड़ेंगे, जिसका उन्होंने 2020 तक प्रतिनिधित्व किया। बाद में राजद ने उन्हें हसनपुर स्थानांतरित कर दिया था। उन्होंने कहा, 'लोग मेरा मजाक उड़ाने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन मैं अपना रास्ता खुद चुनूंगा। हमारा गठबंधन सामाजिक न्याय, सामाजिक अधिकार और बिहार के पूर्ण परिवर्तन को सुनिश्चित करने के लिए मिलकर आगे बढ़ेगा।' उन्होंने कहा, 'यदि जनता हमें जनादेश देती है, तो हम राज्य के विकास के लिए काम करेंगे। हम राम मनोहर लोहिया, कर्पूरी ठाकुर और जयप्रकाश नारायण के सपनों को साकार करने के लिए काम करेंगे।'



## कक्षा नौ और 11 में केवल बाहरी विद्यार्थियों की टीसी अपलोड करना अनिवार्य : यूपी बोर्ड

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने कक्षा नौ और 11 के विद्यार्थियों के लिए अग्रिम पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) वेबसाइट पर अपलोड करने के नियमों में ढील दी है। अब केवल दूसरे विद्यालयों से आने वाले विद्यार्थियों की ही टीसी अपलोड करना अनिवार्य होगा। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने टीसी अपलोड करने में आ रही दिक्कतों को लेकर कहा कि जो बच्चे उनके स्कूल में पहले से पढ़ रहे हैं, उनकी टीसी अपलोड करने की जरूरत नहीं है। इस पर यूपी बोर्ड को भी उनकी बात तर्कसंगत लगी।'

## बिहार में शिक्षक भर्ती में अधिवास नीति को मंजूरी, मूल निवासियों को 85% से अधिक आरक्षण

**पटना** - बिहार मंत्रिमंडल ने राज्य में शिक्षकों की भर्ती में अधिवास (डोमिसाइल) नीति लागू करने को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से राज्य के मूल निवासियों को 85 प्रतिशत से अधिक पदों पर आरक्षण मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को इस नीति की घोषणा की थी। इस फैसले को आगामी विधानसभा चुनाव से पहले एक अहम राजनीतिक कदम माना जा रहा है।

कैबिनेट सचिवालय के अतिरिक्त मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इस निर्णय के तहत वे उम्मीदवार, जिन्होंने 10वीं और 12वीं की पढ़ाई बिहार में की है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मिलाकर पहले से ही 60% आरक्षण है, वहीं महिला आरक्षण में भी केवल राज्य के निवासियों को शामिल किया जाएगा।

### अन्य प्रमुख निर्णय:

शारीरिक शिक्षा शिक्षक: सरकारी स्कूलों में कार्यरत 2,350 शिक्षकों का मानदेय 8,000 से बढ़ाकर 16,000 प्रति माह किया गया। साथ ही 400 की वार्षिक वृद्धि भी दी जाएगी।

**नाइट गार्ड:** 6,000 माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्कूलों के नाइट गार्ड का मानदेय 6,000 से बढ़ाकर 10,000 कर दिया गया।



**मिड-डे मील रसोइया:** 2.18 लाख रसोइयों का मासिक मानदेय 1,650 से बढ़ाकर 3,300 किया गया।

**आशा और ममता कार्यकर्ता:** आशा कार्यकर्ताओं को 1,000 की जगह अब 3,000 और ममता कार्यकर्ताओं को 300 के बदले 600 की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**स्वच्छता कर्मी:** ग्रामीण स्वच्छता अभियान के तहत श्रमिकों और पर्यवेक्षकों को क्रमशः 5,000 और 9,000 मासिक प्रोत्साहन राशि मिलेगी।

**डिजिटल लाइब्रेरी:** राज्य की सभी पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित होंगी, जिनमें कम से कम 10 कंप्यूटर होंगे।

**ऊर्जा क्षेत्र:** भागलपुर के पीरपैंती में प्रस्तावित सौर संयंत्र की जगह अब 2,400 मेगावाट का ताप विद्युत संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

**बस सेवा:** दुर्गा पूजा, छठ और होली के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए झझझ मॉडल पर अंतर-राज्यीय बस सेवा शुरू होगी।

उद्योग विस्तार: राज्य के विभिन्न जिलों में औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार को मंजूरी दी गई।

**चुनाव तैयारी:** विधानसभा चुनावों के लिए 90,712 मतदान केंद्रों पर दो-दो कैमरे लगाने हेतु 154.30 करोड़ स्वीकृत किए गए।

### बिहार में मसौदा मतदाता सूची जारी होने के बाद से अब तक किसी दल ने आपत्ति नहीं दी : आयोग

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि बिहार मतदाता सूची का मसौदा एक अगस्त को प्रकाशित होने के बाद से किसी भी राजनीतिक दल ने उसमें नाम शामिल करने या हटाने के लिए उससे संपर्क नहीं किया है। आयोग के मुताबिक मसौदा सूची एक सितंबर तक दावों और आपत्तियों के लिए उपलब्ध रहेगी। इस दौरान राजनीतिक दल और व्यक्ति छूटे हुए पात्र नागरिकों को शामिल करने और उन लोगों को बाहर करने की मांग कर सकते हैं, जिन्हें वे अयोग्य मानते हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि एक अगस्त को अपराह्न तीन बजे से पांच अगस्त (मंगलवार) को अपराह्न तीन बजे के बीच, दलों द्वारा नियुक्त किसी भी बूथ स्तरीय एजेंट ने दावे और आपत्ति प्रक्रिया में निर्वाचन अधिकारियों से संपर्क नहीं किया है।

## न्यूज अपडेट

### राहुल गांधी से बड़ा देशभक्त कौन हो सकता है : पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत



**जयपुर :** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सेना के संबंध में राहुल गांधी के एक बयान को लेकर उच्चतम न्यायालय द्वारा नाखुशी जताए जाने के संदर्भ में राहुल गांधी का बचाव करते हुए कहा कि उन (राहुल) से बड़ा देशभक्त कौन हो सकता है। साथ ही, गहलोत ने यह भी कहा कि राहुल गांधी ने कोई गोपनीय जानकारी साझा नहीं की है। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने 'एक्स' पर लिखा, 'देशभक्ति का सबसे बड़ा स्वरूप होता है देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देना। राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी एवं उनकी दादी इंदिरा गांधी ने भारत देश के लिए बलिदान दिया है। राहुल गांधी ने 4,000 किलोमीटर की पदयात्रा कर देश के आमजन की समस्याओं को सरकार के सामने रखने का काम किया। उनसे बड़ा देशभक्त कौन हो सकता है?' उन्होने कहा, 'राहुल गांधी ने कोई गोपनीय जानकारी साझा नहीं की। गलवान में चीनी घुसपैठ और झड़प, जिसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए, की जानकारी पहले से ही सार्वजनिक रूप से मौजूद हैं।' उन्होंने कहा कि चीन द्वारा भारत में लगभग 2,000 किलोमीटर तक की घुसपैठ और उससे संबंधित स्थानों की जानकारी भी इंटरनेट और मीडिया में विश्वसनीय स्रोतों पर उपलब्ध है।

### उप्र के 21 जिले बाढ़ से प्रभावित, सभी में तेजी से जारी हैं राहत-बचाव कार्य: योगी आदित्यनाथ



**औरैया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि राज्य के 21 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं और सभी में तेजी से राहत व बचाव का कार्य जारी हैं। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने बाढ़ से प्रभावित लोगों को औरैया कलेक्ट्रेट में राहत सामग्री बांटी। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'पिछले 10-15 दिन में अत्यधिक बरसात के कारण उत्तर प्रदेश के 21 जिले बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरीक्षण और राहत कार्यों के कुशल संचालन के लिए हर जनपद में प्रभारी मंत्रियों को तैनात किया गया है। योगी ने कहा कि इन सभी क्षेत्रों में बाढ़ राहत कार्यों के कुशल संचालन और पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने पीएसी की बाढ़ इकाई, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को तैनात किया है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की 16, एसडीआरएफ की 18 तथा पीएसी फ्लड यूनिट की 31 टीम बाढ़ प्रभावित जनपदों में कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को आगरा में आयोजित कार्यक्रमों के उपरांत औरैया पहुंचे। उन्होंने आगरा और औरैया के मध्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने बाढ़ की स्थिति देखी और औरैया पहुंचने पर प्रशासन को राहत कार्यों में तेजी लाने, आपदा प्रभावितों को सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### उत्तर प्रदेश सरकार ने असुरक्षित स्कूल भवनों को ध्वस्त करने का आदेश दिया

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग परिषदीय विद्यालयों में जर्जर भवनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सक्रिय हो गया है। बयान में कहा गया है कि राज्य के जिलों को निर्देश दिया गया है कि वे जर्जर भवनों की तत्काल पहचान करें, उनका सत्यापन करके ध्वस्त करें और छात्रों व शिक्षकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यह निर्णय स्कूल परिसरों में असुरक्षित इमारतों के बारे में हाल ही में हुए खुलासों के बाद लिया गया है। इन भवनों से छात्रों के जीवन को खतरा था और विभाग की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।



## खेल और पढ़ाई

नरेंद्र देवांगन

यह इम्तिहानों का वक्त था। राहुल का पढ़ाई में बिलकुल मन नहीं लग रहा था। मम्मी कई दफा डांट लगा चुकी थीं। वह कमरे से बाहर निकला। बालकनी में खड़ा, खेल के मैदान को देर तक ताकता रहा। राहुल को फुटबाल खेलने का शौक था। अभी भी वह इसी के बारे में ही सोच रहा था।



अचानक मम्मी रसोई से निकलीं। उन्हें देख, वह तुरंत अपने कमरे में लौट गया। उसे पता था, मम्मी फिर से पढ़ने के लिए कहेंगी। कमरे में आ कर फुटबाल को पैर से ठोकर मारते ही वह चौंका। सामने मम्मी खड़ी थीं। उसे लगा कि अब वह गुस्से में कुछ कहेंगी मगर मम्मी ने उसके नजदीक आ कर सिर पर हाथ रख दिया। वह मुस्कुरा रही थीं। अलमारी खोलते हुए बोलीं, 'जल्दी से कपड़े बदल लो।' उसकी जींस और टी शर्ट उनके हाथ में थी।

'कहां जाना है?' चौंक कर उसने पूछा। उसे पता था कि इम्तिहान के समय उसे कहीं नहीं जाने दिया जाता। मम्मी खुद भी इन दिनों कहीं नहीं जाती थीं। सारा दिन उसके लिए खाने की चीजें बनातीं। दूध देतीं या फिर फल वगैरह काट कर देती रहतीं। फिर जब वह खुद कह रही हैं कहीं जाने के लिए, तो आश्चर्य तो होना ही था।

वैसे ही हंसते हुए वह बोलीं, 'दरअसल तुझे किसी से मिलवाना है।'

राहुल की समझ में कुछ नहीं आया, पर उसने फटाफट कपड़े बदल लिए। किसी ने दरवाजे की घंटी बजाई। राहुल ड्राइंगरूम में पहुंचा, तो एक युवक बैठा हुआ था। मम्मी ने परिचय करवाया, 'यह मुन्ना चाचा हैं, तुम्हारे पापा के मौसेरे भाई।'

फिर वह यह कह कर चली गईं, 'तुम चाचा से बातें करो, तब तक मैं चाय बनाती हूं।'

उसे अजीब लगा कि उम्र में इतने बड़े शख्स से वह क्या बातें करेगा? कुछ ही मिनट बाद मुन्ना चाचा ने पूछा, 'तुम्हारे इम्तिहान चल रहे हैं?'

छोटा सा जवाब 'हूं' दे कर राहुल चुप हो गया। तभी मुन्ना चाचा उठ कर उसके नजदीक आ गए। लाड़ में भर कर वह बोले, 'तुम्हारी मम्मी ने बताया कि तुम्हें फुटबाल बहुत पसंद है। मैं भी फुटबाल का चैंपियन रहा हूं।'

इतना सुनते ही राहुल उनका चेहरा ताकने लगा। मुन्ना चाचा बताते गए कि कैसे वह स्कूल से भाग कर फुटबाल खेलते थे। कैसे पढ़ाई में उनका मन उचटता गया। अंत में उन्होंने दुखी मन से कहा, 'राहुल, आज भी मैं बेरोजगार हूं। मेरा प्रदेश की टीम में चयन होने के बाद भी नाम वापस हो गया क्योंकि मैं केवल 8वीं फेल था।'

दुखी स्वर से वह बोले, 'टीम में चयन होने के लिए 10वीं तो जरूरी है, मगर तब भी मैं नहीं समझा। केवल खेल का मैदान और बॉल मेरी पसंद बने रहे। नतीजा तुम देख रहे हो।' तभी मम्मी चाय ले कर आ गईं।

शाम को देर तक राहुल पढ़ता रहा, तो मम्मी कमरे में आईं। बोली, 'आधा घंटा खेल आ, मन खुश हो जाएगा।'

राहुल ने सिर उठा कर मम्मी को देखा और बोला, 'मम्मी, मैं समझ गया कि खेलने के साथ पढ़ना भी जरूरी है। अब मैं पढ़ने के लिए कभी आपको डांटने का मौका नहीं दूंगा। यूं गया और दो गोल कर के आया।'

सीढ़ियों से कूदते हुए राहुल गया तो मम्मी मुस्कुरा उठीं। (उर्वशी)

## विश्वाश का फल

एक समय की बात हैं एक बहुत ही धनवान सेठ रात को ढाई बजे अपने कमरे में टहल रहा था। उसे नीद नहीं आ रही थी और वह बेचैन हुए जा रहा था। उसे कुछ समझ नहीं आ रहा था कि उसके साथ क्या हो रहा हैं। रात बहुत ज्यादा हो चुकी थी वह किसी और को जगाना नहीं चाह रहा था। उसने सोचा चलो मंदिर घूम आते हैं, थोड़ा मन भी बहल जाएगा। उसने चुपचाप अपनी गाड़ी निकाली और घर से थोड़ी दूर एक मंदिर के लिए निकल गया।



जब वह मंदिर की चौखट पर पहुंचा तो देखता की वहाँ पर एक आदमी बहुत परेशान हालत में बैठा था। जिसके कपड़े फटे थे, पैर में चप्पल नहीं थी। वह आदमी बस मंदिर की मूर्ति को देखे जा रहा था। सेठ ने कहा की रात के ढाई बज रहे हैं तुम यहाँ क्या कर रहे हो। उस आदमी ने कहा मेरी बीबी बहुत बीमार हैं और वह अस्पताल में भर्ती हैं। मेरे पास पैसे भी नहीं हैं, मुझे समझ में नहीं आ रहा हैं कि मैं क्या करूँ।

उस आदमी की बात सुन सेठ ने अपनी जेब से कुछ पैसे निकाले और उसे देते हुए यह कहा, ये पैसे लो और तुम सबसे पहले अपनी बीबी का इलाज कराओ और उसने अपना पता और फोन नंबर भी दिया। गरीब आदमी ने सेठ का धन्यवाद किया और यह कहते हुए वहाँ से जाने लगा। हालाँकि, आपने मुझे अपना पता दिया हैं। लेकिन, मेरे पास उसका पता हैं, जिसने रात के ढाई बजे आपको मेरी मदद करने के लिए भेजा हैं। वाकई, ऐसी घटनाएं दिल को झकझोर देती हैं और हमें याद दिलाती हैं कि वह कही न कही हैं तो जरूर। जो हमें जूझते हुए देखकर मुस्कुरा रहा हैं।

**नैतिक शिक्षा: परिस्थितियाँ कैसी भी हो हमें भगवान से विश्वास नहीं हटाना चाहिए।**

## बटुआ

हेमंत यादव

एक दिन चिंपू खरगोश अपनी साइकिल से स्कूल जा रहा था उस के साथ उसके दोस्त रानू बंदर और सोनू भालू भी अपनी अपनी साइकिल पर थे।

तभी चिंपू की साइकिल की चेन उतर गई।

'अरे, रूको रूको,' वह बोला, 'मुझे साइकिल की चेन चढ़ाने दो' इतना कहकर वह साइकिल से नीचे उतर कर चेन चढ़ाने लगा।

'यार चिंपू, तुम इस खटारा साइकिल को कब तक चलाओगे, 'रानू बंदर ने उसकी साइकिल की तरफ इशारा करके कहा, 'तुम नई साइकिल क्यों नहीं खरीद लेते।'

'रामू ठीक कहता है,' सोनू भालू रानू की बात का समर्थन करता हुआ बोला, 'तुम जल्दी से नई साइकिल खरीदो वरना हम लोग तुम्हारे साथ साइकिल से कहीं नहीं जाएंगे।' रास्ते में 10 बार तुम्हारी साइकिल की चेन उतर जाएगी तो क्या हम बार बार रूक कर तुम्हारा इंतजार करेंगे।

चिंपू साइकिल की चेन चढ़ाने के बाद हाथ पोंछता हुआ बोला, 'यार, तुम लोग अच्छी भली साइकिल को खटारा क्यों बता रहे हो। हां, इसकी चेन बहुत पुरानी हो चुकी है। चेन नई खरीदकर आज लगाऊंगा। चेन के लिए पिताजी से पैसे आज मैंने ले लिये हैं।

तीनों फिर अपनी-अपनी साइकिल पर बैठकर जल्दी जल्दी स्कूल की तरफ चल दिए। अभी वे कुछ ही दूर गए होंगे कि उन्हें सड़क के बीचोबीच पेड़ का एक मोटा तना पड़ा दिखाई दिया।

सड़क के दोनों तरफ गहरा गड्ढा था। साइकिल उधर से निकालना मुश्किल था, इसलिए तीनों दोस्त साइकिल से उतर कर उस तने को एक तरफ हटाने लगे।

तभी वहां लुटेरा रंगा सियार आ गया। उसके हाथ में एक बड़ा सा चाकू था। तीनों को तना हटाते देख कर हंसते हुआ बोला, लगा लो लगा लो, चाहे जितना जोर लगा लो। यह मोटा तना तुम लोगों से नहीं हटेगा।

तीनों ने पीछे मुड़ कर देखा तो उनके होश उड़ गए, 'अरे, यह तो रंगा है' तीनों उसे पहचानते थे। रंगा अक्सर स्कूल जाने वाले बच्चों को डरा धमका कर उनसे रूपए पैसे छीन लेता था।

'तुम लोगों को रोकने के लिए ही तो मैंने इस तने को सड़क के बीच में लुढ़का दिया था - रंगा तीनों को चाकू दिखाता हुआ बोला, चलो, जल्दी से तीनों अपना-अपना बटुआ मेरे हवाले कर दो वरना तुम्हारी जान ले लूंगा।

चाकू देख कर तीनों की सिट्टीपिट्टी गुम हो गई थी। निहत्थे तीनों उस बदमाश से लड़ भी नहीं सकते थे और न ही जान बचाकर वहां से भाग सकते थे क्योंकि तीनों की साइकिल रंगा के कब्जे में थीं।

कुछ सोचकर चिंपू ने रंगा से कहा, 'देखो, हमारे पास पैसे नहीं हैं। हमें जाने दो।'

यह सुनकर रंगा गुस्से से बोला,'' ऐसे कैसे जाने दूं। आज तुम लोगों को स्कूल में फीस जमा करानी है। तुम लोगों को घर से फीस के पैसे जरूर मिले होंगे।



चलो, जल्दी से अपना-अपना बटुआ निकालो।

तीनों ने डर से अपना-अपना बटुआ निकाल कर रंगा को दे दिया।

रंगा ने तीनों का बटुआ खोलकर देखा। उसमें रूपए थे। तीनों बटुए अपनी जेब में रखता हुआ रंगा बोला, ''तुम लोग बहुत समझदार बच्चे हो। तुम लोगों को अपनी जान बहुत प्यारी है।

इतना कहकर वह वहां से जाने लगा तो तीनों उसे रोकते हुए बोले, 'अरे भई, यह तना तो सड़क पर से हटाते जाओ। हमें स्कूल जाना है।'

रंगा ने जोर लगाया और एक ही झटके में तना वहां से एक तरफ हटा दिया। फिर अपना सीना चौड़ा करता हुआ बोला, 'मेरी तरह ताकतवर बनो।'

'तुम सिर्फ ताकतवर ही नहीं बल्कि दयालु भी हो, तभी कुछ सोचता हुआ चिंपू बोला, तुमने दया करके इस तने को यहां से हटा दिया वरना हम स्कूल कैसे जा पाते?

अपनी प्रशंसा सुनकर रंगा फूलकर कुप्पा हो गया। उसने कहा, मैं बच्चों पर जुल्म नहीं करता। उन्हें मारता पीटता भी नहीं, बस, उन्हें धमका कर उनसे पैसे छीन लेता हूं।

'सचमुच तुम बहुत अच्छे हो,' चिंपू रंगा को मक्खन लगाता हुआ बोला, 'रंगा भाई, क्या तुम हमारा बटुआ हमें वापस नहीं दे सकते?'

'बड़े चालाक हो, मुझे मक्खन लगाकर तुम बेवकूफ बनाना चाहते हो। लूटा हुआ माल मैं कभी वापस नहीं करता।'

'बटुआ से पैसे निकाल कर कम से कम हमारा बटुआ तो वापस कर दो चिंपू बोला। यह सुनकर रंगा कुछ सोचने लगा। फिर उसने अपनी जेब से बटुए निकाले और उसमें रखे पैसे निकाल कर तीनों को बटुआ वापस करता हुआ बोला, 'लो, अपना बटुआ ले लो। इन बटुओं का मैं क्या करूंगा।'

रंगा के जाने के बाद रानू और सोनू ने चिंपू से कहा, 'खाली बटुआ मांगकर तुमने कौन सा बुद्धिमानी का काम किया? अरे, बुद्धिमानी तो तब होती जब तुम पैसे भी वापस मांगते।'

चिंपू दोनों को समझाता हुआ बोला, हमारा बटुआ वह जरूर कहीं फेंक देता। इससे अच्छा मैंने मांग लिया। हमें दूसरा बटुआ खरीदना तो नहीं पड़ेगा।

अरे, यह बात तो हमने सोची ही नहीं। मान गए तुम्हारी बुद्धि को-दोनों एक साथ बोले।

तीनों अपना अपना बटुआ उलट पुलट कर देखने लगे। तभी चिंपू चौंकता हुआ बोला, 'अरे, गलती से रंगा ने मुझे अपना बटुआ थमा दिया। देखूं जरा इसमें क्या है?' यह कहकर वह रंगा का बटुआ खोलकर देखने लगा।

उस बटुए में (कुछ) रूपए और उसका पहचान पत्र तथा पता था।

स्कूल जाने के बजाए तीनों पुलिस स्टेशन चल दिए। पुलिस इंस्पेक्टर शेरसिंह को बटुआ सौंपते हुए तीनों ने उन्हें पूरी बात बताई।

'बच्चों, इस बटुए के सहारे वह बदमाश जरूर पकड़ा जाएगा,' शेरसिंह ने कहा, 'तुम लोगों ने पुलिस को बटुआ दे कर बहुत बुद्धिमानी का काम किया है' इतना कहकर उन्होंने उन तीनों की पीठ थपथपाईं।

अगले ही दिन रंगा को पुलिस ने दबोच लिया। (उर्वशी)

# भारत और फिलीपीन ने रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत और फिलीपीन अपनी मर्जी से मित्र और नियति से साझेदार हैं। उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे समय में की, जब दोनों देशों ने आपसी संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाते हुए अपने सशस्त्र बलों के बीच तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी और फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर के बीच यहां संपन्न द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने आपसी संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने की घोषणा की। इससे एक दिन पहले दोनों देशों की नौसेनाओं ने फिलीपीन तट पर संयुक्त अभ्यास किया था। मोदी ने मार्कोस की मौजूदगी में कहा, भारत और फिलीपीन अपनी मर्जी से मित्र और नियति से साझेदार हैं। हिंद महासागर से लेकर प्रशांत महासागर तक, हम साझा मूल्यों के तहत एकजुट हैं। हमारी दोस्ती केवल अतीत की साझेदारी नहीं है, यह भविष्य के लिए एक वादा है। भारत और फिलीपीन ने नौ समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें रणनीतिक साझेदारी की घोषणा एवं कार्यान्वयन, दोनों देशों की सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच वार्ता के लिए संदर्भ की शर्तें तथा बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण इस्तेमाल पर सहयोग शामिल है। मोदी ने कहा कि फिलीपीन भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' और 'महासागर' (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र उन्नति) दृष्टिकोण में एक अहम साझेदार है। उन्होंने कहा, हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, समृद्धि और नियम-आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# दक्षिण चीन सागर में शांति में भारत की स्थायी रुचि है : विदेश मंत्रालय



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण चीन सागर पर भारत का रुख स्पष्ट एवं सतत है तथा वह उसे वैश्विक साझा क्षेत्र मानता है। फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर की यात्रा के संबंध में यहां आयोजित एक विशेष प्रेस वार्ता के दौरान विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) पी. कुमारन फिलीपीन तट पर हाल ही में आयोजित भारत-फिलीपीन द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। खबरों के अनुसार, यह अभ्यास दक्षिण चीन सागर के कुछ हिस्सों में भी हुआ। भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े के आईएनएस दिल्ली (निर्देशित मिसाइल विध्वंसक), आईएनएस शक्ति (टैंकर) और आईएनएस किल्टन (पनडुब्बी रोधी युद्धपोत) ने हाल ही में मनीला में अपना ठहराव पूरा किया। ये पोत दक्षिण पूर्व एशिया में परिचालन तैनाती पर थे। अधिकारियों ने बताया कि प्रस्थान के समय इन जहाजों ने 3 और 4 अगस्त को फिलीपीन नौसेना के जहाजों के साथ द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास में भाग लिया। कुमारन से इस दो दिवसीय अभ्यास पर चीन की प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया था, जो उसी दिन समाप्त हुआ जिस दिन राष्ट्रपति मार्कोस पांच दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे थे। सचिव (पूर्व) ने कहा, ''दक्षिण चीन सागर पर हमारा रुख स्पष्ट और सतत है। हम दक्षिण चीन सागर को वैश्विक साझा क्षेत्र मानते हैं और हम इस क्षेत्र में नौवहन, उड़ान और दक्षिण चीन सागर के जलक्षेत्र में वैध वाणिज्य की स्वतंत्रता का समर्थन करते हैं।''

## असहाय महिलाओं से जुड़े यौन उत्पीड़न के मामलों में अदालत को संवेदनशील होना चाहिए: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को असहाय महिलाओं के यौन उत्पीड़न के मामलों में संवेदनशीलता बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया और यौन अपराधों से बच्चों की रोकथाम (पॉक्सो) के मामले में एक व्यक्ति की सजा बरकरार रखी। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि निचली अदालत द्वारा दोषसिद्धि और दी गई सजा को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय का बरकरार रखना पूरी तरह से न्यायोचित था। पीठ ने कहा, असहाय महिला से जुड़े यौन उत्पीड़न के आरोपों से निपटते समय अदालत को संवेदनशील बने रहना चाहिए। शीर्ष अदालत ने फैसले में अपने पिछले निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि बलात्कारी न केवल पीड़िता की निजता और सम्मान को चोट पहुंचाता है, बल्कि इस प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से गंभीर मनोवैज्ञानिक और शारीरिक नुकसान भी पहुंचाता है। पीठ ने अपने निर्णयों का हवाला देते हुए कहा, बलात्कार केवल शारीरिक हमला नहीं है और यह पीड़ित के पूरे व्यक्तित्व को नष्ट कर देता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वर्तमान मामले में पीड़िता का सबूत पूरी तरह से ''विश्वसनीय'' है, जिसने आरोपी द्वारा अपराध किए जाने के बारे में पूरी घटना को स्पष्टता के साथ बताया। पीठ ने कहा, उसकी गवाही पर अविश्वास करने और उसे खारिज करने का कोई कारण नहीं है।''

## त्रिपुरा में बाल विवाह अभी भी चिंता का सबब, सिपाहीजाला में तीन महीने के भीतर 103 मामले सामने आए



**अगरतला :** त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में इस वर्ष अप्रैल से जून के बीच बाल विवाह के राज्य में सबसे अधिक 103 मामले दर्ज किए गए हैं। यहां एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस मुद्दे पर चिंताओं के बीच, जिला प्रशासन ने अपने प्रमुख पहल 'मिशन संकल्प' के तहत इसी अवधि के दौरान बाल विवाह के 101 प्रयासों को सफलतापूर्वक विफल किया। 'मिशन संकल्प' पहल का उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाना है। दक्षिण त्रिपुरा जिला 43 मामलों के साथ बाल विवाह के लिए दूसरे स्थान पर रहा। आकांक्षी ज़िला धलाई में बाल विवाह के 33 मामले दर्ज किए गए जबकि यहां 31 बाल विवाह के प्रयासों को विफल किया गया। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) की रिपोर्ट के अनुसार, बाल विवाह के मामलों में त्रिपुरा देश में तीसरे स्थान पर है। बाल विवाह को त्रिपुरा में सबसे गंभीर सामाजिक चुनौतियों में से एक बताते हुए समाज कल्याण एवं सामाजिक शिक्षा विभाग के निदेशक तपन कुमार दास ने कहा कि इस मुद्दे ने पूर्वोत्तर राज्य में गंभीर रूप ले लिया है। उन्होंने विभागीय निष्कर्षों का हवाला देते हुए कहा, ''आर्थिक रूप से पिछड़ापन इसका असल कारण है। निरक्षरता, सामाजिक समर्थन का अभाव और सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव भी इसके लिए जिम्मेदार कारक हैं।'' दास ने कहा कि विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों को अभी भी बोझ समझा जाता है और कई माता-पिता अपनी बेटियों को शिक्षित करने को लेकर अनिच्छुक हैं। इस समस्या के समाधान के लिए समाज कल्याण विभाग ने जिला प्रशासन के साथ समन्वय करके कई उपाय किए हैं।

## सरकार एयरलाइनों की परिचालन योजनाओं में हस्तक्षेप नहीं करती

**नयी दिल्ली :** नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि सरकार एयरलाइनों की परिचालन योजनाओं में हस्तक्षेप नहीं करती तथा अमृतसर हवाई अड्डे से बर्मिंघम, बैंकॉक, दोहा, दुबई, कुआलालंपुर, लंदन (गैटविक), मिलान, शारजाह और सिंगापुर के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित की जा रही हैं, जबकि चंडीगढ़ से दुबई और अबूधाबी के लिए अंतरराष्ट्रीय सेवाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन भारत और संबंधित देशों के बीच हुए द्विपक्षीय एयर सर्विसेज़ समझौते (एएसए) के अंतर्गत होता है। मोहोल ने बताया कि सरकार नागरिक उड्डयन क्षेत्र की वृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करती है, लेकिन एयरलाइनों की परिचालन योजनाओं में हस्तक्षेप नहीं करती। मंत्री ने बताया कि इन समझौतों के अनुसार, नामित भारतीय एयरलाइंस किसी भी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे-जैसे चंडीगढ़ और अमृतसर-से किसी भी विदेशी गंतव्य तक, निर्धारित क्षमता सीमा के भीतर उड़ानें संचालित कर सकती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी बिंदु से प्रत्यक्ष अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करना पूरी तरह से अनुसूचित एयरलाइनों का व्यावसायिक निर्णय होता है, जो यात्रियों की मांग, स्लॉट की उपलब्धता, मार्ग की आर्थिक व्यवहार्यता और अन्य संबंधित कारकों पर आधारित होता है।

## आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2025 में 465 सर्वे किए, 30,444 करोड़ रुपये की अघोषित आय का पता लगाया

**नयी दिल्ली :** आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 465 सर्वे किए, जिनके परिणामस्वरूप 30,444 करोड़ की अघोषित आय का पता चला है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब भी प्रत्यक्ष कर चोरी से संबंधित कोई विश्वसनीय सूचना विभाग के संज्ञान में आती है, तो वह उचित कार्रवाई करता है, जिसमें सर्वेक्षण, तलाशी और जब्ती अभियान तथा मूल्यांकन शामिल हैं, ताकि अघोषित आय को कर के दायरे में लाया जा सके। मंत्री ने बताया, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कुल 465 सर्वेक्षण किए गए, जिनसे 30,444 करोड़ की अघोषित आय का पता चला। उन्होंने बताया कि इससे पिछले दो वर्षों में, वित्त वर्ष 2023-24 में विभाग ने 737 सर्वे किए थे और 37,622 करोड़ की अघोषित आय का पता लगाया था। वित्त वर्ष 2022-23 में 1,245 सर्वे के दौरान 9,805 करोड़ की अघोषित आय का पता चला था। चौधरी ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में 1,437 समूहों पर तलाशी अभियान चलाए गए और 2,504 करोड़ की संपत्तियां जब्त की गईं। इसके मुकाबले वित्त वर्ष 2023-24 में 1,166 समूहों की तलाशी कर 2,555 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई थी। उनके अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में 1,437 समूहों पर कार्रवाई की गई थी और 1,766 करोड़ की संपत्तियां जब्त की गई थीं।

## बिहार के मतदाता राहुल गांधी को आईना दिखाएंगे: गिरिराज



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को कहा कि बिहार के मतदाता राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बारे में झूठ फैलाने के लिए पाकिस्तान के पोस्टर ब्वॉय राहुल गांधी को आगामी विधानसभा चुनावों में आईना दिखाएंगे। गिरिराज ने कपड़ा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी) के सहयोग से आयोजित एक कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा, एसआईआर चुनावी प्रक्रिया के एक हिस्से के रूप में हो रहा है, फिर भी राहुल गांधी और तेजस्वी यादव झूठ की खेती करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के पास दो मतदाता पहचानपत्र हैं, तो ''उन्हें चुल्लू भर पानी में डूबकर मर जाना चाहिए''। गिरिराज ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह (राहुल) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर विश्वास करते हैं और पाकिस्तान जो कहता है, उसे पसंद करते हैं, लेकिन उच्चतम न्यायालय से सहमत नहीं हैं। उन्होंने भारतीय सेना के बारे में राहुल की टिप्पणी के संबंध में शीर्ष अदालत की ओर से की गई हालिया टिप्पणियों का भी जिक्र किया। बिहार की बेगूसराय लोकसभा सीट से सदस्य गिरिराज ने कहा, वह (राहुल) पाकिस्तान के 'पोस्टर ब्वॉय' बन गए हैं। वह 9 से 14 तारीख तक बिहार की यात्रा पर होंगे। बिहार की जनता उन्हें चुनाव में आईना दिखाएगी। हथकरघा क्षेत्र से जुड़े 35 लाख से अधिक बुनकरों का जिक्र करते हुए गिरिराज ने कहा कि उनकी डिजाइन को निकट भविष्य में ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी से जोड़ा जाएगा, ताकि इन्हें कोई विदेशी कंपनी चुरा न सके।

## दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिक लाल किले के पास हिरासत में लिए गए



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों को लाल किले के पास से हिरासत में लिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि ये लोग सोमवार को लाल किला देखने आए थे और परिसर में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे, क्योंकि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि स्वतंत्रता दिवस से पहले बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था के कारण लाल किले को 15 जुलाई से ही आम जनता के लिए बंद कर दिया गया है। अधिकारी के मुताबिक, लाल किले के पास तैनात सुरक्षाकर्मियों ने नियमित जांच के दौरान 20 से 25 साल की उम्र के पांच लोगों को रोक लिया। अधिकारी ने बताया, इन लोगों को नियमित जांच के दौरान रोका गया, क्योंकि उनके पास वैध प्रवेश पास नहीं थे। पूछताछ के दौरान पता चला कि ये पांचों बांग्लादेशी नागरिक हैं, जो लगभग तीन-चार महीने पहले अवैध रूप से भारत में घुसे थे। उन्होंने हिरासत में लिए गए लोगों के हवाले से बताया कि वे दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करते हैं।

## तीस जून, 2025 तक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों में कुल बकाया 54.53 लाख करोड़

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने मंगलवार को संसद को सूचित किया कि 30 जून, 2025 तक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों में कुल बकाया 54.53 लाख करोड़ रुपये है। राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया, ''जून 2025 तक अप्रत्यक्ष करों के तहत लंबित कर बकाया 7.01 लाख करोड़ से अधिक है, जबकि प्रत्यक्ष करों के तहत यह राशि 47.52 लाख करोड़ से अधिक है।'' उन्होंने बताया कि कुल मिलाकर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों में 54.53 लाख करोड़ रुपये की राशि बकाया है। मंत्री द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, अप्रत्यक्ष करों में से 2.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि ऐसे मामलों से संबंधित हैं जहां किसी एक में 10 करोड़ रुपये से अधिक की कर राशि बकाया है। वहीं प्रत्यक्ष करों के मामले में, 10 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया मामलों की राशि लगभग 35.48 लाख करोड़ रुपये है। मंत्री ने यह भी बताया कि अप्रत्यक्ष करों के 7.01 लाख करोड़ रुपये के कुल बकाया में से 3.71 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि विभिन्न स्तरों पर चल रही न्यायिक प्रक्रिया के कारण लंबित है।

## तेलंगाना में 847 किग्रा गांजा जब्त, दो लोग गिरफ्तार



**हैदराबाद :** मादक पदार्थ की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए बनायी गयी 'एलीट एक्शन ग्रुप फॉर ड्रग लॉ एनफोर्समेंट' (ईगल) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक बड़े अंतरराज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और 4.2 करोड़ रुपये मूल्य का 847 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। साथ ही ओडिशा के दो आदतन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक (ईगल) चौधरी रूपेश ने बताया कि यह अभियान 2025 की सबसे बड़ी और सबसे सटीक नशा विरोधी कार्रवाइयों में से एक है, जिसका लक्ष्य मलकानगिरी (ओडिशा) से तेलंगाना और कर्नाटक होते हुए उत्तर प्रदेश तक जाने वाली आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ना है। विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर टीम ने चार अगस्त को यहां शमशाबाद रोड के पास एक पिकअप वाहन को रोका और वाहन से 847 किलोग्राम गांजा (411 पैकेट) जब्त किया और खिल्ला धना तथा राजेंद्र बी नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया।

## प्रभावी विपक्ष बनने के लिए कांग्रेस को मुझसे ट्यूशन लेनी चाहिए : नड्डा



**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में सदन के नेता जे. पी. नड्डा ने मंगलवार को कांग्रेस सदस्यों पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रभावी विपक्ष बनने के लिए उन्हें उनसे ट्यूशन लेनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस अगले कुछ दशकों तक सत्ता से बाहर रहेगी। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने विपक्ष पर 'अराजक' होने का भी आरोप लगाया और कहा कि राज्यसभा में सभापति की अनुमति से बोल रहे सदस्यों को बाधित करना लोकतंत्र नहीं है। नड्डा ने यह टिप्पणी सदन में सुरक्षाकर्मियों की कथित तैनाती पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा आपत्ति जताने के बाद की। विपक्ष बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण सहित कई मुद्दों को लेकर संसद में हंगामा कर रहा है। नड्डा ने कहा, ''उपसभापति जी आज का दिन बहुत ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि राज्यसभा में आपने जो व्यवस्था दी है वह हमेशा अंकित रहेगी, रिकॉर्ड में रहेगी और राज्यसभा को आगे चलाने के लिए संदर्भ का काम करेगी। आपने अपनी व्यवस्था से दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया है।'' विपक्ष के हंगामे के बीच नड्डा ने कहा, ''मैं यहां से बोल रहा हूं... मेरे बगल में आकर खड़ा होकर कोई नारे लगाएगा तो यह लोकतंत्र नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''मैं इन लोगों को कई बार कह चुका हूं कि मैं 40 साल से ज्यादा विपक्ष में रहा हूं, मुझसे ट्यूशन ले लीजिए। मैं बता दूंगा कि विपक्ष को किस तरह से व्यवहार करना होता है। अभी आप नए-नए हैं, अभी केवल 10 साल ही हुए (विपक्ष में) हैं, अभी 30-40 साल और रहना है विपक्ष में।''

## पिछले 11 वर्षों में किसानों के खातों में 43.87 लाख करोड़ रुपये भेजे गए: चौहान



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले 11 वर्षों में किसानों के खातों में 43.87 लाख करोड़ रुपये भेजे हैं। उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, उर्वरक पर सब्सिडी और उपज की खरीद पर सरकार द्वारा खर्च की गई राशि का ब्यौरा दिया। प्रश्नकाल के दौरान एसआईआर के मुद्दे पर हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों को निशाने पर लेते हुए चौहान ने कहा कि ''वे लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं''। उन्होंने कहा, ''विपक्ष मुझे सवालों का जवाब नहीं देने दे रहा है। किसानों और उनके लिए कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी को रोकने का प्रयास कर रहा है।'' चौहान ने कहा, ''मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में किसानों की आय दोगुनी करने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। उत्पादन बढ़ाना, लागत घटाना, नुकसान की भरपाई और कई अन्य उपाय किए गए हैं। लाखों किसानों की आय दोगुनी से ज्यादा हुई है।'' उन्होंने सदन को बताया, 'पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत लगभग साढ़े चार लाख करोड़ रुपये किसानों के खाते में डाले गए। फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों के खाते में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक डाले गए हैं। उर्वरक सब्सिडी पर 14.06 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं।'' चौहान का कहना था, ''विपक्ष में दम है तो सुन ले कि मोदी सरकार ने किसानों के लिए कितना काम किया है।'' उन्होंने कहा, ''मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में किसानों के खातों में 43.87 लाख करोड़ रुपये डालकर उनकी जिंदगी बदली है।''

# न्यायापालिका तय नहीं करेगी कि कौन सच्चा भारतीय है: प्रियंका



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने उच्चतम न्यायालय द्वारा राहुल गांधी के सेना से संबंधित एक बयान को लेकर नाखुशी जताए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को कहा कि कोई न्यायाधीश अथवा न्यायपालिका यह तय नहीं कर सकते कि कौन सच्चा भारतीय है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होने के कारण राहुल गांधी का यह कर्तव्य है कि वह सरकार से सवाल पूछें। प्रियंका गांधी ने यह भी कहा कि उनके भाई सेना का बहुत सम्मान करते हैं, लेकिन उनकी टिप्पणी को गलत ढंग से उद्धृत किया गया। शीर्ष अदालत ने दिसंबर 2022 में 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान सेना के बारे में की गई टिप्पणी को लेकर लखनऊ की एक अदालत में राहुल के खिलाफ जारी कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। हालांकि, न्यायालय ने लोकसभा में विपक्ष के नेता से नाखुशी जाहिर करते हुए कहा कि अगर वह सच्चे भारतीय हैं, तो ऐसी बात नहीं कहेंगे। प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''कौन सच्चा भारतीय है और कौन नहीं- यह तय करना न्यायपालिका के दायरे में नहीं आता। यह कोई न्यायाधीश तय नहीं करेंगे। मैं यह बात न्यायपालिका का पूरा सम्मान करते हुए कह रही हूं।'' उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी जी ने हमेशा सेना और हमारे जवानों का सम्मान किया है। वह हमेशा सेना के प्रति आदर रखते हैं। यह उनके भाषणों और टिप्पणियों में स्पष्ट दिखता है।'' प्रियंका गांधी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के तौर पर सरकार से सवाल पूछना राहुल की जिम्मेदारी है, लेकिन जब सरकार जवाब देना नहीं चाहती, तब वह ऐसे हथकंडे अपनाती है। कांग्रेस महासचिव ने संसद में गतिरोध को लेकर आरोप लगाया कि यह सरकार की कमजोरी है कि वह सदन नहीं चला पा रही है। उन्होंने कहा, ''क्या सरकार इतनी कमज़ोर है कि संसद भी नहीं चला सकती? आखिर सरकार एसआईआर पर चर्चा क्यों नहीं करा रही, जब पूरा विपक्ष संसद में चर्चा की मांग कर रहा है।'' कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि राहुल गांधी ने जो टिप्पणी थी, वह हर राष्ट्रवादी भारतीय की सोच को दर्शाती है। उन्होंने कहा, ''जब हम सदन के अंदर या बाहर सवाल पूछते हैं तो वे (सरकार) जवाब नहीं देते। सवाल पूछने पर हमें राष्ट्र-विरोधी कहा जाता है, लेकिन हम सच्चे भारतीय हैं जो सरकार से जवाब मांगते हैं।''

## क्रिप्टो धोखाधड़ी मामले में अमेरिका में गिरफ्तार भारतीय की लगभग 42 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**नयी दिल्ली :** अमेरिका में क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज 'कॉइनबेस' की नकल करने वाली एक फर्जी वेबसाइट के जरिये लगभग दो करोड़ अमेरिकी डॉलर की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार एक भारतीय व्यक्ति की 42.8 करोड़ रुपये की संपत्ति धन शोधन विरोधी कानून के तहत कुर्क की गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ईडी ने बताया कि आरोपी की पहचान चिराग तोमर के रूप में की गई है। उसने बताया कि मामले की जांच मीडिया में आई उन खबरों के आधार पर शुरू की गई, जिनमें कहा गया था कि तोमर को अमेरिका में क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज वेबसाइट 'कॉइनबेस' की नकल करने वाली फर्जी वेबसाइट के जरिये दो करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### न्यूज इन ब्रीफ

#### केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा मिलने के बाद से लद्दाख में 1,600 किमी से अधिक सड़क निर्माण: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि 2019 में केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा मिलने के बाद से लद्दाख में लगभग 1,670 किलोमीटर अतिरिक्त सड़कों का निर्माण हुआ है या पक्की सड़कें बिछाई जा चुकी हैं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में अब भारी बर्फबारी के दौरान सड़क संपर्क सुगम बनाने के लिए बर्फ हटाने वाली मशीनें तैनात हैं। समग्र संपर्क में सुधार के लिए विभिन्न स्थानों पर हेलीपैड भी बनाए गए हैं। राय ने कहा कि पुनर्गठन के बाद लद्दाख में सड़क बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

#### मुंबई हवाई अड्डे पर 6.4 करोड़ रुपये की स्वर्ण भस्म और मादक पदार्थ जब्त दो गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अलग-अलग मामलों में सीमा शुल्क विभाग ने 6.41 करोड़ रुपये मूल्य की स्वर्ण भस्म और गांजा बरामद करते हुए हवाई अड्डे के एक कर्मचारी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुंबई सीमा शुल्क विभाग के हवाई अड्डा आयुक्तालय ने रविवार को संदेह के आधार पर दो व्यक्तियों को रोका। उन्होंने कहा कि जांच में पता चला कि उनमें से एक पारगमन यात्री था, जिसने मोम में छिपाई गई 1,510 ग्राम स्वर्ण भस्म कथित तौर पर हवाई अड्डे के कर्मचारी को सौंप दी। इसकी कीमत 1.39 करोड़ आंकी गई है। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे के कर्मचारी ने स्वीकार किया कि उसने एक यात्री से 24 कैरेट की स्वर्ण भस्म के चार पैकेट लिए थे।

#### ग्रेटर नोएडा के निवासी के खाते में जमा हुए 11.13 लाख करोड़ रुपये; बैंक ने कहा- ऐप में हुई गड़बड़ी

**नोएडा :** दनकौर के निवासी दिलीप उस समय हैरान रह गए जब उनके खाते में 14 अंकों की रकम जमा हो गई। हालांकि, उनकी यह खुशी ज्यादा देर तक नहीं चली। एक अगस्त को, 20 वर्षीय दिलीप को एक संदेश मिला कि उनके बैंक खाते में 11.13 लाख करोड़ रुपये जमा हुए हैं। बेरोजगार दिलीप दौड़े-दौड़े अपने बैंक गए, जहां उन्हें बताया गया कि यह अप्रत्याशित धनराशि नावी यूपीआई ऐप में हुई गड़बड़ी के कारण जमा हुई और उनके खाते में अब भी एक भी पैसा नहीं है। दिलीप ने दो महीने पहले ही एक निजी बैंक में खाता खुलवाया था। उनके माता-पिता नहीं हैं।

#### भागवत तीन-दिवसीय व्याख्यानमाला में भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति आरएसएस का दृष्टिकोण पेश करेंगे

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत इस महीने के अंत में यहां तीन-दिवसीय कार्यक्रम में भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति संगठन का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे। वह इस कार्यक्रम में देश को अधिक आत्मनिर्भर और वैश्विक रूप से प्रभावशाली बनाने के लिए ''विकास के औपनिवेशिक युग के मानदंडों से आगे जाने की आवश्यकता'' समेत कई विषयों पर अपने विचार रखेंगे। आरएसएस इस कार्यक्रम में अल्पसंख्यक समुदायों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और विदेशी राजदूतों (पाकिस्तान और बांग्लादेश को छोड़कर) समेत समाज के विभिन्न वर्गों के प्रमुख व्यक्तियों को आमंत्रित करेगा। सूत्रों ने बताया कि तुर्किये को निमंत्रण भेजे जाने की भी संभावना नहीं है। छब्बीस अगस्त से शुरू होने वाली तीन-दिवसीय व्याख्यानमाला का विवरण साझा करते हुए, आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी सुनील आंबेकर ने कहा कि भागवत समाज की मदद से भारत के उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में आरएसएस और उसके स्वयंसेवकों की भूमिका को रेखांकित करेंगे।

## एशिया कप: गिल, जायसवाल और सुदर्शन टीम में जगह बनाने के दावेदार



**नयी दिल्ली :** यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और साई सुदर्शन भारत की एशिया कप टीम में चयन की दौड़ में हैं जिसे अगस्त के तीसरे सप्ताह में चुने जाने की उम्मीद है। जायसवाल और टेस्ट कप्तान गिल व्यस्त कार्यक्रम के कारण पिछले कुछ टी20 मैचों में नहीं खेले हैं लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के बाद एक महीने के आराम के कारण वे इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने सभी विकल्प खुले रखे हैं। भारत अगर 28 सितंबर को होने वाले महाद्वीपीय टी20 टूर्नामेंट के फाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज इसके एक हफ्ते से भी कम समय में शुरू होगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट अहमदाबाद में दो अक्टूबर से खेला जाएगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, 'पांच हफ्ते का ब्रेक है और क्रिकेट नहीं होने के कारण संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन के बावजूद इन तीनों को टी20 टीम में जगह मिलनी चाहिए। एशिया कप में 21 दिनों में अगर कोई फाइनल तक खेलता है तो छह टी20 मैच होंगे और यह काम का अधिक बोझ नहीं है। लेकिन एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय टीम को चुनने की अनुमति मिलने के बाद चयनकर्ता सभी विकल्पों पर सावधानी से विचार करेंगे।' यूएई की पिचों और छह महीने में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए जायसवाल, गिल और सुदर्शन तार्किक रूप से शीर्ष क्रम के अहम खिलाड़ी हो सकते हैं।

## भारतीय सेना एफटी ने त्रिभुवन सेना एफसी को हराया

**जमशेदपुर :** पी क्रिस्टोफर कामेइ के पहले हाफ में किये एकमात्र गोल की मदद से भारतीय सेना एफटी ने दस खिलाड़ियों तक सिमटी त्रिभुवन सेना एफसी को डूरंड कप फुटबॉल ग्रुप सी के मैच में 1-0 से हरा दिया। नेपाल की त्रिभुवन सेना एफसी के तीन मैचों में एक ही अंक रहा जबकि भारतीय सेना के दो मैचों में तीन अंक हैं। भारतीय सेना के लिये क्रिस्टोफर ने 21वें मिनट में गोल दागा।

## शुभमन गिल ने सोच में निरंतरता दिखाई, अच्छी गेंदों का सम्मान किया : तेंदुलकर

**मुंबइ :** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने मंगलवार को कहा कि भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ रिकॉर्डतोड़ 754 रन बनाते हुए सोच में निरंतरता दिखाई और अच्छी गेंदों का सम्मान किया । गिल किसी द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन का सुनील गावस्कर (774) का रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए लेकिन बतौर कप्तान उनका 732 रन का रिकॉर्ड तोड़ा । अब किसी द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले कप्तानों की सूची में वह सर डॉन ब्रैडमेन (810) के बाद दूसरे स्थान पर हैं । तेंदुलकर ने रेडिट पर सिलसिलेवार वीडियो में कहा , शुभमन ने पूरी श्रृंखला में शानदार बल्लेबाजी की । वह ठहरा हुआ, व्यवस्थित और शांतचित्त दिखा । उन्होंने लिखा ,अच्छी बल्लेबाजी के लिये सोच में स्पष्टता और रणनीति होना जरूरी है ।

# लोग आते जाते रहेंगे लेकिन टीम कल्चर हमेशा सुधार से जुड़ा होना चाहिये : गंभीर



**लंदन :** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने ऐसी मजबूत टीम संस्कृति बनाने पर जोर दिया है जिसकी नींव कड़े परिश्रम और प्रदर्शन में सुधार पर टिकी हो और जो खिलाड़ियों को आकर्षित करे, खिलाड़ी भले ही आते जाते रहें। गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ सोमवार को एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी 2-2 से ड्रॉ रहने के बाद ड्रेसिंग रूम में अपने भाषण में अपने विचार रखे। बीसीसीआई द्वारा साझा किये गए वीडियो में उन्होंने कहा,'जिस तरह से यह श्रृंखला खेली गई है, 2-2 एक बेहतरीन नतीजा है। सभी को बधाई।' उन्होंने कहा, 'हमें बेहतर होते रहना है। हम मेहनत करते रहेंगे। हम विभिन्न पहलुओं में अपने खेल में सुधार करेंगे क्योंकि ऐसा करके ही लंबे समय तक क्रिकेट में दबदबा बना सकेंगे।' गंभीर ने कहा, 'लोग आते जाते रहेंगे लेकिन ड्रेसिंग रूम का कल्चर ऐसा होना चाहिये कि लोग उसका हिस्सा बनना चाहें। हम यही बनाना चाहते हैं।' न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया से टेस्ट श्रृंखलाओं में मिली हार के बाद भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही थी और युवा शुभमन गिल ने इंग्लैंड में कमान संभाली थी। उन्होंने कहा, 'शुभकानायें। पूरा मजा लो। कुछ दिन का ब्रेक ले सकते हो क्योंकि आप इसके हकदार हो। आपने जो हासिल किया है, आप इसके हकदार हैं।' हरफनमौला वॉशिंगटन सुंदर को 'इंपैक्ट प्लेयर आफ द सीरिज' पुरस्कार दिया गया जो उन्हें रविंद्र जडेजा ने दिया। सुंदर ने कहा, 'इंग्लैंड में चार मैच खेलकर अच्छा लगा। मैं हमेशा यहां अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था। एक टीम के रूप में हमने हर दिन यही सोचकर खेला। जो ऊर्जा थी खासकर फील्डिंग में, हम हमेशा एक दूसरे के लिये खड़े थे।'

## इंग्लैंड में युवा भारतीय ब्रिगेड के धमाकेदार प्रदर्शन से सीनियर कोहली और रोहित की राह मुश्किल

**बेंगलुरु :** भारत का बेहद कड़े मुकाबले वाली एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में इंग्लैंड को 2-2 से बराबरी पर रोकना टीम में शामिल नए क्रिकेटरों के आत्मविश्वास और देश तथा टीम के लिए अपना सब कुछ झोंकने की निडरता का जश्न था। मोहम्मद सिराज ने लगभग 200 ओवर गेंदबाजी की और अपने थके हुए शरीर को पांच टेस्ट मैच के दौरान अच्छी तरह संभाला। वाशिंगटन सुंदर कभी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटे। यशस्वी जायसवाल ने जरूरत पड़ने पर योगदान दिया, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा प्रभावी नजर आए और साई सुदर्शन ने अपनी दीर्घकालिक उपयोगिता की झलक दिखाई। लेकिन इस शानदार प्रयास का एक और आयाम भी है। इससे सवाल उठता है कि टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली और रोहित शर्मा तथा चोटों से जूझने वाले जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ियों का क्या होगा। कोहली 36 और रोहित 38 साल के हैं और ये दोनों संभवत:



ऑस्ट्रेलिया में तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला और उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में खेलेंगे। इसके बाद इन दोनों को जनवरी-जुलाई 2026 के बीच न्यूजीलैंड (स्वदेश) और इंग्लैंड (विदेश में) के खिलाफ छह एकदिवसीय मैचों में खेलने का मौका मिलेगा। लेकिन क्या ये मुकाबले 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप की उनकी तैयारी के लिए हैं? क्या यह दिग्गज जोड़ी सिर्फ एक प्रारूप और आईपीएल के दम पर इतने लंबे समय तक खेलना चाहेगी? एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'हां, इस पर जल्द ही चर्चा होगी। अगले विश्व कप (नवंबर 2027) के लिए हमारे पास अभी भी दो साल से अधिक का समय है। कोहली और रोहित दोनों तब तक 40 के करीब हो जाएंगे इसलिए इस बड़ी प्रतियोगिता के लिए एक स्पष्ट योजना होनी चाहिए क्योंकि हमने पिछला खिताब 2011 में जीता था। हमें समय रहते कुछ युवाओं को भी आजमाने की जरूरत है।'

## श्रृंखला ड्रॉ कराने के बाद भारतीय खिलाड़ी समूहों में स्वदेश रवाना

**लंदन :** ओवल में श्रृंखला बराबर करने वाली ऐतिहासिक जीत के बाद बड़े जश्न की उम्मीद थी लेकिन भारतीय टीम के सदस्यों ने मंगलवार सुबह स्वदेश के लिए रवाना होने से पहले शांति से समय बिताने का फैसला किया। मोहम्मद सिराज सहित भारतीय टीम के कई सदस्य लंबी और थकाऊ श्रृंखला के पांचवें और अंतिम टेस्ट में नाटकीय जीत के 24 घंटे से भी कम समय बाद एमिरेट्स की उड़ान से रवाना हुए। टीम के सदस्य मंगलवार शाम को दुबई पहुंचेंगे और फिर भारत में अपने-अपने गृहनगरों के लिए उड़ान भरेंगे। अंतिम टेस्ट में जीत के सूत्रधार सिराज दुबई पहुंचने के बाद हैदराबाद के लिए अगली उपलब्ध उड़ान लेंगे। अर्शदीप सिंह और शारदुल ठाकुर भी स्वदेश लौटने वालों में शामिल हैं। कुछ खिलाड़ियों ने ब्रेक के लिए इंग्लैंड में ही रुकने का फैसला किया है। श्रृंखला के रोमांचक अंत के लगभग चार घंटे बाद अर्शदीप और प्रसिद्ध कृष्णा सहित टीम के कुछ सदस्यों को लंदन के बीचों-बीच अपने परिवारों के साथ समय बिताते हुए देखा गया। कुलदीप को पूर्व भारतीय खिलाड़ी पीयूष चावला के साथ घूमते देखा गया। कुलदीप और अर्शदीप को श्रृंखला में कोई मैच खेलने को नहीं मिला। काम के बोझ के प्रबंधन के कारण जसप्रीत बुमराह अंतिम टेस्ट में नहीं खेले और उन्हें मैच के दौरान टीम से रिलीज कर दिया गया। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'कल रात कोई जश्न नहीं मनाया गया। यह एक लंबी और व्यस्त श्रृंखला रही। खिलाड़ियों ने अकेले या परिवार के साथ समय बिताया। अधिकतर खिलाड़ी भारत वापस जा रहे हैं, कुछ कहीं और जा रहे हैं।' दिग्गज खिलाड़ियों रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद इंग्लैंड में श्रृंखला ड्रॉ कराना गिल और उनकी अनुभवहीन टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। भारत का अगला बड़ा मुकाबला अगले महीने यूएई में होने वाला एशिया कप होगा।

## सात भारतीय मुक्केबाजों ने अंडर 19 एशियाई चैम्पियनशिप में पदक पक्के किये



**बैंकॉक :** भारतीय मुक्केबाजों ने अंडर 19 और अंडर 22 एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखा है और मंगलवार को सात महिला मुक्केबाजों ने अपने पदक पक्के कर लिये। अंडर 19 वर्ग में यशिका (51 किलो), निशा (54 किलो), मुस्कान (57 किलो), विनी (60 किलो), निशा (65 किलो), आकांक्षा (70 किलो) और आरती कुमारी (75 किलो) सेमीफाइनल में पहुंच गईं। भारत अंडर 22 वर्ग में एक दर्जन से अधिक पदक पक्के कर चुका है। यशिका ने उजबेकिस्तान की मुख्तसर अलीवा को 3-2 से हराया जबकि निशा ने 54 किलोवर्ग में किर्गीस्तान की मिलाना शिखशाबेकोवा को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने (आरएससी) के आधार पर मात दी। मुस्कान ने उजबेकिस्तान की रूबिया रवशानोवा को सर्वसम्मति से लिये गए फैसले में हराया। विनी ने किर्गीस्तान की अदेलिया किजी को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने पर मात दी। निशा ने 65 किलोवर्ग में चीनी ताइपै की यू एन लि को तीन राउंड के बाद सर्वसम्मति से लिये गए फैसले पर हराया।

## परिवर्तन के दौर की पहली परीक्षा में सफल रही भारतीय टीम



**लंदन :** शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टीम जब लगभग दो महीने पहले इंग्लैंड पहुंची थी तो कुछ प्रमुख सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में उससे ज्यादा उम्मीद नहीं की जा रही थी लेकिन इस टीम ने पांचों टेस्ट मैच में न सिर्फ़ उम्मीदों से बढ़कर प्रदर्शन किया, बल्कि भविष्य के लिए एक बेहतरीन खाका भी पेश किया। विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने और मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के केवल तीन मैच के लिए उपलब्ध रहने के कारण भारतीय टीम से बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं लगाई जा रही थी लेकिन वह परिवर्तन के इस दौर की पहली परीक्षा में सफल रही। दोनों कप्तानों गिल और उनके प्रतिद्वंदी बेन स्टोक्स के शब्दों में 45 दिनों की कड़ी टक्कर के बाद 2-2 की बराबरी शायद एक उचित परिणाम है। भारत ने दो मैच गंवाए, लीड्स में पहला मैच और लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट। इन मैच में भी भारत जीत सकता था लेकिन यही वह सबक है जो युवा खिलाड़ियों को मिला है। भारतीय टीम की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उसने किसी भी मैच में आखिर तक हार नहीं मानी और दो मैच में शानदार वापसी की। इससे टीम के जज्बे का पता चलता है। इस श्रृंखला में यह भी साबित हो गया कि भारतीय टीम का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। गिल ने श्रृंखला में चार शतक की मदद से सर्वाधिक 754 रन बनाकर आगे बढ़कर नेतृत्व किया जिससे अन्य खिलाड़ियों को भी अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली। अपने करियर की शुरुआत सलामी बल्लेबाज के रूप में करने वाले गिल ने बल्लेबाजी क्रम में महत्वपूर्ण चौथे नंबर पर खुद को स्थापित करके भारत की कई चिंताओं को भी दूर कर दिया। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज श्रृंखला के नायक बनकर उभरे।



## जियो फाइनेंशियल सर्विसेज प्रमुख वित्तीय सेवा इकाई बनने को तैयार: के वी कामत



नयी दिल्ली : जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. (जेएफएसएल) के चेयरमैन के वी कामत ने कहा है कि कंपनी प्रौद्योगिकी को अपनाकर और अपने ग्राहकों की उभरती आकांक्षाओं को पूरा कर एक प्रमुख वित्तीय सेवा इकाई बनने के लिए तैयार है। कामत ने जेएफएसएल के शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा, ''हम प्रौद्योगिकी का उपयोग कर वित्तीय सेवाओं को सरल बनाकर और उसकी पहुंच का विस्तार कर एक सकारात्मक शक्ति के रूप में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' कामत ने प्रौद्योगिकी के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि कृत्रिम मेधा इस उद्योग के भविष्य को परिभाषित करने की अपार क्षमता रखती है। उन्होंने कंपनी की सालाना रिपोर्ट में कहा कि यह अति-व्यक्तिगत वित्तीय सलाह को सशक्त बना सकती है, संचालन व्यवस्था को स्वचालित कर सकती है और सटीकता के साथ धोखाधड़ी का पता लगा सकती है। इससे दक्षता के साथ-साथ बेहतर ग्राहक अनुभव भी प्राप्त होगा। कामत ने कहा कि कि वित्तीय सेवाओं का कामकाज भरोसे पर आधारित है। 'हालांकि हम वित्तीय सेवाओं को बेहतर और कुशल बनाने के लिए प्रौद्योगिकी की पूरी क्षमता का उपयोग कर रहे हैं, पर हमें साइबर सुरक्षा उपायों में आवश्यक निवेश करके ग्राहक आंकड़ों और गोपनीयता की सुरक्षा के प्रति सचेत रहना चाहिए।' जेएफएसएल की निदेशक ईशा एम. अंबानी ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा, 'इस वर्ष, हमने अपना पहला लाभांश भुगतान घोषित किया।

## आरबीआई ने विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता खोलने के नियम में किए बदलाव

मुंबई : भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को रुपये में वोस्ट्रो खाता खोलने से जुड़े नियमों बदलाव किया। इसके तहत बैंकों को अब बिना पूर्व अनुमति के विदेशी बैंकों के लिए विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते खोलने की अनुमति दी गयी है। वोस्ट्रो खाता एक घरेलू बैंक द्वारा विदेशी बैंक के लिए खोला गया खाता है। यह खाता घरेलू बैंक की मुद्रा में होता है। रिजर्व बैंक जुलाई, 2022 में भारतीय रुपये में निर्यात/आयात के चालान, भुगतान और निपटान के लिए एक अतिरिक्त व्यवस्था लागू की थी। इस व्यवस्था के तहत, बैंकों को सीमापार व्यापार लेनदेन के निपटान के लिए रिजर्व बैंक की पूर्वानुमति से विदेशी बैंकों के विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता खोलने




की अनुमति दी गई थी। आरबीआई ने बयान में कहा, 'प्रक्रिया की समीक्षा के आधार पर, विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता खोलने के लिए आरबीआई की मंजूरी लेने की आवश्यकता को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है।' बैंक अब भारतीय रिजर्व बैंक से संपर्क किए बिना अन्य (विदेशी) बैंकों के विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता खोल सकते हैं।

# हमारे कई ब्रांड के पास अब भी बढ़ने की काफी गुंजाइश: इमामी के प्रबंध निदेशक



कोलकाता : दैनिक उपभोग की वस्तुएं बनाने वाली कंपनी (एफएमसीजी) इमामी लिमिटेड ने तेज वृद्धि, नवोन्मेषण और दीर्घकालिक मूल्य सृजन के लिए एक खाका तैयार किया है। इमामी के पास बोरोप्लस, नवरत्न, झंडू, केश किंग, स्मार्ट एंड हैंडसम, मेंथो प्लस, डर्मिकूल जैसे ब्रांड हैं। कंपनी के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक हर्ष वी. अग्रवाल ने वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में वैश्विक महामारी, मुद्रास्फीति और अस्थिर मांग जैसी व्यापक आर्थिक चुनौतियों पर काबू पाने के बाद इमामी ने अपनी मुख्य श्रेणियों को मजबूत करने एवं अपनी उत्पाद श्रेणियों को भविष्य के लिए तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा, 'वित्त वर्ष 2024-25 वह वर्ष था जब हमने इस धारणा को पूरी तरह से खारिज कर दिया कि इमामी की मुख्य श्रेणियों की वृद्धि दर अब धीमी व स्थिर हो गई। इन ब्रांड में अब भी वृद्धि की काफी गुंजाइश है और कंपनी इस मौके का फायदा उठाने के लिए आक्रामक रूप से काम कर रही है। इमामी की रणनीति साबुन या टूथपेस्ट जैसी श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करने के बजाय विशिष्ट, अधिक मुनाफे, कम पहुंच वाले क्षेत्रों को बढ़ाने पर केंद्रित है।' अग्रवाल ने कहा कि नवरत्न, डर्मीकूल, बोरोप्लस और केश किंग जैसे प्रमुख ब्रांड का उत्पाद नवाचार के जरिये विस्तार किया जा रहा है। अग्रवाल ने मुद्रास्फीति में नरमी, स्थिर ब्याज दरों, मध्यम वर्ग के लिए कर राहत और अनुकूल मानसून की भविष्यवाणी के दम पर उपभोग के माहौल में सुधार की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा, 'हम भविष्य के लिए तैयार उपभोक्ता कारोबार का निर्माण कर रहे हैं। यह केवल कायाकल्प का चरण नहीं है। यह तेजी से आगे बढ़ने का चरण है। हम तो महज अभी बस शुरुआत कर रहे हैं।'

## मौद्रिक नीति पर निर्णय से पहले सेंसेक्स 308 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 308 अंक टूट गया। वहीं एनएसई निफ्टी में 73 अंक की गिरावट आई। भारतीय रिजर्व बैंक की बुधवार को मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा से पहले बैंक और तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 308.47 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,710.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसमें 464.32 अंक की गिरावट आई थी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मानक सूचकांक निफ्टी भी 73.20 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,649.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 132.45 अंक लुढ़क गया था। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), बीईएल, एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड,



आईटीसी और सन फार्मास्युटिकल प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ टाइटन, मारुति, ट्रेंट, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एनटीपीसी के शेयरों में तेजी रही। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बावजूद घरेलू बाजार एक नकारात्मक दायरे में बने रहे। इस गिरावट में तेल एवं गैस कंपनियां आगे रहीं जिसके पीछे कारण रूसी तेल के आयात को लेकर अनिश्चितता पैदा होना है। दवा और

## नीतिगत ब्याज दर पर आज आएगा एमपीसी का फैसला, बदलाव की संभावना कम

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा बुधवार को चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेंगे। विश्लेषकों का मानना है कि हाल ही में तीन बार में रेपो दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती के बाद इस बार नीतिगत दरों में बदलाव की संभावना कम है। मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में नीतिगत दर पर विचार-विमर्श का सिलसिला सोमवार से ही जारी है। एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसले की घोषणा बुधवार सुबह 10 बजे की जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार रिजर्व बैंक ब्याज दर को लेकर यथास्थिति बनाए रख सकता है। अमेरिका की तरफ से भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बाद आरबीआई अधिक व्यापक-आर्थिक आंकड़ों का इंतज़ार कर सकता है। हालांकि, उद्योग जगत के एक तबके को उम्मीद है कि बुधवार को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत अंक की कटौती की जा सकती है। इस साल फरवरी से लेकर जून तक हुई तीन एमपीसी बैठकों में कुल एक प्रतिशत अंक की कटौती की जा चुकी है। ग्रांट थॉर्नटन भारत में साझेदार विवेक अय्यर ने कहा कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अब भी अस्थिर है और पिछली दर कटौतियों के असर को पूरी तरह देखने के लिए अभी और समय की दरकार है। उन्होंने कहा, सीमा शुल्क से जुड़ी अनिश्चितता के पहलू को आरबीआई पिछली दर कटौती के समय ही ध्यान में रख चुका है। ऐसे में हमें नहीं लगता है कि इसका नीतिगत निर्णय पर तत्काल प्रभाव पड़ना चाहिए। आरईए इंडिया (हाउसिंग डॉट कॉम) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रवीण शर्मा ने कहा कि इस साल पहले ही एक प्रतिशत अंक की कटौती हो चुकी है लिहाजा दरों को स्थिर ही बनाए रखने की उम्मीद है। शर्मा ने कहा, घर खरीदार अब अल्पकालिक ब्याज दरों से कहीं ज्यादा दीर्घकालिक आत्मविश्वास से प्रेरित हैं। रियल एस्टेट डेवलपर भी लचीले भुगतान विकल्पों और सूझबूझ भरे प्रोत्साहनों के जरिये घरों की मांग बनाए हुए हैं।

## न्यूज अपडेट

### सोना 800 रुपये चढ़ा, चांदी में 2,000 रुपये की तेजी

**नयी दिल्ली :** स्टॉकिस्टों की भारी लिवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 98,820 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। राष्ट्रीय राजधानी में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 700 रुपये बढ़कर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। सोमवार को इसकी कीमत 97,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

### रुपया 22 पैसे लुढ़ककर 87.88 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को 22 पैसे मुंह लुढ़ककर 87.88 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत की ओर से रूसी तेल की निरंतर खरीद को लेकर भारतीय वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाने की धमकी के बाद जोखिम से बचने की धारणा बढ़ गई, जो रुपये के लुढ़कने का प्रमुख कारण है।

### इंडसइंड बैंक को पूरी क्षमता तक पहुंचाने में राजीव आनंद करेंगे मदद: अशोक हिंदुजा

**मुंबई :** इंडसइंड बैंक के प्रवर्तक अशोक हिंदुजा ने मंगलवार को कहा कि बैंक के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजीव आनंद बैंक की पूरी संभावनाओं को साकार करने में मदद करेंगे। हिंदुजा ने एक बयान में कहा, इंडसइंड बैंक के प्रवर्तक के रूप में हम उन्हें पूर्ण समर्थन देते हैं और सफलता की शुभकामनाएं देते हैं। फिलहाल अंतरिम प्रबंधन के तहत संचालित हो रहा बैंक जून तिमाही में फिर से लाभ की स्थिति में लौटा है। लेकिन मार्च तिमाही में बैंक ने धोखाधड़ी, गैर-निष्पादित संपत्तियों (एनपीए) को कम करके दिखाने और अन्य खामियों के चलते 2,329 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया था। इन समस्याओं के सामने आने के बाद तत्कालीन सीईओ सुमंत कठपालिया सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद नए सीईओ के तौर पर आनंद की नियुक्ति हुई है।

### आदित्य इन्फोटेक का शेयर पहले दिन के कारोबार में 61 प्रतिशत चढ़ा

**नयी दिल्ली :** 'सीपी प्लस' ब्रांड के तहत वीडियो सुरक्षा और निगरानी उत्पाद प्रदान करने वाली कंपनी आदित्य इन्फोटेक का शेयर मंगलवार को 675 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले लगभग 61 प्रतिशत बढ़त के साथ बंद हुआ। कंपनी के शेयर की शुरुआत एनएसई में निर्गम मूल्य से 50.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,015 रुपये पर हुई। दिन के कारोबार में यह 63.55 प्रतिशत बढ़कर 1,104 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बाद में कंपनी का शेयर 60.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,085 रुपये पर बंद हुआ। बीएसई में, शुरुआती कारोबार में यह 50.81 प्रतिशत बढ़कर 1,018 रुपये पर पहुंच गया। बाद में कंपनी का शेयर 60.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,084.10 रुपये पर बंद हुआ।

### जियोब्लैकरॉक एएमसी लाया एनएफओ, 12 अगस्त को होगा संपन्न

**नयी दिल्ली :** जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने नई कोष पेशकश (एनएफओ) के माध्यम से पांच इंडेक्स फंड के अपने पहले समूह को पेश करने की मंगलवार को घोषणा की। जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जेएफएसएल) और अमेरिका स्थित ब्लैकरॉक के बीच 50:50 संयुक्त उद्यम है। कंपनी ने बयान में कहा कि एनएफओ पांच अगस्त 2025 को शुरू होगा और 12 अगस्त 2025 को संपन्न होगा।

वर्ष 10, पूर्णांक 3319 अंक 129, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in